

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

web: www.rashtriyakhabar.com

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 290 epaper.rashtriyakhabar.com आश्विन, शुक्लपक्ष नवमी, विक्रम संवत 2080

## शारदीय नवरात्र

**नवमम् सिद्धिदात्री**



सिद्धगन्धर्वयक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि।
सेव्यमाना सदा भूयात सिद्धिदा सिद्धिदायिनी॥

## विदुर नीति

यः प्रमाणं न जानाति स्थाने वृद्धां तथा क्षये।
कोशे जनपदे दंडे न स राज्यऽवतिष्ठते॥

**भावार्थ** : जो राजा अपनी स्थिति, वृद्धि, नाश, कोष/खजाना, देश तथा दंड आदि के विषय में जानकारी नहीं रखता वह सिंहासन पर बैठा नहीं रह पाता। अर्थात् उसे राज्य से हाथ धोना पड़ता है।

### छुट्टी की सूचना

पाठकों, विज्ञापनदाताओं, शुभेच्छुओं को शारदीय दुर्गोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं। राष्ट्रीय खबर हमारी नजर का कार्यालय 23 व 24 अक्तूबर को बंद रहेगा। अतः आपको आपके प्रिय अखबार का अगला अंक 26 अक्तूबर को मिलेगा।
- संपादक

### रांची पारा अपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 27.00 °c | 15.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 17.16 बजे
सूर्योदय (कल) ›› 05.49 बजे

## सियाचिन में एक अग्निवीर की मृत्यु

**श्रीनगर**: सेना ने रविवार को उस अग्निवीर को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की, जिसने दुनिया के सबसे ऊंचे युद्ध-क्षेत्र लद्दाख में सियाचिन ग्लेशियर पर ड्यूटी के दौरान अपनी जान गंवा दी। अग्निवीर की पहचान संचालक गावटे अक्षय लक्ष्मण के रूप में की गई है। सेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, फायर एंड फ्यूरी कोर के सभी रैंक सियाचिन की कठिन ऊंचाइयों पर ड्यूटी के दौरान (ऑपरेटर) गावटे अक्षय लक्ष्मण के सर्वोच्च बलिदान को सलाम करते हैं और परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं।

# एक मस्जिद पर इजरायल का हवाई हमला

- मस्जिद के नीचे बंकर बनाया गया था
- हथियार और बारूद एकत्रित था वहां पर
- इजराइल ने प्रवेश द्वार की फोटो जारी की

**राष्ट्रीय खबर**

**गाजा**: इजराइल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने वेस्ट बैंक मस्जिद में हवाई हमले शुरू किए। उनका दावा है कि हमास और फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद (पीआईजे) संगठन ने मस्जिद पर हमला करने की योजना बनाई। आईडीएफ ने रविवार सुबह वेस्ट बैंक में अल-अंसार मस्जिद में हवाई हमले शुरू किए। खुफिया सूत्रों के अनुसार, उन्हें यह खबर मिली कि हमास ने मस्जिद में एक कमांड सेंटर का निर्माण किया। और यहाँ से इजराइल के सभी हमलों की योजना बनाई गई थी। उसके बाद, इस तरह के हमले किए गए। इजराइल ने शनिवार को वेस्ट बैंक शरणार्थी शिविर में एक हवाई हमला किया। हालांकि, हमले में लोगों की संख्या की मृत्यु अभी तक स्पष्ट नहीं है। अनुमान लगाया गया है कि इस हवाई हमले में 50 से अधिक लोग मारे गये हैं। हालांकि, फिलिस्तीनी रेड क्रेसेन्ट ने दावा किया कि हमले में एक फिलिस्तीनी की मौत हो गई। कई लोग घायल हो गए। आईडीएफ का दावा है कि हमास और पीज लंबे समय से उग्रवादी गतिविधि के लिए मस्जिद का उपयोग कर रहे थे।









नवरात्रि, विजयदशमी, दीपावली एवं महान पर्व छठ की
हार्दिक शुभकामनाएँ।



# राम नरेश प्रसाद

प्रधानाध्यापक

खाप मध्य विद्यालय, कन्हौली, सोनबरसा

---



नवरात्रि, विजयदशमी, दीपावली एवं महान पर्व छठ की
हार्दिक शुभकामनाएँ



गायत्री देवी
उपमहापौर नगर निगम बेतिया
पश्चिम चम्पारण

रमण गुप्ता
उपमहापौर
पुत्र सह प्रतिनिधि

---



नवरात्रि, विजयदशमी, दीपावली एवं महान पर्व छठ की
हार्दिक शुभकामनाएँ



उधो कुशवाहा
कुशल युवा प्रोग्राम शिक्षक

विपुल कुमार
बगहा–2, प.चम्पारण

---

नवरात्रि, विजयदशमी, दीपावली एवं महान पर्व छठ की
हार्दिक शुभकामनाएँ।



# प्रमोद उपाध्याय

उर्फ डब्ल्यू पहलवान,
समाजसेवी

नगर परिषद बगहा, पश्चिम चम्पारण

---

नवरात्रि, विजयदशमी, दीपावली एवं महान पर्व छठ की
हार्दिक शुभकामनाएँ।



# अर्जुन गुप्ता

समाजसेवी

मरिचहवा, मधुबनी प्रखण्ड, बगहा, पश्चिम चम्पारण

---

नवरात्रि, विजयदशमी, दीपावली एवं महान पर्व छठ की
हार्दिक शुभकामनाएँ।



# सजीवानी हॉस्पिटल बसी

Dr. I C Chaubey

---

नवरात्रि, विजयदशमी, दीपावली एवं महान पर्व छठ की
हार्दिक शुभकामनाएँ।



# सतीश चंद माधव

इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष

साइबर थाना बेतिया, पश्चिम चंपारण

---

नवरात्रि, विजयदशमी, दीपावली एवं महान पर्व छठ की
हार्दिक शुभकामनाएँ।



# पद्मश्री भागीरथी देवी

(विधायक)
वरीय महिला नेत्री, रामनगर

विधानसभा क्षेत्र, पश्चिम चम्पारण

---

नवरात्रि, विजयदशमी, दीपावली एवं महान पर्व छठ की
हार्दिक शुभकामनाएँ।



# डॉ. मंतोष कुमार साहनी

निदेशक – उर्मिला सेवा केंद्र
कोटवा साहनी मार्केट

जिला अध्यक्ष– जदयू अति पिछड़ा प्रकोष्ठ पूर्वी चंपारण

---

नवरात्रि, विजयदशमी, दीपावली एवं महान पर्व छठ की
हार्दिक शुभकामनाएँ।



# खैरून निशा

नगर परिषद बिक्रमगंज
वार्ड नं० 27, वार्ड पार्षद

थाना–बिक्रमगंज, जिला रोहतास

## पिंटू दास के हत्यारे को शीघ्र गिरफ्तार करें गया पुलिस: जितेंद्र

**गया :** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बाराडीह के निवासी पप्पू रविदास के 19 वर्षीय पुत्र पिंटू दास के अज्ञात अपराधियो द्वारा गोली मारकर हत्या किए जाने की घटना पर जिला जनता दल यू के उपाध्यक्ष सह जिला सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति अनुजाति/ जनजाति अत्याचार निवारण के सदस्य जितेंद्र कुमार,अधिवक्ता ने वजीरगंज पुलिस उपाधीक्षक से बात कर अभिलम्ब दोषियों को चिन्हित कर गिरफ्तारी की मांग की है।कुमार ने कहा कि इस घटना को न्यायिक जांच के लिए राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष एवं जिला पदाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक से टीम गठन कर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है। कुमार ने कहा कि मृतक के पिता सेंट्री मिस्त्री और मृतक मजदूरी का काम करते थे। मृतक का परिजन गरीब परिवार से संबंध रखता है। उनकी हत्या की जाने से परिवार के लोग सदमें में डूबे हुए हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से मृतक के आश्रितों दस लाख रुपए की मुआवजा राशि देने की मांग की है।

# आस्था : महाष्टमी पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया शीतला माता की आरती

## पिछले 17 वर्षों से महाष्टमी पर करने आते हैं देवी की आराधना

राष्ट्रीय खबर

**पटना :** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सभी पूजा आयोजनों में अक्सर शामिल होते हैं। वहीं, प्रतिवर्ष नवरात्रि पर मुख्यमंत्री द्वारा विभिन्न पूजा स्थलों पर जाकर शक्तिस्वरूपा मां दुर्गा की पूजा-अर्चना करते हैं। लेकिन, राजधानी के कुछ खास जगहों पर पूजा करना वे कभी नहीं भूलते। ऐसा ही एक देवी मंदिर पटना में स्थित है, जहाँ हर वर्ष सीएम नीतीश जरुर से देवी की पूजा करने जाते हैं। विशेषकर वर्ष 2005 में मुख्यमंत्री बनने के बाद से वे हर साल पटना के जिस प्रमुख देवी मंदिर में आराधना के लिए जाते हैं वह शीतला माता मंदिर है। जिनकी प्रसिद्धि जग जाहिर है। सीएम यहां पिछले 17 वर्ष से महाष्टमी को आते रहे हैं। इस दौरान वे देवी की पूजा विधि-विधान से करते हैं। इस बार भी सीएम नीतीश रविवार को सुबह-सुबह सबसे पहले महाष्टमी



की पूजा करने शीतला माता मंदिर पहुंचे। उन्होंने यहां देवी की पूजा, पुष्पांजलि, आरती सहित विविध प्रकार के शास्त्रोक्त विधान किए और देवी शीतला को नमन किया. शीतला माता मंदिर पटना के सबसे पुराने देवी मंदिरों में एक है। इस मंदिर और यहां स्थिर कुएं को लेकर कई प्रकार की लोक मान्यता और दंत कथाएं हैं। नवरात्री के दौरान यहां हर दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं और देवी की पूजा करते हैं। ऐसे में सीएम नीतीश भी यहां देवी की पूजा करने आते हैं। दरअसल, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नवरात्रा पर्व की महाअष्टमी के दिन अगमकुआँ स्थित शीतला माता मंदिर के अतिरिक्त पटना सिटी स्थित बड़ी पटनदेवी मंदिर एवं छोटी पटनदेवी मंदिर जाकर पूजा अर्चना की। पुरोहितों ने मंत्रोचार के साथ मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को विधिवत पूजा करायी। उन्होंने माँ शीतला देवी, मॉ बड़ी पटनदेवी एवं मॉ छोटी पटनदेवी से राज्य की सुख, शांति, समृद्धि एवं प्रगति की कामना की। मुख्यमंत्री ने मारूफगंज स्थित श्री श्री बड़ी देवी जी तथा श्री श्री दलहट्टा देवी जी जाकर माँ भगवती दुर्गा की भी पूजा अर्चना की। सीएम नीतीश कुमार को मारूफगंज मारवाड़ी सेवा समिति द्वारा अंगवस्त्र, पाग एवं प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। पूजा अर्चना के दौरान वित्त, वाणिज्य एवं संसदीय कार्यमंत्री विजय कुमार चौधरी सहित कई अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## अष्टमी तिथि को भी पंडालों व मंदिरों में दर्शन-पूजन को उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



### पूजा पंडालों में अष्टमी को उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

राष्ट्रीय खबर

**जगदीशपुर/भोजपुर :** भोजपुरी के पावर स्टार पवन सिंह के अड़हुल के फूल' देवी आराधना गीत से पूरा जगदीशपुर ,बिहिया और शाहपुर भक्तिमय हो गया है। चहुंओर भक्ति के उल्लास और मां के जयकारे लग रहे है। नवरात्रि के दौरान मां के दरबार खुलने के बाद अष्टमी तिथि को श्रद्धालुओं का हुजूम मां का आशीर्वाद पाने के लिए लालायित दिखे। श्रद्धा व भक्ति के साथ शक्ति की उपासना का पर्व नवरात्रि रविवार से अपने उत्कर्ष पर पहुंच गया। विधिवत पूजन-अर्चन के साथ मां के दरबार आम भक्तों के लिए खुल गए हैं। पंडालों में जय मां जगदम्बा,और जय मां दुर्गे जैसे जयघोष के बीच प्रातकालीन और सायंकालीन आरती हो रही है। नगर में झंझरिया पोखरा के पास श्री कला परिषद दुर्गा पुजा समिति की ओर से इस बार भी लाइट व साउंड पर आधारित मां दुर्गा की प्रतिमा का दीदार भक्त कर रहे हैं। लाइट और साउंड पर आधारित राक्षस के गुस्सा करते ही माता ने राक्षस का संहार करते नजर आ रही है। इधर सभी संपर्क पथों में सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल की तैनाती की गई है। इनके साथ दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी भी ड्यूटी बजा रहे हैं। वही सड़कों पर लोगों की आवाजाही के बीच मेला-सा नजारा देखने को मिला। प्रतिमा स्थल के आस-पास मेले में खिलौने सहित चाट-मिठाई आदि की दुकानें सजी रही। पूजा को लेकर एसडीएम संजीत कुमार और एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह ने भ्रमण कर विधि-व्यवस्था की जानकारी लिया की। इस दौरान दोनो अधिकारियों ने अनुमंडल क्षेत्र के जगदीशपुर,बिहिया और अधिकारियों से बातचीत किया।

## नारी शक्ति के सम्मान का प्रतीक है दुर्गा पूजा:मणिलाल बारिक

### मातृशक्ति आराधना सह डांडिया नृत्य समारोह आयोजित

राष्ट्रीय खबर

**गया :** अन्तरराष्ट्रीय हिंदू परिषद की सहयोगी शाखा ओजस्विनी के बैनर तले महापर्व नवरात्रि के सुअवसर पर ओजस्विनी जिलाध्यक्षा डॉ (प्रो) कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी के नेतृत्व में बाईपास रोड स्थित पंजाबी भवन में ₹मातृशक्ति आराधना-सह-डांडिया नृत्य समारोह₹ का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ देवी दुर्गा के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन, पुष्पांजलि तथा माल्यार्पण के साथ हुआ। ओजस्विनी के कार्यों तथा विभिन्न आयोजनों में सतत रूप से सहयोग देने हेतु मुख्य अतिथि श्री विष्णुपद मंदिर प्रबंधकारिणी समिति के सदस्य मणिलाल बारिक, अहिप, दक्षिण बिहार के प्रांत महामंत्री राम



बारीक, कार्याध्यक्ष मुक्तामणि, राष्ट्रीय महिला परिषद की संरक्षक रजनी त्यागी, ओजस्विनी की जिलामंत्री अमीषा भारती, महामंत्री शिल्पा साहनी एवं कोषाध्यक्ष प्रतिज्ञा कुमारी, मीडिया प्रभारी अश्विनी कुमार, राष्ट्रीय बजरंग दल के मंत्री संदीप पांडेय एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के मानपुर प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार को डॉ रश्मि ने भगवा अंगवस्त्र प्रदान करके सम्मानित किया। ओजस्विनी से जुड़ी बहनों ने भक्ति गीतों पर डांडिया नृत्य की मनभावन प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मणिलाल बारिक ने नवरात्रि पर्व के महत्ता पर कहा की माता दुर्गा की पूजा नारी शक्ति के सम्मान का प्रतीक है। समाज में नारी शक्ति का योगदान महत्वपूर्ण है।बेटियों और नारियों का सम्मान ही मां की सच्ची पूजा है। दशहरे के दिन हम तीन पुतलों को जलाकर वर्षों से चली आ रही परंपरा को तो निभा देते हैं लेकिन हम अपने मन से झूठ, कपट और छल को नहीं निकाल पाते। हमें दशहरे के असली संदेश को अपने जीवन में भी अमल करना होगा तभी त्योहार सार्थक बन पाएगा। उन्होंने सनातन हिंदू संस्कृति को जीवंत बनाए रखने के लिए ओजस्विनी के द्वारा किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। डॉ. रश्मि ने ओजस्विनी तथा अन्तरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद की ओर से समस्त जिलावासियों को नवरात्रि की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि नवरात्रि मनाना तभी सार्थक है, जब परिवार तथा समाज में माँ, बहन, बहू व बेटियाँ आत्मसम्मान के साथ स्वस्थ, समृद्ध तथा प्रसन्न जीवन जी रही हों।

## सड़कों पर अतिक्रमण का नजारा देखना हो तो आपका हवेली खड्गपुर अनुमंडल में स्वागत है ...

### क्या जिला मुख्यालय के बाद अनुमंडल मुख्यालय को मिलेगी अतिक्रमण से मुक्ति

शिव शंकर

**टेटिया बंबर/मुंगेर :** स्थाई और अस्थाई अतिक्रमण वर्षों से हवेली खड़गपुर बाजार के लिए एक लाइलाज बीमारी बन कर रह गया है, लिहाजा नगरवासियों के नस्तर में यह हमेशा नासूर बन कर चुभता रहा है। खासकर बीच सड़कों पर ठेलों पर सजी फल और सब्जियों की अस्थाई दुकानों से प्रायः मुख्य बाजार में जाम की स्थिति लगी रहती है। उत्तर की दिशा से शहर में पांव रखते ही नंदलाल बसु चौक से लेकर लालू एकता पार्क तक आपको जाम ही जाम दिखेगा इसी तरह पश्चिम और दक्षिण दिशा से शहर में प्रवेश करने पर अंबेदकर चौक से



लेकर पुरानी चौक तक आपको चलने के बजाय रेंगने को मजबूर होना पड़ेगा । इन पथों पर सड़कों के किनारों को अतिक्रमित कर बनी दुकानें और जहां-तहां लगा ठेला हर कदम पर सुगम यातायात को अवरुद्ध किये रहती है। मुख्य बाजार में प्रवेश करने वाली लगभग 20 फीट चौड़ी पुरानी मनी पुल पर पूरे दिन अस्थाई दुकानें सजी रहती हैं लिहाजा इस रास्ते से फोर व्हीलर कौन कहे बाइक से भी जाने में आपके पसीने छूट जाएंगे। पिछले वर्ष मार्च माह में कड़ी मुस्तैदी और प्रशासनिक सख्ती से शहर में अतिक्रमण मुक्ति अभियान पूरे जोर-शोर से प्रारंभ हुआ।अभियान के पहले ही दिन 12 मार्च को कटरा मार्केट के एक दर्जन दुकानों को जेसीबी के सहारे उखाड़ फेंका गया। इस अभियान में दुकानदारों को व्यापक क्षति भी हुई ।बावजूद प्रभावित व्यवसाइयों को छोड़ दे तो शहरवासियों ने इसकी सराहना की ।बाद में यह अभियान अपनी दिशा से भटक कर राजनीति की भेंट चढ़ गया।लिहाजा बिना बृहत्तर कार्य योजना व रणनीति के अतिक्रमण मुक्ति अभियान मुकाम पर पहुंचने के पहले ही दम तोड़ गया। इससे पूर्व भी अबतक दर्जनों बार शहर से अतिक्रमण हटाने का अभियान चला, लेकिन हर बार यह सिर्फ तमाशा बन कर रह गया। अब तो अतिक्रमण हटाने की चर्चा होते ही जिम्मेवारों की घिग्घी बंध जाती है। अब जबकि मुंगेर शहर में अतिक्रमण मुक्ति अभियान युद्धस्तर पर जारी है तो खड़गपुरवासियों को भी एक बार उम्मीद दिख रही है कि शायद मुंगेर आयुक्त की पहल पर प्रारंभ हुआ यह अभियान इस शहर को भी रहने और चलने लायक बना देगा।

## यूपी-बिहार सीमा स्थित बांसी नदी तट पर कार्तिक पूर्णिमा को होती है श्रद्धालुओं की भीड़

राष्ट्रीय खबर

### माता सीता व प्रभु राम ने किया था स्नान

राष्ट्रीय खबर

**बगहा प.च. :** यूपी-बिहार सीमा स्थित बांसी नदी घाट का मधुबनी प्रखंड प्रमुख सह जिला भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष विजया सिंह ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भगवान श्री रामचंद्र जनकपुर में माता सीता से विवाहोपरांत जब वापस अयोध्या जा रहे थे तो आने के क्रम में यूपी बिहार की सीमा बांसी नदी घाट पर रात्रि विश्राम किया था। सुबह इसी नदी में पूरी बाराती सहित उन्होंने स्नान किया था। उस समय के बाद से हर एक वर्ष कार्तिक पूर्णिमा के दिन लाखों श्रद्धालुओं की भारी भीड़ इक्कट्ठा हो नदी में स्नान दान करने की परंपरा बन



गई। साथ ही यूपी सीमा तथा बिहार के सीमावर्ती क्षेत्रों में मेले तथा सनातन संस्कृति के आधार पर भक्ति संगीत का आयोजन भी किया जाता है। बहरहाल यूपी की सरकार ने अपने सीमा के क्षेत्रों इस बांसी नदी घाट को पर्यटन स्थल घोषित किया है। मेले के अवसर पर स्थानीय कुल 8 विधायक सांसद पर्यटन मंत्री उत्तरप्रदेश तथा जिलाधिकारी, एसपी एसडीएम सहित पुलिस बल की तैनाती सुरक्षा के लिहाज से बेहतरीन व्यवस्था की जाती है। इसी दौरान 14 अक्टूबर को बिहार सरकार के तरफ से बगहा अनुमंडल क्षेत्र के धनहा पंचायत के बैरा बाजार में जन संवाद आयोजित कार्यक्रम के दौरान मंच से बांसी नदी की जीर्णोद्धार करने के लिए प.चंपारण जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय से उक्त नदी घाट की साफ सफाई ,अतिक्रमण मुक्त तथा जीर्णोद्धार करने की गुहार लगायी गयी। इस संदर्भ में डीएम ने इस प्रकरण को बेहतर ढंग से जांच कर अविलंब करवाई करने का स्थानीय प्रशासन को निर्देश दिया। साथ ही बिहार सीमा के क्षेत्र में गंगा आरती करने की भी बात बताई गई। जिसको लेकर डीएम ने ऐतिहासिक गंगा आरती में सम्मिलित होने की हामी भरी। बतादें कि बिहार सरकार की उदासीनता के कारण नदी घाट का अस्तित्व खतरे में है। यदि यूपी सरकार के द्वारा लिए गए निर्णयों के आधार पर बेहतर रख रखाव तथा बेहतर पहल पर बांसी नदी घाट का सौन्दरीकर्ण बेहतर हुई है। यदि, बिहार सरकार अपने सीमा क्षेत्र के अंदर यह कार्य करती है तो सोने पर सुहागा वाली उक्ति होगी।

## विधायक ने सड़क का किया उद्घाटन, लोगों में हर्ष



राष्ट्रीय खबर

**जगदीशपुर/भोजपुर :** विधानसभा क्षेत्र के विधायक राम विशुन सिंह उर्फ लोहिया ने विधानसभा क्षेत्र के अगियांव बाजार गांव में विधायक निधि से निर्मित पीसीसी सड़क ( अगियांव बाजार - कोआथ पथ से लुटावन पासवान के घर तक) का फीता काट कर उद्घाटन किया। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा विधायक को फूल मालाओं और अंगवस्त्र देकर भव्य स्वागत किया गया क अगियांव बाजार ग्राम के लोगों ने इस सराहनीय कार्य के लिए विधायक का प्रशंसा कर धन्यवाद दिया। इस मौके पर चंदेश्वर सिंह, मदन सिंह, धन जी सिंह, दीपक सिंह, मनोज सिंह, धनलाल सिंह, हीरालाल सिंह, दीनानाथ सिंह व्यास, जगलाल मास्टर साहब, राम बाबू प्रसाद, सुनील राय, उमेश यादव, बबन पासवान सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## सहोदरा, पटजीरवा, कालीधाम, दुगार्बाग समेत दर्जनों ऐतिहासिक प्रसिद्ध मन्दिर में पहुंचते हैं श्रद्धालु

**बेतिया :** पश्चिम चम्पारण जिला में कई ऐतिहासिक स्थल हैं, जहां माता का मंदिर हैं, वहां भक्त श्रद्धापूर्वक नवरात्र मानते हैं। जिला के थारु बाहुल्य थरुहट में स्थित सहोदरा माई स्थान है। पाल युगीन इतिहास को समेटे भारत और नेपाल के थारु और तराई क्षेत्र बिहार, उत्तर प्रदेश और नेपाल की जनता श्रद्धापूर्वक चढ़ावा चढ़ाते हैं। वहां कई प्रकार के चढ़ावा चढ़ाते श्रद्धालु दिखते हैं। बकरा की बलि, कान काटकर छोड़ना, पूंछ काटकर छोड़ना, कबूतर (परेवा) का पर कतरना, कबूतर उड़ाने की परम्परा आदि काल से चली आ रही है। सहोदरा माता की प्रसिद्धि नेपाल और भारत में है, जहां दोनों देश के श्रद्धालु श्रद्धा पूर्वक पहुंचते हैं। पटजीरवा माई स्थान की महत्ता भाई कतई कम नहीं है। बताया जाता है कि वहां भी श्रद्धालु युपी और बिहार से वर्ष भर आते जाते हैं और उनकी मन्नते पूरी हो जाती है। गंडक नदी के किनारे स्थित पटजीरवा माई स्थान के बारे में बताया जाता है कि इस शक्ति स्थल को गंडक नदी कभी कटाव की चपेट में नही ले सकी, जबकि अगल बगल के गांव व घर गंडक ने अपनी आगोश में समा लिया। बेतिया राज घराना निर्मित ऐतिहासिक काली धाम मंदिर, दुगार्बाग मन्दिर, लौरिया स्थित जीरिया बंगालीन भवानी माई स्थान समेत कई अन्य माई स्थान हैं। जहां भक्त और श्रद्धालु अपने को श्रद्धावनत रहते हैं।

## अपरंपार है मां तारा की महिमा, पूरी होती है भक्तों की मनोकामना

### महर्षि कश्यप ऋषि ने कराया था मंदिर की स्थापना

#### शक्तिपीठ के रूप में विख्यात है तारा देवी का मंदिर

अश्वनी कुमार

**गया :** गया जिला मुख्यालय से 35 किलोमीटर एवं टिकारी प्रखंड से 11 किलोमीटर उत्तर दिशा में स्थित ग्राम केसपा गांव में लोक आस्था का महाकेंद्र माँ तारा देवी मंदिर स्थित है। प्राचीन काल में इसी स्थान पर महर्षि कश्यप का आश्रम था, एवं उन्हीं के नाम पर इस स्थल का नाम कश्यपपुरी कहलाया, जो कालांतर में अपभ्रंश होकर केसपा के नाम से जाना जाता है। मान्यता है कि महर्षि कश्यप ऋषि के द्वारा ही माँ तारा देवी मंदिर का निर्माण कराया गया था। आज भी उसी पुराना मंदिर में माँ तारा देवी विराजमान है। जब देवताओं और दानवों ने मिलकर समुद्र मंथन प्रारंभ किया और भगवान कच्छप के एक लाख योजन चौड़ी पीठ पर मन्दराचल पर्वत घूमने लगा।तब सबसे पहले समुद्र मंथन से हलाहल विष निकला। उस विष की ज्वाला से सभी देवता तथा दैत्य जलने लगे। उनकी कान्ति फीकी पड़ने लगी और मूर्क्षित होने लगे थे। इस पर सभी ने मिलकर भगवान शंकर की प्रार्थना किया। उनकी प्रार्थना पर महादेव जी उस विष को हथेली पर रख कर जन कल्याण हेतु पी गये, किन्तु उन्होंने उस विष को कण्ठ से नीचे नहीं उतरने दिया। उस विष के प्रभाव से शिव जी का कण्ठ नीला पड़ गया और वह अर्ध निद्रा में चले गए। भगवान शिव की अवस्था को देखकर पूरे जगत में चारों ओर हाहाकार मच गया , तभी माँ



तारा प्रकट हुईं,एवं एक छोटे बालक की तरह महादेव को गोद में उठा लिया। फिर माँ तारा ने महादेव को अपना दूध पिलाया। दूध पीते ही महादेव की अर्ध निद्रा टूट गई और महादेव ने माँ तारा को प्रणाम किया। इस तरह माँ तारा देवी महादेव शिव शंकर की माँ हो गईं,तभी से तीनों लोकों में माँ तारा देवी की पूजा आरंभ हो गई। मंदिर परिसर में एक त्रिभुजाकार विशाल हवन कुण्ड है, जिसमें सालों भर आहुति डाली जाती है। माँ तारा का यह हवनकुंड कभी नहीं भरता। इस हवनकुंड से आज तक कभी राख कभी निकाली गई है। आज के वैज्ञानिक युग में यह हवन कुंड अपने आप में कई अलौकिक रहस्य को छुपाए हुए है। इस मंदिर को शक्तिपीठ के रूप में जाना जाता है। शारदीय व वासन्तिक नवरात्र के दौरान इस मंदिर में हजारों की संख्या में श्रद्धालु माता का दर्शन करने आते है। नवरात्र में माँ तारा देवी की विशेष पूजा अर्चना की जाती है।इस अवसर पर श्रद्धालुओं व भक्तजनों द्वारा देवी के समक्ष घी के दिए जलाते हैं जो नौ दिन तक अनवरत जलता रहता है। मां तारा की महिमा अपरंपार है।इनके दर्शन- पूजन करने से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती है। सन 1992 में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने भी मां तारा के दरबार में आकर अपना शीश झुकाया था। प्राचीन काल में इस मंदिर में बलि प्रथा की परंपरा थी, लेकिन महान यात्राकार व धर्मज्ञाता राहुल संस्कृत्यान एवं धर्म ज्ञात वीर रामचंद्र के आह्वान पर ग्रामीण पारस सिंह व प्रयाग नारायण सिंह ने अन्य ग्रामीणों के मदद से इस मंदिर में बलि प्रथा का अंत कराया। बताते चलें कि गया व आसपास के क्षेत्र में तारा देवी का मंदिर धार्मिक व लोक आस्था का प्रमुख केंद्र है, जो शक्तिपीठ के रूप में विख्यात है।

## अपने पुनर्उद्धार के इंतजार में नाले में तब्दील हो रहा है पवित्र बांसी नदी

### मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम ने माता जानकी के साथ किया था स्नान, आज है हालत दयनीय

बिट्टू चौबु

**बगहा/मधुबनी :** कहावत है की ₹सौ काशी व एक बांसी₹ का पुण्य सामान्य होता है। बिहार व उत्तर प्रदेश के मध्य सीमा से होकर गुजरने वाली बांसी नदी के बारे मे कई कहानियां प्रचलित है जो उसके महिमा का बखान करते हैं। अनुमंडल अंतर्गत मधुबनी प्रखंड के आखिरी छोर व यूपी को छुकर बहने वाली प्राचीन नदियों में से एक बांसी नदी आज खुद पर आंसु बहाने को मजबुर है। देखभाल के अभाव में यह प्राचीनतम नदी अब नाला में बदल चुकी है। आज भी माघ में स्नान के लिए लोगों की भीड़ उमड़ती है। नदी सूख कर नाला बनने पर अग्रसर यह नदी



जलकुंभी और गंदगी से भरी पुनर्उद्धार के लिए अपने मसीहा की बाट जोह रही है। हालांकि बीते दिनों जिलाधिकारी के जन संवाद कार्यक्रम में मधुबनी प्रखंड प्रमुख विजया सिंह के द्वारा बांसी नदी की साफ सफाई और पुनरुद्धार के लिए एक लिखित आवेदन जिलाधिकारी को सौंपते हुए आग्रह किया गया था। जिस पर जिलाधिकारी ने सकारात्मक आश्वासन तो दिया मगर अभी तक उसे पर कोई अमल होता हुआ नजर नहीं आ रहा है।

मालूम हो कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन लाखों श्रद्धालु यहां स्नान करने और पूजा अर्चना करने आते हैं। जहां पर घोर असुविधा होने के बाद भी श्रद्धालुओं की भक्ति में कोई कमी नहीं होती। माघ नजदीक है मगर अभी तक घाट की साफ-सफाई को लेकर कोई पहल नहीं होना चिंताजनक है। पिपरासी में यूपी प्रशासन ने यूपी की तरफ से सफाई कराया व अतिक्रमण हटाने की बात कही। इसी बीच लोगों के विरोध पर बेतिया जिला प्रशासन ने इस पर रोक लगा दी और मापी करने के बाद सफाई की बात कही। लेकिन बेतिया जिला प्रशासन की ओर से इसकी सफाई को लेकर कोई पहल नहीं किया गया। देखते-देखते कार्तिक पूर्णिमा का स्नान महज एक माह बचा है। बांसी नदी के पुनर्उद्धार के लिए मधुबनी प्रखंड प्रमुख विजया सिंह के द्वारा जिलाधिकारी से अपील की गई है जिसपर जिलाधिकारी ने सकारात्मक आश्वासन दिया है।

## काराकाट प्रखंड में खुले में शौच को लेकर चला धर-पकड़ अभियान

**काराकाट (रोहतास);** काराकाट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत किरहीं के विभिन्न गांवों में शुक्रवार की देर संध्या और रविवार की सुबह ग्राम पंचायत सिकरियां के विभिन्न गांवों में काराकाट प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड स्वच्छता पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह के द्वारा ग्राम पंचायत किरहीं निज ग्राम , बदिलाडीह, आमौरा, रामपुर एवं नावाडीह इत्यादि जगहों पर खुले में शौच करने वाले को सख्त चेतावनी देकर छोड़ा गया और चेतावनी दिया गया कि अगर कोई भी महिला व पुरूष खूले में शौच करते पकड़े जाएंगे तो उन्हें नियमानुसार आर्थिक दंड लेकर ही छोड़ा जाएगा । साथ ही सभी जनप्रतिनिधियों से प्रखंड प्रशासन के प्रयास में भागीदारी निभाते हुए आगे बढ़कर इस कुप्रथा को समाप्त करने के लिए सार्थक सहयोग करने के लिए अपील की गयी। मौके पर काराकाट बीडीओ राहुल कुमार सिंह , शिक्षक अनिल कुमार पासवान , श्याम बिहारी सहित प्रशासन के लोग उपस्थित थे ।

# रामलीला : दूसरे दिन पुष्प वाटिका, धनुष यज्ञ और केवट राम का हुआ संवाद

## उत्साह के साथ रामलीला देखने के लिए जुटी रही श्रद्धालुओं की भीड़

### दावां पंचायत के मुखिया ने किया उद्घाटन

राष्ट्रीय खबर



**जगदीशपुर/भोजपुर :** आज के अत्याधुनिक युग में भी रामलीला के कद्रदानों की कमी नहीं हैं। पूरी तन्मयता से वे रामलीला देखना नहीं भूलते। रविवार को दूसरे दिन भी वीर कुंवर सिंह किला परिसर के रामलीला मैदान में रामलीला देखने के लिए लोगों की हुजूम उमड़ी थी। रामलीला महोत्सव का उद्घाटन जगदीशपुर दावां पंचायत के मुखिया सुषुमलता कुशवाहा ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया ।तत्पश्चात समिति के ओर से मुखिया को सम्मानित किया। जहां मुखिया ने समिति के सदस्यों को अभिवादन करते हुए कहा कि जगदीशपुर का रामलीला महोत्सव अपने आप में अनूठा है। यहां जो रामलीला होता है पूरे शाहाबाद में नाम तो है ही लेकिन बिहार में भी ऐसा रामलीला कम ही देखने को मिलता है।यहां का रामलीला का कई खासियत है। जो दूसरे जगह नहीं देखने को मिलता है। उन्होंने आगे बताया कि यहां का रामलीला महोत्सव का शोभा इसलिए और बढ़ जाता है जहां हिंदू मुस्लिम ईसाई आपस में मिलकर दृश्य का संचालन करते जो सांप्रदायिक सौहार्द और आपसी भाईचारा का अनूठा मिसाल है। उन्होंने खुशी इजहार करते हुए समिति के पदाधिकारी और कार्यकताओं का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि तीन वर्ष बाद पुनः रामलीला शुरू कराने के लिए को लेकर विशेषकर समिति के हर सदस्य धन्यवाद के पात्र हैं। इसके पश्चात दूसरे दिन का पात्र शुरू किया गया। जहां विश्वामित्र की यज्ञ रक्षा, पुष्प वाटिका, धनुष यज्ञ, केकई मंथरा संवाद, सरवन कुमार की माता पिता की भक्ति, केवट राम संवाद का दृश्य कलाकारों द्वारा प्रस्तुति की गई। सभी कलाकारों ने काफी बेजोड़ प्रस्तुति किया। विभिन्न प्रसंगों को देखकर दर्शक काफी भावविभोर हुए। दूसरे दिन आयोजित रामलीला मंचन में कैकई-दशरथ संवाद की प्रस्तुति विशेष रही सीता-राम संवाद के साथ मंचन का समापन हुआ और दर्शकों को राम के जीवन की कठिनाइयों को समझाने में पात्रों की भूमिका अहम रही।रामलीला मंचन की इसबीच धूम मची हुई है। कैकई-दशरथ संवाद की प्रस्तुति विशेष रही। अयोध्या में राम के राज्याभिषेक की तैयारियों के बीच कैकई के कोप भवन में चले गई। दशरथ रानी कैकई के पास जाकर उसे समझाते लगे। मंचन में कैकई मंथरा के संवादों ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस आयोजन को सफल बनाने में रामलीला समिति के हर कार्यकर्ता जी जान से लगे हुए। वही एसडीएम संजीत कुमारऔर एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने भी रामलीला के मंचन का आनंद लिया।

## मासूम बच्ची को गोद में ले महिला पुलिस निभा रही ड्यूटी



### पुलिस कर्मी के जज्बे को देख लोग कर रहें सलाम

राष्ट्रीय खबर

**सासाराम (रोहतास):** दुर्गा पूजा के दौरान सासाराम में बच्चे को गोद में लेकर महिला पुलिसकर्मी की ड्यूटी प्रेरणा स्त्रोत बन गई है। जी हा यह दृश्य भारतीगंज सासाराम मुहल्ले में देखकर चर्चा का विषय बना हुआ है। जो 10 माह के बच्चे को गोद में लेकर ड्यूटी कर रही महिला पुलिसकर्मी ब्यूटी कुमारी ने बताया कि एक मां के कंधे पर जब परिवार व कर्तव्य का जिम्मेवारी बढ़ती है, तो हालात कितनी भी मुश्किल क्यों नहीं हो, उसे बखूबी निर्वहन करना पड़ता है। ड्यूटी पर तैनात ब्यूटी कुमारी ने बताया कि नवरात्रि में शांति विधि व्यवस्था को लेकर मजिस्ट्रेट के साथ ड्यूटी कि जिम्मेवारी है। महिला पुलिसकर्मी के जज्बे के साथ कर्तव्य के प्रति समर्पण को देखकर यहां से गुजरने वाले प्रशंसा करते नहीं थकते। गौरतलब हो कि ब्यूटी कुमारी बिक्रमगंज व्यवहार न्यायालय में फिलहाल पदस्थापित हैं, जो मूल रूप से जहानाबाद की रहने वाली है। जिनके पति प्रफुल्ल कुमार प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं।

## शौकत अंसारी बने युवा राजद के जिला सचिव,लोगों मे हर्ष



राष्ट्रीय खबर

**मोतिहारी,पू.चः** युवा राजद के जिलाध्यक्ष मो.असलम के द्वारा कमिटि का विस्तार किया गया। जिसमें खोदानगर निवासी शौकत अंसारी को राजद युवा जिला सचिव ढाका प्रखंड युवा राजद अध्यक्ष पद पर,विशाल सिंह एवं जाहिर हुसैन को जिला उपाध्यक्ष युवा राष्ट्रीय जनता दल मनोनित किया गया। इनके मनोनयन पर विधि मंत्री डॉ शमीम अहमद,जिलाध्यक्ष मनोज कुमार यादव,विधायक शशिभूषण सिंह,पूर्व विधायक सह अध्यक्ष अनुसूचित जाति आयोग्य राजेन्द्र कुमार रामजी,पूर्व विधायक फैसल रहमान,संजय निराला, अवनीश यादव,मुन्नीलाल यादव,शिवम साह,कासी यादव,सतन यादव,रामू पांडे,मो.शाबिर,मो.कैश, भुपेंद्र यादव, पूर्व जिला पार्षद नगमा खातून,मो.खालीद,सैयदगीर,मो. मोदब्बीर आदि ने बधाईयां दी।

# शहीद जवान अमिता बच्चन को श्रद्धांजलि देने भदौरा पहुंचे भाजपा नेता प्रीतम सिंह

## शहीद जवान के प्रतिमा स्थापित करने में भाजपा नेता करेंगे सहयोग : सिंह

राष्ट्रीय खबर



**मुंगेर :** बिहार पुलिस में पदस्थापित भदौरा गांव निवासी किसान गणेश सिंह के पुत्र अमिता बच्चन ड्यूटी के दौरान वैशाली जिला में पिछले 16 अक्टूबर को शहीद हो गए। बिहार पुलिस के शहीद जवान अमिताभ बच्चन को श्रद्धांजलि देने के लिए जहां बिहार के कई सांसद विधायक, मंत्री उनके पैतृक गांव पहुंच रहे हैं। वही पटेल चेतना मंच के संयोजक एवं भाजपा नेता प्रीतम सिंह अपने कई कार्यकताओं के साथ शाहिद के घर पहुंच कर शोका कुल परिजन से मिलकर उन्हें भरोसा दिए। भाजपा नेता प्रीतम सिंह ने शहीद के पिता को भरोसा देते हुए कहा कि आप सौभाग्यशाली हैं कि आपके पुत्र ने बहादुरी का परिचय देते हुए ड्यूटी के दौरान शहीद हुए हैं। आज भदौरा ही नहीं बल्कि जिले के हर लोगों के मुख पर शाहिद अमिता बच्चन के बहादुर के किस्से सुना जा रहा है। भाजपा नेता ने शौका कुल परिजनों एवं भदौरा गांव वासियों को यह विश्वास दिलाया है कि इस विपत्ति की घड़ी में मेरी आवश्यकता जहां होगी हम वहां उपलब्ध रहेंगे। वहीं शाहिद अमिता बच्चन के भदौरा गांव में बनने वाले प्रतिमा में आर्थिक रूप से सहयोग करने की बात कही। विदित हो कि शाहिद जवान वैशाली जिला में पिछले 16 अक्टूबर को ड्यूटी के दौरान शहीद हुए थे। मौके पर युवा नेता प्रियदर्शी पीयूष, विनोद सिंह,सीपू,मिथुन कुमार, लक्ष्मण कुमार, सुमित कुमार, छोटू कुमार सिंह, रविंद्र कुमार सिंह, हरिहर कुमार सिंह, लक्ष्मण कुमार सिंह, सोमनाथ सिंह, विदेशी सर, शशिकांत कुमार सिंह,नीतीश कुमार,राजा,हरिहर, गोलू, विक्रम, सोनू कुमार सहित कई अन्य मौजूद थे।

### दो शराबी गिरफ्तार

**सासाराम (रोहतास):** जिला में शराब के खिलाफ अभियान में बिक्री और पीने के जुर्म में दो लोगों को बड़हरी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में लक्ष्मण पासवान व राजेश कुमार शामिल हैं। बड़हरी पुलिस ने आरोपी को सदर अस्पताल सासाराम में स्वास्थ्य जांच कराकर अगली कार्रवाई जारी रखी है। पुलिस ने बताया कि उत्पाद अधिनियम के उल्लंघन मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

### नाबालिक के अपहरण का मामला दर्ज, जांच में जुटी पुलिस

**सुगौली, पू.चः** थाना क्षेत्र के एक गांव से नाबालिक लड़की को भगा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार नाबालिक लड़की से शादी में बाधा उसके परिवार वाले बने तो उक्त लड़की को रात में उसके प्रेमी ने अपने सहयोगियों के साथ भाग लेकर चला गया। मामला सुगौली थाना क्षेत्र के एक गांव का है। इस संबंध में उसके पिता ने थाना में उसके नाबालिक लड़की के अपहरण की प्राथमिकी दर्ज कराई है। लड़की अपने घर में सोई हुई थी और उसी रात वह घर से गायब हो गई। इसका पता उसके घर वालों की महिलाओं को उसी रात में हो गया। जब एक महिला को रात्रि में सोने के बाद प्यास लगी और प्यास लगने के कारण व जगी तो उसने देखा कि जिस घर में वह लड़की सोई हुई थी उसका दरवाजा खुला हुआ है। थाना में दिए आवेदन में पांच लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। प्राथमिक में इसके पिता ने बताया है कि उसकी बेटी को शादी का झांसा देकर घर से भाग लिया गया और अपहरण कर लिया गया है। हालांकि अभी तक लड़की का पता नहीं चल सका है। इसके परिजनों ने बताया कि उक्त लड़की का अभी तक कोई पता नहीं है। हालांकि पुलिस के द्वारा कार्रवाई की जा रही है। लेकिन इस कार्यवाही को वे लोग संतुष्ट नही हैं। प्रभारी थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## मानव बल ने रितु जायसवाल को सौंपा मांग पत्र



राष्ट्रीय खबर

**सोनबरसा / सीतामढ़ी :** प्रखंड क्षेत्र के मधेसरा फिडर में कार्यरत विद्युत कामगार मानव बल के संघ के अध्यक्ष सुनील बैठा के नेतृत्व में रविवार को मधेसरा पावर ग्रिड में एक बैठक आयोजित की गई। जहाँ महिला राजद प्रदेश अध्यक्ष रितु जायसवाल को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान वे लोग अपनी समस्या भी के पास रखा एवं एजेंसी से हटाकर उन्हें सीधे नियुक्त कंपनी के नियंत्रण में रखना मानव बलों को पारिश्रमिक भुगतान की राशि मंहगाई के अनुरूप करने, आकस्मिक अवकाश ,विभाग के कार्य के दौरान दुर्घटना ग्रस्त होने पर सम्पूर्ण चिकित्सीय वाहन आदि की मांग की। ज्ञापन सौंपते हुए सरकार से पारित करने की अपील की इस दौरान अशोक हाथी, लालबाबू महतो, अर्जुन कुमार, मिथलेश कुमार सहित दर्जनों मानव बल उपस्थित रहे।

# आरपीएफ ने 40 ई-टिकट के साथ दो दलालों को किया गिरफतार

राष्ट्रीय खबर



**सासाराम (रोहतास):** सासाराम आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने 40 टिकट के साथ दो दलालों को गिरफ्तार किया है। आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने बताया कि 40 ई टिकट भी गिरफ्तार लोगों के पास से रेल पुलिस बरामद किया है। आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने बताया कि वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त जेतिन बी राज के निर्देश पर अवैध टिकट दलालों के बिरुद्ध अभियान में यह सफलता हाथ लगी है। आरपीएफ पोस्ट सासाराम एवं अपराध आसूचना शाखा डीडीयू के अधिकारियों एवं जवानो द्वारा संयुक्त रूप से छापामारी कि तो करगहर बाजार स्थित रुपम इंटरनेट दुकान पर छापेमारी किया गया। जहां से विनोद वीर सावरकर को गिरफ्तार किया गया। उक्त व्यक्ति के मोबाइल खगालने पर कुल 27 ई टिकट बरामद हुआ। जिसका अनुमानित मूल्य 22336 रु तथा 01 भविष्य का ई टिकट जिसका मूल्य 902 रु जब्त किया गया। इसके बाद दुर्गावती स्थित जैसवार फोटो स्टेट दुकानदार रमेन्द गुप्ता के पास से 13 अदद ई टिकट मूल्य करीब 8750 रुपये का जब्त किया गया। आरपीएफ पुलिस का अगली कार्रवाई जारी है।

**एक नजर**

# नौ दिनों से लापता युवक के नही मिलने तक परिजन परेशान

राष्ट्रीय खबर



**डेहरी (रोहतास) :** रोहतास जिले के डेहरी मु०-थाना के पहलेजा गांव निवासी धरिक्षणी कुंवर पति स्व०-प्रमोद चौधरी के 19 वर्षीय पुत्र राकेश कुमार चौधरी दिनांक 12 अक्टूबर दिन बृहस्पतिवार से ही घर से लापता है। जिसका परिजनों द्वारा काफी खोज बिन किया गया परंतु 09, दस दिन गुजर जाने के बाद भी कोई पता नहीं चल सका है। परिजनों ने बताया की इसकी शिकायत स्थानीय थाना को लिखित रूप में दी गई है। राकेश कुमार चौधरी पिता स्व० प्रमोद चौधरी उम्र 19 वर्ष, रंग हल्का गोरा, ल० 5 फिट 2 इंच कण्ड़ा- लाल हाफ-टिर्सट, पैंट- हाफ कला पहना हुआ है। परिजनों ने बताया की राकेश की मानसिक सन्तुलन बिगड़ने के कारण वह घर से कही चला गया जिसका तलाश किया जा रहा है।

## एनजेए का छठा स्थापना दिवस समारोह आयोजित



राष्ट्रीय खबर

**मुंगेर :** नेशनल जर्नलिस्ट एसोसिएशन मुंगेर इकाई द्वारा जिलाध्यक्ष ललन राज की अध्यक्षता मे शहीद स्मारक स्थित जिला कार्यालय मे छठा स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। इस दौरान केक काटकर एवं मिठाई खिलाकर पत्रकारो ने एक दुसरे को बधाई व शुभकामनाए दी। वही पत्रकारहित एवं संगठन मजबूती पर विस्तार से चर्चा की गई। समारोह मे मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष अबोध ठाकुर उपस्थित थे। मौके पर प्रदेश महासचिव नवीन झा, संस्थापक सदस्य पप्पू लाल रंजन, जिलाध्यक्ष ललन राज, जिला महासचिव रंजीत ठाकुर, जिला कोषाध्यक्ष विनोद शर्मा, बलदेव सिंह, प्रशांत कुमार सिंह, मनीष कुमार, विपिन कुमार, त्रिभुवन, संतोष कुमार, युवराज सिंह, अनिल कुमार आदि उपस्थित थे।

# 52 शक्तिपीठों में से एक है मुंगेर का चंडिका स्थान, माता के बाएं आंख की होती है पूजा

### महाभारत काल से जुड़ा है इतिहास

### अंग राज कर्ण यही प्रति दिन करते थे सावा मन सोना का दान

राष्ट्रीय खबर



**मुंगेर :** सूबे बिहार के मुंगेर में गंगा नदी के तट पर 52 शक्तिपीठों में से एक मां चंडिका स्थान विश्व भर में विख्यात है। दूर-दूर से श्रद्धालु चैत्र नवरात्र में माता चंडिका के दरबार बड़ी आस्था और विश्वास लेकर पहुंचते हैं। शारदीय नवरात्र को लेकर माहौल भक्तिमय बना हुआ है। मां दुर्गा के 09 स्वरूपों शैलपुत्री, ब्रह्मचारणी, चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री की पूजा होती है। मुंगेर में गंगा नदी के तट पर 52 शक्तिपीठों में से एक मां चंडिका स्थान विश्व भर में विख्यात है। दूर-दूर से श्रद्धालु चैत्र नवरात्र में माता चंडिका के दरबार बड़ी आस्था और विश्वास लेकर पहुंचते हैं। इस जगह पर माता सती के 52 भागों में से एक बायां नेत्र गिरा है, जिसकी पूजा होती है। इस मंदिर से जुड़ी एक अद्भुत कहानी है, जो आपको भी चौका देगा। मंदिर के सृंगारी पुजारी पवन पंडा ने मां चंडिका स्थान शक्तिपीठ से जुड़ी जानकारी साझा किया। पुजारी ने बताया कि महाभारत काल में अंग प्रदेश के राजा कर्ण (दानवीर कर्ण) रोज मुंगेर कष्टहरणी गंगा घाट पर स्नान करने के बाद चुपके से सुरंग के जरिये माता चंडिका के दरबार आते थे और माता को प्रसन्न करने के लिए तपस्या करते और उसके बाद इसी स्थल पर एक कढ़ाई में खौलते घी में वो अपने प्राण की आहुति देते थे। शक्तिपीठ चंडिका स्थान से जुड़ी हैं हैरान कर देने वाला अद्भुत कहानीपुजारी ने बताया कि राजा कर्ण की तपस्या और बलिदान से प्रसन्न होकर मां चंडिका प्रकट हुई और राजा कर्ण को वरदान में सावा मन सोना (50 किलोग्राम) दे दी, और राजा कर्ण रोज इसी प्रकार गंगा स्नान करते और माता की तपस्या कर प्राण की आहुति देते और माता उसी प्रकार प्रकट होती और सावा मन सोना राजा कर्ण को देती थी। राजा कर्ण रोजाना सोना अपने राजदरबार में बैठकर गरीबों के बीच दान कर देते थे। एक दिन इसी बात को राजा विक्रमादित्य ने जाना और उनके जेहन में प्रश्न उठा कि राजा कर्ण के पास इतना सोना कहां से आया जो रोज गरीबों को दान करता है। इसकी जानकारी होने के बाद राजा विक्रमादित्य घोर तप कर ने माता सती से तीन वरदान मांगे। पहला की मनुष्य जब भी आपके दरबार आये तो आपकी पूजा से पहले वो मेरा नाम ले, दूसरा वरदान कि आप पीठ के बल घूम जाएं और तीसरा वरदान की जिस कलश से आप राजा कर्ण को सोना दान करती हो वो कलश मुझे दे दीजिये। तभी से, मां चंडिका से पहले श्रद्धालु राजा विक्रमादित्य का लेते हैं। दूसरे वरदान को पूरा करने में माता सती के घूमते ही वह खौलती घी की कढ़ाई पलट गई, जो आज भी लोगों के लिए आस्था का केंद्र है। गौरतलब है कि उसी पलटी हुई कढ़ाई के नीचे माता की गर्भगृह है, जिस कढ़ाई से नेत्र में लगाने वाला काजल निकलता है। मां चंडिका के गर्भगृह का कागजल लगाने से नेत्र रोग खत्म हो जाता है। दूरपुजारी ने बताया कि जटिल से जटिल नेत्र रोगी यहां पर आते हैं और माता की गर्भगृह का काजल यहां की विधि विधान के अनुसार ले जाते हैं। यह 52 शक्तिपीठों में से एक है, जहां माता के गर्भगृह में भगवान भोलेनाथ की शिवलिंग है, क्योंकि पति के दाईं ओर पत्नी का स्थान होता है। चैत्र नवरात्र में माता चंडिका की दरबार में पूजा करने झारखंड के पाकुड़ से आये श्रद्धालु पवन कुमार गुप्ता ने बताया कि मेरे पास जो भी है सब माता चंडिका का दिया हुआ है। इसी आस्था और विश्वास के साथ माता के दरबार में हाजिरी लगाने हर वर्ष हजारों भक्त आते हैं।

# 41 वां रामलीला महोत्सव का आयोजित, देखने को उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**राष्ट्रीय खबर**

**जगदीशपुर :** वीर कुंवर सिंह किला मैदान स्थित रामलीला मंच पर साकेत कलाकुंज दुर्गा पूजा सह रामलीला समिति के तत्वाधान में दुर्गा पूजा व नवरात्रि के सप्तमी पर शनिवार को पांच दिवसीय 41 वां रामलीला महोत्सव का शानदार आगाज हुआ। पहले दिन शिव विवाह, कश्यप आदित्य तपस्या, पुत्र कामना, राम जन्म, विश्वामित्र द्वारा राम लखन की याचना और ताड़का वध की बेजोड़ प्रस्तुति की गयी। ताड़का वध की लीला का मंचन देखकर लोग आनंदित हो उठे। भगवान श्रीराम और राक्षसी ताड़का के बीच युद्ध में श्रीराम ताड़का का वध कर देते हैं। ताड़का का किरदार टोनी कुमार ने निभाया व भगवान श्री राम का अभिनय कुमार सौरभ ने किया गया। जबकि भगवान शंकर की भूमिका में गोलू कुमार, मैना की भूमिका में करन कुमार, माता पार्वती का रोल रिशु कुमार व लक्ष्मण की भूमिका अभिनव कुमार ने निभाया। कलाकारों ने सभी प्रसंगों की काफी बेजोड़ प्रस्तुति की। कलाकारों की प्रस्तुति पर तालियां बजती रही। इस दौरान विधि-व्यवस्था को लेकर दुर्गा पूजा संचालन समिति के अध्यक्ष मिलिंद चौधरी,समिति के अध्यक्ष जवाहर शर्मा, महामंत्री आकाश कुमार,,रामलीला मंत्री सुनील कुमार, पूजा मंत्री अभिषेक, अवधेश चौधरी, विवेक कुमार, कुमार आनंद, अर्जुन शर्मा, गणेश सोनी,ओमप्रकाश छोटू सहित अन्य कार्यकताओं का सराहनीय योगदान रहा। गौरतलब हो कि तीन वर्ष बाद रामलीला का शुरूआत हुआ है। दो वर्ष कोरोना और पिछले वर्ष नगर निकाय के चुनाव में व्यस्तता के कारण रामलीला का मंचन नही हुआ था। इससे पहले रामलीला महोत्सव का शुभारंभ एसडीएम संजीत कुमार, एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह व नपं के चेयरमैन संतोष कुमार यादव व उप चेयरमैन धनुपरा देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर नपं प्रभारी कार्यपालक पदाधिकारी अरुण कुमार,बीडीओ राजेश कुमार,सीओ अजय कुमार, नपं के उप चेयरमैन धनुपरा देवी,सर्किल इंस्पेक्टर, थानाध्यक्ष राजकिशोर सिंह व जेई रौशन कुमार पांडेय मौजूद रहे। वही रामलीला मंच (सौंदर्यीकरण कार्य) का उद्घाटन एसडीएम और चेयरमैन ने किया। चेयरमैन ने बताया कि समिति के सदस्यों की मांग पर मंच का सौंदर्यीकरण कार्य कराया गया।

# पट खुलते हीं माता रानी के दरबार मे दर्शन को उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

## जयकारों से गुंजायमान है वातावरण, शहर से लेकर गांव तक बह रही भक्ति रस की धारा

**राष्ट्रीय खबर**



**सुगौली, पू. चः** शारदीय नवरात्रा की सप्तमी तिथि को पट खुलते ही पूजा स्थलों पर माता के दर्शन हेतु श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी है। आयोजक समिति द्वारा पूजा स्थलों पर पंडालों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। पूजा स्थलों पर दुर्गा सप्तशती के पाठ से पूरा क्षेत्र गुंजायमान है। श्रद्धालु माता रानी की जय, जय माता दी, दुर्गा महारानी की जय आदि जयकारा लगा रहे थे। माता जगदंबा का आवाहन करने लगे। माता का पट खुलने के साथ ही सिसकोहरा,बेल आदि फलों को देकर भोग लगाया गया। महासप्तमी के साथ ही वैदिक मत्रोच्चार के बीच प्रतिमाओं में प्राण- प्रतिष्ठा की गई। जिसके बाद मां दुर्गा का पट श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोल दिया गया। भव्य पूजा पंडालों में मां का पट खोले जाने के दौरान शंख-घंटों की ध्वनि सुनकर बड़ी संख्या में आसपास के लोग पहुंचे और मां की आराधना करने लगे। गौरतलब हो कि इस वर्ष अक्षरधाम मंदिर गांधीनगर गुजरात के स्वरूप पंडाल का निर्माण किया गया है। साथ ही फुलवरिया, छपवा, सुगांव भटहां, वनस्पति स्थान, छपरा बहास, माली, कोरैया, रोशनपुर सपहा, भेडिहारी मुसवा,करमवा रघुनाथपुर सहित कई जगहों पर दुर्गा पूजा किया जा रहा है। वही प्रखंड क्षेत्र का मुख्यालय होने के कारण काफी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटती है। पूजा आयोजन समिति अध्यक्ष प्रियांशु सर्राफ ने बताया कि पूजा के जजमान मठाधीश महंत बाबा मनीष दास के द्वारा पूजा अर्चना कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि दुर्गा पूजा के अवसर पर कई तरह के खेल-तमासे, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं मेला का आयोजन भी किया गया है।

# जगदीशपुर में दुर्गा पूजा को लेकर निकला फ्लैग मार्च, प्रशासन अलर्ट

**राष्ट्रीय खबर**



**जगदीशपुर(भोजपुर) :** दुगार्पूजा में शांति व विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए एसडीएम संजीत कुमार, एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह और नपं चेयरमैन संतोष कुमार यादव सहित अन्य अधिकारियों ने सशस्त्रत्र बल के साथ नगर में फ्लैग मार्च निकाला। पूजा में शांति बहाल रखने को ले आयोजको से बातचीत की। इधर पर्व में विधि व्यवस्था संधारण को लेकर सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया है। पर्व के दौरान किसी तरह की अप्रिय घटना नहीं हो सके इसको लेकर जगदीशपुर अनुमंडल क्षेत्र में पूजा पंडल, चौक चौराहे पर दंडाधिकारी, पुलिस अफसर और जवानों की तैनाती की गई है। एसडीएम संजीत कुमार और एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह के अलावा प्रशासनिक अधिकारियों की टीम भ्रमण कर हर गतिविधि पर पैनी नजर रखे हुए हैं। शनिवार को अनुमंडल कार्यालय जगदीशपुर में एसडीएम और एसडीपीओ ने ब्रीफिंग कर पर्व पर ड्यूटी में लगाए गए अधिकारियों को हर गतिविधि पर नजर रखने का निर्देश दिया है। एसडीएम व एसडीपीओ ने अफसरों को यह भी निर्देशित किया है कि अगर पर्व के दौरान कहीं भी किसी तरह की अप्रिय घटना की सूचना मिलती है तो तत्काल हमें सूचित करें ताकि समय रहते मौके पर पहुंचकर मामले को सुलझाया जा सके। इस मौके पर अवर निर्वाचन पदाधिकारी तौकीर किब्रिया, कार्यपालक दंडाधिकारी रमेश कुमार,नपं के प्रभारी कार्यपालक पदाधिकारी अरुण कुमार, बीडीओ राजेश कुमार, सीओ अजय कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर शशि शेखर चौधरी, थानाध्यक्ष राज किशोर सिंह, धनगाई थाना अध्यक्ष नीतू प्रिया व जेई रौशन कुमार सहित अनुमंडल क्षेत्र के तमाम अधिकारी मौजूद रहे।

# शांति व्यवस्था बनाए रखना पहली प्राथमिकता:नए थानाध्यक्ष ने किया योगदान

**राष्ट्रीय खबर**



**सुगौली, पू. चः** पुलिस निरीक्षक अमित कुमार सिंह ने सुगौली के नए थानाध्यक्ष के रूप में रविवार को पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण के बाद थाने के सभी पुलिसकर्मियों से परिचय किया और उसके बाद उन्होंने थाने का जायजा लिया। नए थानाध्यक्ष ने थाना क्षेत्र की जानकारी हासिल कर महत्वपूर्ण समस्याओं पर चर्चा करते हुए थाने में पदस्थापित पदाधिकारी व पुलिस बल के साथ बैठक कर विचार विमर्श कर कई दिशा निर्देश दिया। योगदान के बाद नए थानाध्यक्ष ने कहा कि थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने,अपराधिक घटनाओं पर रोक लगाने,असामाजिक तत्वों,अपराधियों एवं शराब माफियाओं पर नकेल कसना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। इसके लिए पुलिस व पब्लिक के बीच और बेहतर समन्वय स्थापित कर क्राइम कंट्रोल किया जाएगा।

## 30 लीटर शराब साथ दो धंधेबाज गिरफ्तार

**कंरगहर (रोहतास):** रविवार को थाना क्षेत्र अंतर्गत कुड़ियारी नहर पुल के समीप पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान दो बाइक सवार धंधेबाजों को 30 लीटर देसी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। इसकी जानकारी थानाध्यक्ष सुंदेश्वर कुमार दास ने देते हुए बताया कि डिहरी मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत सखरा निवासी आकाश कुमार कुदरा से बाइक की डिक्की में 20 लीटर देसी महुआ शराब लेकर आ रहा था। जो तलाशी के क्रम में 20 लीटर देसी महुआ शराब बरामद कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया तथा बाइक को जब्त कर लिया गया।

# बिहार के विकास में श्रीबाबू का था अतुल्यनीय योगदान : डॉ गगन

## समारोह पूर्वक मनाई गई पूर्व मुख्यमंत्री डॉ श्री कृष्ण सिंह की 136 वीं जयंती

**राष्ट्रीय खबर**



**गया :** जिला कॉंग्रेस कमिटी कार्यालय राजेंद्र आश्रम में महान स्वतंत्रता सेनानी, बिहार केशरी, राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ श्रीकृष्ण सिंह की 136 वीं जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम डॉ श्रीकृष्ण सिंह जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण के पश्चात उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। जयंती कार्यक्रम की अध्यक्षता गया जिला कॉंग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ गगन कुमार मिश्रा ने किया। उन्होंने कहा कि डॉ श्रीकृष्ण सिंह जिन्हे श्रद्धापूर्वक बिहार के आमजन उन्हें बिहार केशरी तथा श्रीबाबू कहते थे, जिन्होंने अविभाजित बिहार के विकास मे अतुलनीय व अद्वितीय योगदान के लिए उन्हें आधुनिक बिहार का निमार्ता कहा जाता है। वक्ताओं ने कहा कि डॉ श्रीकृष्ण सिंह किसानो, मजदूरों के मसीहा कहे जाते थे तथा बिहार के अनुसूचित जाति, जनजाति ब्राह्मण समुदाय के विरोध के बाद भी उन्हें बैजनाथ धाम मंदिर के गर्भ गृह तक ले जा कर दर्शन कराने का काम किए थे। नेताओं ने एक स्वर मे डॉक्टर श्रीकृष्ण सिंह को जिन्हे भारतरत्न देने हेतु बिहार सरकार द्वारा केंद्र सरकार को अग्रसारित करने के बाद भी अभी तक भारतरत्न नही मिलने पर आक्रोश व्यक्त करते हुए, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, केन्द्रीय गृहमंत्री से आधुनिक बिहार के निमार्ता, बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ श्रीकृष्ण सिंह जी को अविलंब भारतरत्न देने की मांग दोहराया गया। मौके पर पूर्व विधायक मो खान अली, पूर्व गया जिला कॉंग्रेस अध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद यादव, बिहार प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिट्ठू, वजीरगंज विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉक्टर शशि शेखर सिंह, जिला कॉंग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, युगल किशोर सिंह, महासचिव प्रदीप शर्मा, राजीव कुमार उर्फ लंबी सिंह, कॉंग्रेस आईटी सेल के अध्यक्ष मोहम्मद अजहरुद्दीन, मोहम्मद ताज उद्दी न, बबलू शर्मा, राजेश कुमार, शशि कांत सिन्हा, धनंजय सिंह, मोहम्मद रफीक आदि ने संबोधित किया।

# दो दिवसीय नि:शुल्क शिविर में लोगों का हुआ मुफ्त ईलाज

**राष्ट्रीय खबर**



**बिक्रमगंज (रोहतास) :** नगर परिषद के आरा रोड स्थित आदित्य कंपलेक्स बिक्रमगंज में शहर के अनुभवी एवं चर्चित होम्योपैथिक विशेषज्ञ डॉ. मुकेश कुमार द्वारा राजस्थान औषधालय के सहयोग से निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन हुआ। इसके पहले भी डॉ.मुकेश गरीब और असहाय रोगियों के लिए शिविर अन्य गांवों और शहरों में कई जगहों पर लगाते आ रहे हैं। इस शिविर में उनके कई सहयोगी डॉक्टरों का भी साथ मिलता रहा है। इस शिविर में स्त्रियों के बांझपन, पुरुषों के सेक्स संबंधित कई रोग, हर तरह के दर्द, पुराना गठिया और चर्म रोग से संबंधित रोगों को लेकर करीब 88 मरीजों का निःशुल्क चेकअप हुआ। डॉ. मुकेश ने कहा कि होम्योपैथिक दवा से बड़े-बड़े रोगों का इलाज आज के समय में संभव है, यह सारी दवाइयां जर्मन मेड की होती है। जो कुछ ही दिनों में रोगों पर अपना प्रभाव दिखाने लगती हैं। खास करके गठिया, चर्म रोग और स्त्रियों के बांझपन आदि रोगों में होम्योपैथिक दवा से बहुत सारे मरीजों को फायदा हुआ है।

इस शिविर में मरीजों की सुबह से ही भीड़ देखी गयी। ठंड की शुरूआत में ज्यादातर मरीज गठिया रोग से संबंधित दिखाई दिये। शिविर में राजस्थान औषधालयर की तरफ से मरीजों को निःशुल्क दवाइयों की वितरण की व्यवस्था भी की गयी थी। दो दिन के इस शिविर में बिक्रमगंज अनुमंडल के आसपास के सैकड़ो असहाय और गरीब लोगों ने इस शिविर से अपने को लाभान्वित महसूस किया।

## छपरा पुलिस लाइन में शहीद पुलिसकर्मियो को दी गई श्रधांजलि

**छपरा :** पुलिस स्मरण दिवस पर सारण रेंज के डीआईजी विकास कुमार एवं एसपी गौरव मंगला के द्वारा सभी शहीद पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि दी गई। तथा, उनके परिजनों को सारण डीआईजी के द्वारा स्मृति चिंन्ह व अंगवस्त्रो से समानित किया गया। डीआईजी विकास कुमार ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमारे जितने भी पुलिसकर्मी शहीद हुए है उनके बलिदानों को पुलिस विभाग कभी नही भूल पायेगा। आयोजन का संचालन डीएसपी डॉ. राकेश कुमार ने संभाला जो कि काफी सफल रहा। शहीदों को याद करते हुए सभी ने शहीद स्मारक पे पुष्प अर्पित कर अपनी अपनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान आयोजित स्मृति परेड का अगुआई सार्जेंट शुभम कुमार व अविनाश कुमार ने की। मौके पर पुलिस लाइन डीएसपी मनोज कुमार सिंह सार्जेंट दीपक कुमार, राहुल उपाध्याय, सृष्टि सुमन, पूजा कुमारी, रौशनी कुमारी, नितेश राज, ऋषि पदाधिकारी मौजूद थे।

## शहीद जवान के परिजनों से मिलकर लोजपा जिला संयोजक ने जताया शोक

**मुंगेर :** सूबे के वैशाली में शहीद हुए पुलिस जवान अमिता बच्चन के गांव भदौरा पहुंचकर लोजपा (रामविलास )के जिला संयोजक प्रमोद पासवान एवं वरिष्ठ नेता विनय कुमार गुड्डु ने शहिद जवान के पिता गणेश सिंह एवं परिजनों से मिलकर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि शहीदों की कुबार्नी को भूलाया नहीं जा सकता है। इस मौके पर जमालपुर नगर अध्यक्ष पंकज पासवान ,वीरेंद्र शाह, मिथुन उर्फ करण साह, दुर्गा मंडल, मनोज मंडल, मुकेश कुमार, संजय साह, रामप्रसाद यादव ,बांके बिहारी मंडल सहित अन्य सभी ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

# आस्था : 32 कहारों के कंधों पर सवार होकर विसजर्न यात्रा पर निकलती है मुंगेर की बडी दुर्गा महारानी

## दो दिवसीय होता है प्रतिमा का विसर्जन, आस्था की उमड़ती है सैलाब

**बड़ी दुर्गा महारानी का पूजा के साथ विसर्जन भी होता है दर्शनीय**

**रंजीत कुमार विधार्थी**



**मुंगेर :** शारदीय नवरात्र में दस दिनों तक मां दुर्गा की आराधना के बाद दशमी को मां की विदाई करने की परंपरा है। इस दौरान पंडालों में स्थापित दुर्गा मां की पूजा कर स्थापित मूर्ति का विसर्जन किया जाता है। ऐसे तो लोग मां की मूर्ति को जलाशयों, नदियों तक ले जाने के लिए वाहनों का प्रयोग किया जाता है, लेकिन मुंगेर में बड़ी दुर्गा मां मंदिर में नवरात्र में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन का तरीका ही अनोखा है। यहां विसर्जन के लिए ठीकरा (मां के बैठने की जगह) बनाई जाती है, जिसे 32 लोग उठाते हैं, जो कंहार जाति के होते हैं। इस साल 45 किलोग्राम चांदी से ठीकरा बनाया गया है। मुंगेर में इस अनोखे दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं, बुजुर्ग लोगों का कहना है कि यह काफी दिनों से यहां होता आ रहा है जो अब परंपरा बना गया है और इस परंपरा का निर्वहन आज की पूजा समितियां भी कर रही है।

**अपने स्थान से नहीं हिली थी माता की प्रतिमा**

बड़ी दुर्गा दुर्गा स्थान समिति के अध्यक्ष दीपक प्रसाद वर्मा कहते हैं कि यहां प्रतिवर्ष दुर्गा पूजा के बाद प्रतिमा विसर्जन तब ही होता है। जब 32 कंहार इनकी विदाई के लिए यहां उपस्थित होते है और कंधा देते है। वे कहते हैं कि इसके लिए उन कंहार जाति के लोगों को पूर्व में निमंत्रण दिया जाता है। वे बताते हैं कि इनकी संख्या का खास ख्याल रखा जाता है कि 32 से भी ज्यादा न हों और न ही कम हो। जनश्रुतियों के मुताबिक, वर्षों पहले एक बार समिति के लोग यहां की प्रतिमा के विसर्जन के लिए वाहन लाए थे, परंतु दुर्गा मां की प्रतिमा अपने स्थान से हिली तक नहीं थी।

**विसर्जन के दौरान होते हजारों लोग इकट्ठा**

विसर्जन के दौरान यहां हजारों लोग यहां इकट्ठे होते हैं. इधर, समिति के मंत्री देवी नंदन प्रसाद बताते हैं कि प्रतिमा के विसर्जन के पूर्व पूरे शहर में भ्रमण करवाया जाता है। इस दौरान चौक-चौराहों पर प्रतिमा की विधिवत पूजा-अर्चना भी की जाती है। इसके अलावे दुर्गा प्रतिमा के आगे-आगे अखाड़ा पार्टी के कलाकार चलते हैं जो ढोल और नगाड़े की थाप पर तरह-तरह के कलाबाजी और करतब दिखाते रहते हैं। इसके बाद प्रतिमा गंगा घाट पहुंचता है, जहां मां की प्रतिमा को विसर्जित कर उनकी विदाई दी जाती है।

# दिव्यांग संघके तत्वाधान में दिव्यांगजनो की बैठक सम्पन्न



**राष्ट्रीय खबर**

**मझौलिया, प.च. :** प्रखंड में शनिवार को बिहार दिव्यांग संघ के तत्वावधान में बरवा सेमरा घाट पंचायत अंतर्गत अवस्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरवा में दिव्यांगजनों की बैठक की गई। जिसमें उक्त पंचायत क्षेत्र के विभिन्न दिव्यांगजन उपस्थित थे। बैठक को सम्बोधित करते हुए संघ के जिला सचिव बिनय चौबे ने कहा कि संघ दिव्यांगजनों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रयासरत है व त्वरित निराकरण भी करता है तथा सरकार के द्वारा दिव्यांगजन के लिए चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से कैसे सभी दिव्यांगजन लाभान्वित हो इसपर विस्तार से बताया गया। वहीं संघ के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश कुमार महतो ने बताया कि हम सभी विभिन्न प्रखंडों में बैठक आयोजित कर दिव्यांगजन को जागरूक करने का प्रयास कर रहे ताकि भविष्य में कोई भी दिव्यांगजन अपने हक व अधिकार से वंचित न रह सके। मौके पर दिव्यांग अफसाना खातून, सुनील कुमार यादव, फतिउरर रहमान, बगड़ी खातून, अनिता देवी, मैमून नेशा, मंटू कुमार, शहाबुन खातून, नाजिया खातून सहित दर्जनों दिव्यांगजन उपस्थित रहे।

संपादकीय

# महुआ, मोदी और मीडिया ट्रायल

अब यह खेल बहुत अधिक समझदारी वाला नहीं रहा। कई बार इसे खेला गया है इसलिए उसके पीछे के मकसद को समझने में कठिनाई भी नहीं होती। इस बार के खेल में निशाने पर तृणमूल सांसद महुआ मोइत्रा हैं, जिनपर पैसे लेकर सवाल पूछने का आरोप लगा है। लेकिन तथ्य और घटनाक्रम यह बताते हैं कि यह उसी खेल का नया हिस्सा है, जिसे हम पहले भी देखते आये हैं। सुश्री मोइत्रा ने अडानी समूह पर दो सीधे सवाल, समूह के स्वामित्व वाले धामरा पोर्ट पर चार, कोलकाता पोर्ट ट्रस्ट पर पांच, जहां हीरानंदानी समूह के व्यावसायिक हित हैं, और एच-एनर्जी पर एक, जो कंपनी की ऊर्जा इकाई है - ये 12 सवाल हैं। 2019 में निर्वाचित होने के बाद से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद महुआ मोइत्रा ने लोकसभा में कुल 62 सवाल पूछे हैं। 15 अक्टूबर को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को लिखे एक पत्र में, भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने वकील जय अनंत देहाद्राई के आरोपों पर भरोसा करते हुए आरोप लगाया कि मोइत्रा ने इनमें से कई सवाल हीरानंदानी समूह के इशारे पर इरादे से पूछे थे।



बिड़ला ने आनन फानन में मामले को लोकसभा आचार समिति के पास भेज दिया है, जिसने दुबे और देहाद्राई दोनों को 26 अक्टूबर को अपने सामने पेश होने के लिए बुलाया है। ओम बिड़ला यह भूल गये कि दानिश अली की शिकायत पहले से उनके पास थी। अब अपने पूर्व बयान से पलटते हुए दर्शन हीरानंदानी ने एक हलफनामा सौंपा, जिसमें दावा किया गया कि मोइत्रा, जो मेरी एक करीबी निजी दोस्त रही हैं ने अपना संसद पोर्टल लॉगिन आईडी और पासवर्ड साझा किया था ताकि वह पोस्ट कर सकूं। अब यह समझने वाली बात है कि इस हलफनामा की सूचना सार्वजनिक होने के पहले ही निशिकांत दुबे को इसकी जानकारी कैसे मिल गयी थी। इस पर न तो सरकार, ना संसद और ना ही मीडिया सवाल उठाना चाहती है, जो इस खेल की साजिश को साफ कर देते हैं। वरना निशिकांत दुबे महाभारत के संजय तो नहीं हैं कि उन्हें सब कुछ बैठे बैठे ही दिख रहा है। मोइत्रा ने दर्शन हीरानंदानी की आचार समिति के समक्ष प्रस्तुतिकरण पर सवाल उठाया और सुझाव दिया कि उन्हें इसे प्रस्तुत करने के लिए मजबूर किया गया था। लेकिन इन सवालों को लेकर जिस तरीके से मोदी समर्थक मीडिया में सूचनाएं लीक की जाती रही, वह पूर्व के कई ऐसी कार्रवाइयों की याद दिला देती है। मजेदार स्थिति यह है कि यह सब ऐसे अवसर पर हो रहा है जबकि केंद्रीय एजेंसियां सुप्रीम कोर्ट के सवालों के घेरे में हैं और अदालत खास तौर पर दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया मामले में सबूत मांग रही हैं। इतना साफ है कि अदालतों का तेवर भी अब इन केंद्रीय एजेंसियों के प्रति नर्म नहीं रहा और किसी एक मामले में फैसला आया तो इन जांच एजेंसियों के साथ साथ मोदी सरकार और उनकी समर्थक मीडिया की भी भारी फजीहत होगी। खास कर मनीष सिसोदिया के मामले में करोड़ों की बरामदगी की सूचना भी मीडिया में बढ़ा चढ़ाकर और सिर्फ सूत्रों के हवाले से जारी की गयी थी। दूसरी तरफ निशिकांत दुबे हैं, जिन्हें झारखंड में ईडी की कार्रवाई की सूचना सबसे पहले मिल रही थी और वह इन्हें सार्वजनिक भी करते जा रहे थे। यह अलग बात है कि ईडी की जांच की दिशा में निशिकांत दुबे के मित्र सरयू राय बार बार अड़चन खड़ी कर जांच की दिशा को पूर्व मुख्यमंत्री की तरफ कर दे रहे थे। अब मोदी समर्थक मीडिया में जिस तरीके से महुआ पर हमला हो रहा है, उसकी खास बात यह है कि तमाम किस्म की सूचनाएं जारी होने के बाद भी उसके सूत्र का खुलासा नहीं हो रहा है। यहां तक कि कांग्रेसी नेता शशि थरूर के साथ उनकी तस्वीर सोशल मीडिया में आने के बाद भी मीडिया ने यह नहीं बताया कि उन्हें यह तस्वीरें किस ने उपलब्ध करायी। इससे खेल को समझना और आसान हो जाता है। बदली हुई परिस्थिति यह है कि अब विपक्ष इस किस्म की चालों से अधिक भयभीत नहीं हैं। जिन्हें ईडी अथवा सीबीआई की कार्रवाई से भय था, वे पहले ही हथियार डाल चुके हैं और भाजपा की शरण में है। इस क्रम में यह उल्लेख प्रासंगिक होगा कि काफी अरसा पूर्व निशिकांत दुबे भी ऐसे विवादों में फंसे थे। उस समय एक विमान परिवहन कंपनी की तरफ से उनके परिवार के निजी फोटो मीडिया तक पहुंचाये गये थे। अपने बयानों की वजह से केंद्रीय मंत्रिमंडल में स्थान पाने से वंचित निशिकांत दुबे भी अपनी शैक्षणिक योग्यता को लेकर निशाने पर हैं। ऐसे में साफ होता जा रहा है कि दरअसल राहुल गांधी बार बार जिस मोडानी का आरोप लगा रहे हैं, उनमें मीडिया की भी सक्रिय भागीदारी है। बार बार एक ही दांव आजमाये जाने की वजह से इस दांव का असर अब कम हो चुका है।

# शर्म की बात ही जब गर्व बन जाए !!

हर किसी को बहुत भाता है किसी स्त्री का नग्न बदन ! और शायद स्त्री को भी यह नग्न बदन उतना ही भाता होगा! तभी तो चारों तरफ एक तरह की नंगई व्याप्त है! जहां देखो, न केवल तरह-तरह के उत्पादों को बेचने के लिए अर्धनग्न होना, साथ ही अन्य अनेकानेक कार्य करते हुए अपने शरीर के भावों के द्वारा पूरी तरह से अश्लील नंगई परोस कर यह जताया जाता है कि स्त्री स्वाधीन है! इतनी स्वाधीन कि वह अपने बदन को चाहे जिस किसी भी भाँति उपयोग कर सकती है! और यह प्रयोग भी उसके द्वारा विभिन्न माध्यमों पर उसे सार्वजनिक पटल पर सब जनों के लिए परोसे जाने के लिए ही होगा! भले ही उसे परोसे जाने के प्रकार और रूप भी भाँति-भाँति के हो सकते हैं!

तो उसका शरीर है, इसलिए उसका उपयोग भी उसकी अपनी मर्जी से होगा! वह जब जहां चाहेगी, वहां वह अपनी मर्जी से अपने ऊलजुलूल सेक्सी परिधानों से अपनी देह को इस प्रकार उन्मुक्तता से और भी ज्यादा सेक्सी दिखाने के लिए कुछ इस ही भाव भी दर्शाएगी, जो हमें लालच में डाले ! और फिर प्रश्न भी करेगी कि तुम्हें लालच ही क्यों होता है? चारों तरफ उल्टे-पुल्टे मीम्स, उल्टे- पुल्टे वीडियो और सामान्य डांस स्टेप्स में भी ऐसी ऐसी कामसूत्र की हरकतें कि परिवार के साथ बैठे लोग लजा जाएँ! लेकिन उन्हें करने वाली ये बालिकाएं, ये नव यौवनाएं, ये स्त्रियां कभी नहीं लजाती !! तो ये एक तरह की उन्मुक्त स्वतंत्रता है और संभवतः ऐसी ही स्वतंत्रता के लिए स्त्रियां उत्सुक होती होंगी! क्योंकि यही करना यदि उन्हें भाता है या कुछ स्त्रियों को ही क्यों नहीं, यही करना भाता है और बाकी स्त्रियां यदि उनके समर्थन में या तो मौन रहती हों या सीधा-सीधा समर्थन करती हों कि यह उनका बदन है और उन्हें इस बात की पूरी स्वतंत्रता है कि वह इसका उपयोग किस तरह करें ! तो फिर इस बात के आगे वास्तव में किसी और बात की कोई गुंजाइश भी नहीं बचती! किन्तु फिर भी हम जैसे कुछ ऊलजुलूल लोग, पुराने पीढ़ी के लोग, पुराने संस्कारों और परंपराओं के लोग इन बातों पर आक्षेप जताते हैं! इन चीजों का विरोध करते हैं और इस तरह से हम इन जैसी समस्त स्त्रियों द्वारा पूरी तरह से बकवास या दकियानुसी या पुरातनपंथी मान लिए जाते हैं! हम जैसों के लिए वस्तुतः यह प्रश्न सदैव बहुत ही अर्चंभित करने वाला रहा है कि यदि परिधानों का असली ध्येय शरीर को ढकना है, तो उन परिधानों को ऐसा क्यों होना चाहिए कि शरीर और भी बहुत विकृत तरीके से दिखाई देता रहे और और यह विकृति कामुकता के अर्थ में हो और अपने भीतर से निकलती हुई यह सार्वजनिक कामुकता उस कामुक स्त्री के गर्व का कारण बने !! अब यदि सार्वजनिक कामुकता ही स्त्री की स्वाधीनता की घोतक है, तो फिर ऐसी किसी भी समझ के लिए कुछ नहीं किया जा सकता ! स्त्री स्वाधीन होकर अपनी क्षमता और सामर्थ्य के बल पर किन्हीं स्थान पर गर्व के साथ पहुंचकर और फिर उन स्थानों पर कार्य करते हुए अपनी असीमित क्षमताओं का लोहा मनवाते हुए गर्व करे, तब तो वह गर्व हमें समझ आता है! क्योंकि हम जैसों के लिए तो गर्व ऐसी ही एक चीज है, जहां हमारी अति मानवीय क्षमताएं हमें समाज के लिए अनुकरणीय बनाती हैं और समाज हमारे पीछे चलने को तैयार हो जाता है और समाज के माथे पर हम एक अतुलनीय कंगूरे बनते हैं, तो केवल और केवल अपनी क्षमताओं के कारण!



राजीव थेपड़ा
पत्रकार

क्योंकि हमारे देखे मनुष्य की अतुल्य उपलब्धियां ही उसे प्रतिष्ठा दिलाती हैं और ये उपलब्धियां मनुष्य को उसके अथक श्रम, क्षमता एवं बहुतों बार उसकी दूर दृष्टि के चलते मिलती है। सुंदरता अपने आप में कोई उपलब्धि नहीं और तिस पर कामुकता को जतलाना और भी बड़ा एक विचित्र किस्म का विरोधाभास है!

आखिर कामुकता कैसे किसी के गर्व का कारण हो सकती हैं? अश्लील नंगई और तरह-तरह के समस्त आयोजनों में न जाने कैसे-कैसे कपड़ों द्वारा स्त्री के उभार और भी ज्यादा बाहर आने को प्रस्तुत हों! यहां तक कि उत्सुक हों! तो ऐसे प्रश्नों का किसी के मन में जन्मना अनुचित तो नहीं जान पड़ता!! प्रश्न बहुत सारे हैं ।एक छोटे से आलेख में वह सारे प्रश्न इंगित नहीं किये जा सकते। लेकिन हम इतना जरुर जानते हैं कि शर्म की बात शर्म की बात होती है और गर्व की बात गर्व की बात होती है और शर्म की कोई भी बात गर्व की बात नहीं बन सकती और उसे बनना भी नहीं चाहिए और फिर भी यदि वह बनती है, तो फिर वह हमारे लिए तो बाद में, सबसे पहले तो वह हमारे स्वयं के बच्चों के लिए सबसे पहले और सबसे बड़ा खतरा है! हमारे बच्चे इन कौतुकपूर्ण किंतु शर्मनाक अभिव्यंजनाओं को अपने हृदय में ग्रहण कर लेते हैं और फिर वे भी इसी पथ पर चलने को अग्रसर हो जाते हैं, जहां हमारा यह वर्तमान समाज कामातुर होकर भागा चला जा रहा है! पता नहीं क्यों आधुनिकता को सदैव यही क्यों लगता है कि आधुनिक होने का अर्थ उच्चश्रृंखलता, उन्मुक्तता, अश्लील कामुकता है और इस महीन से अंतर ने हमारे बच्चों को 12/13 साल की उम्र में ही कामुकता के द्वार पर लाकर खड़ा कर दिया है और जिन्हें हम अब किसी भी प्रकार रोक नहीं सकते! क्योंकि संभवतः हमारे लिए यह कोई गंभीर-सी बात नहीं रही। क्योंकि हम स्वयं उन्मुक्त जो हो चुके हैं! किन्तु हमारे इन खुले यौनिक आचरणों ने हमारे बच्चों मध्य की बहुत सारी जुगुप्साओं को सदा के लिए खो दिया है और अब तो उसकी जगह हमारा उन्मुक्त आचरण हर पद में, हर पार्टी में और हर निजी आयोजन में हमारी नंगई के रूप में दृष्टिगोचर होता दिखता है! यूँ तो हम लगातार इस बात से चिंतित होते हैं कि स्त्रियों के साथ में बलात्कार जैसी घटनाएं बढ़ती चली जा रही हैं और इसके लिए हम तरह-तरह की ऐसी घटनाओं के होने के पश्चात तरह-तरह के मार्च निकालते हैं! तरह-तरह की पोस्ट करते हैं! अपनी कुंठाओं को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर निकलते हैं! लेकिन हम यह भूल कर जाते हैं कि हम सब स्वयं भी उन घटनाओं में कहीं ना कहीं शामिल हैं! याद रखिए सामाजिक कामुकता जब आम व्यवहार का रूप धारण कर लेती है, तब उस कामुक समाज के कुछ अति कामुक लोग किसी न किसी कमजोर को ढूंढ कर उसका शीलहरण करने को उद्यत हो जाते हैं। लेकिन उन्हें ऐसा करने में बहुतों बार कुछ शर्म तक नहीं महसूस होती! क्योंकि समाज ने न केवल शर्म खो दी है, बल्कि हमारे आसपास खुलेआम ऐसा बहुत कुछ हो रहा है, जिस पर हमें शर्म आनी चाहिए, लेकिन हम उन्हें ढँक रहे हैं और एक शर्म खोए हुए समाज के कुछ लोग यदि ऐसा करने को उद्यत होते हैं, तो उसमें उन व्यक्ति विशेष लोगों का कृत्य कितना है और समाज का कृत्य कितना है, इसे समझना बहुत ही आवश्यक हो जाता है!

बलात्कारी को दोष देना सबसे सुगम है, लेकिन अपनी जिम्मेवारियों को समझ पाना अत्यंत कठिन । समाज के प्रति हमारी नैतिक जिम्मेदारियां समाज को एक सही एवं उच्चगामी रास्ते पर ले जाना होता है। लेकिन हम इसका ठीक उल्टा करते हैं! यानी हम अपने समाज को अपने आचरणों के द्वारा पूर्णतया प्रतिगामी रास्तों पर ले जाना चाहते हैं या ले जा रहे होते हैं और साथ ही साथ समाज में होने वाले ऐसे कृत्यों की निंदा भी करते हैं! हमारा यह दोहरा पाखंड हमें अपनी ओर देखने से पूरी तरह से अवरुद्ध कर देता है और उसके बाद जो कुछ बचता है, वही है हमारा वर्तमान समाज! पूरी तरह से नंगई की ओर जाता हुआ एक समाज, जिसमें सेक्सुअलिटी ही एक बहुत बड़ा गुण है और वही सेक्सुअलिटी एक गर्व भी ! तो फिर वही बात फिर से सामने आ जाती है कि शर्म की बात यदि गर्व का कारण बन जाए, तो फिर किसी समाज का अंतिम परिणाम क्या होता है, यह इस वर्तमान परिदृश्य को देखते हुए सहज ही समझ आता है!!

नज़रिया

# सरकार के लिए गले की फांस न बन जाए जातिगत जनगणना



रंजीत कु. तिवारी
स्थानीय संपादक (पटना)

अंधेर नगरी चौपट राजा, टके सेर भांजी टके सेर खाजा! वाली कहावत बिहार में इन दिनों जगह-जगह पर चरितार्थ होते आसानी से देखी जा रही है। बिहार में 2 अक्टूबर को जातिगत जनगणना की रिपोर्ट सरेआम होने के बाद मची हलचल कम होने का नाम नहीं ले रहा। बिहार की वैसी जातियां जिनकी तादाद एक प्रतिशत के आसपास है वे इस गणना के बाद खुद को असुरक्षित व असहज महसूस कर रहे हैं। वहीं एक मोर्चा के बैनर तले राज्य भर में वैसी सभी जातियां काफी तेजी से एकजुट हो रही है, जिनकी संख्या चार फीसदी से भी कम है। उनकी मांग है कि हमें सरकार जातिगत अल्पसंख्यक का दर्जा दे। इस मांग को भी आप इसलिए गलत नहीं ठहरा सकते कि जब 17 प्रतिशत वालों को सरकार अल्पसंख्यक मान रही है, तो एक प्रतिशत वाले किस एंगल से बहुसंख्यक हैं। वहीं जिन जातियों की तादाद 1931 में 7 लाख थी, वे 2023 में 4 लाख कैसे हुए। यह अति चिंतनीय विषय है, सरकार के लिए भी और समाज के लिए भी। इस हिसाब से कम होते गए तो वह दिन दूर नहीं जब ये नगण्य होकर इतिहास में दर्ज हो जाएंगे। इसलिए, सरकार को भी इनके संरक्षण में आवश्यक कदम उठाना चाहिए।

> **वहीं जिन जातियों की तादाद 1931 में 7 लाख थी, वे 2023 में 4 लाख कैसे हुए। यह अति चिंतनीय विषय है, सरकार के लिए भी और समाज के लिए भी।**

जिसकी जितनी भागीदारी उसकी उतनी हिस्सेदारी, यदि यह बात हीं सही है, तो 'हम दो और हमारे दो' का क्या मतलब। तब तो, हम दो और हमारे गिन लो वाले हीं अच्छे हैं। फिलवक्त हम बात करते हैं जातिगत जनगणना में की गई चालबाजियों पर। मुस्लिम और यादव के दर्जन भर उपजातियों को एक मिला कर गणना कर उनकी संख्या 17 व 14 प्रतिशत बताई गई। वहीं अन्य जातियों को कई उपजातियों में विभक्त कर उनकी संख्या को आधा प्रतिशत से लेकर 4 प्रतिशत में समेट दी गई। जो बिहार की मौजूदा नीतीश सरकार पर सवालिया निशान हैं। आज भी बिहार के कई गांवों में लोगों को रोटी, कपड़ा, मकान, शिक्षा और चिकित्सा जैसी मूलभूत सुविधाओं का घोर आभाव है। लोग अपना जीवन-यापन जदोजहद के बीच करने को मजबूर हैं। ऐसे लोगों की संख्या लाखों में है जो कहते हैं कि, मेरी तो गिनती भी नहीं हुई, किसी ने मुझसे मेरी जाति के बारे में नहीं पूछा इससे यह साबित होता है कि सरकार द्वारा जारी जाति आधारित सर्वे रिपोर्ट फर्जी एवं मनगढ़ंत है। ऐसे आरोपों की भरमार है। जातिगत अल्पसंख्यक की मांग के लिए एकजुट हो रही चार फीसदी से कम वाली जातियां।



# गुरु जी और शिष्य

प्रेरक प्रसंग

एक जंगल में गुरु जी का एक आश्रम था ,उनके पांच शिष्य थे। पांचो बड़े होनहार थे। एक बार शिष्यों के अंतर्मन को जानने के लिए गुरु जी ने उनकी परीक्षा लेने की सोची। गुरु जी ने सभी शिष्यों को बुलाया और उनके हाथ में एक एक कबूतर पकड़ा दिए और बोले झ तुम लोग अलग दिशाओ में जाओ और इस पक्षी को ऐसी जगह मारना जहाँ कोई भी न देख रहा हो। गुरु की आज्ञा के अनुरूप सारे शिष्य पक्षी को लेकर अलग अलग दिशाओं में चल दिए।

कुछ देर बाद सारे शिष्य एक एक करके वापस आ गए। सबके हाथ खाली थे परन्तु एक शिष्य के हाथ में जिन्दा पक्षी था।



गुरुजी ने सबसे एक एक करके पूछना शुरू किया कि किसने कैसे पंक्षी को मारे । पहले ने बताया, गुरु जी मैं जंगल में एक सुनसान बृक्ष के पीछे गया, चारों तरफ नजर दौड़ाई, मेरे सिवा वहां कोई नहीं था, मैंने पंछी को मार दिया उसे मरते हुए किसी ने नहीं देखा।

**दूसरा ने बताया**-गुरु जी मैं जंगल में एक पुराने कुए के अंदर गया वहां कोई नहीं था मैंने पंछी को मार दिया और वहां किसी ने नहीं देखा।

**इसी प्रकार तीसरे और चौथे शिष्य ने भी अपनी बात बताई।**

गुरु जी ने पांचवे शिष्य से पूछा , कि तुम बताओ, सबने पक्षी को मार दिया, तुमने क्यों नहीं मारा। एक तो तुम सबसे देर से वापस आये और पक्षी को मारा भी नहीं। क्या तुम्हे कोई ऐसी जगह नहीं मिली जहाँ तुम इसे मारते। .. ..**जारी।**

जानकारी

# बेंगलुरु से ऊटी

चाहे वह आकर्षक विक्टोरियन वास्तुकला वाली इमारतें हों, हरे-भरे स्थान हों, आधुनिक और विचित्र कैफे हों या उबेर-कूल बिस्ट्रो हों, बैंगलोर शहर इसे दुनिया भर के यात्रियों के बीच घूमने के लिए एक लोकप्रिय गंतव्य बनाता है। यात्रियों के बेंगलुरु की ओर आकर्षित होने का एक और कारण यह है कि यह दक्षिण के तटीय क्षेत्र के बहुत करीब है और यह शहर दक्षिण के कुछ सबसे आकर्षक और खूबसूरत स्थानों से जुड़ता है। यदि आप बैंगलोर की अपनी यात्रा की योजना बना रहे हैं, तो पहाड़ियों की रानी ऊटी की यात्रा करना न भूलें, जो दक्षिण भारत का एक और सुरम्य स्थान है जो अपनी शानदार सुंदरता से आपको मंत्रमुग्ध कर देगा। ऊटी नीलगिरी के नीले पहाड़ों के बीच बसा हुआ है और बैंगलोर के लोगों और दुनिया भर के अन्य यात्रियों के बीच एक लोकप्रिय सप्ताहांत छुट्टी गंतव्य है। बैंगलोर से ऊटी की दूरी लगभग 300 किमी है और यदि आप बैंगलोर में हैं और ऊटी की यात्रा करना चाहते हैं तो परिवहन के बहुत सारे विकल्प उपलब्ध हैं। आप बेंगलुरु से ऊटी तक कार से जा सकते हैं, क्योंकि ऊटी का मार्ग पश्चिमी और पूर्वी घाटों, बादलों को छूने वाली पहाड़ी सड़कों और बांदीपुर के हरे-भरे जंगलों के दृश्यों से भरा है।



# Xiaomi ने मारी जोरदार एंट्री!



नई **दिल्ली :** .शाओमी ने सस्ते 5G स्मार्टफोन के मामले में भारत में जबरदस्त एंट्री की है। इसके बाद सैमसंग और Vivo आते हैं। रियलमी और ओप्पो भी 5G मार्केट में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए एंट्री मारी हैं। इसके साथ ही, वीवो और सैमसंग भारतीय स्मार्टफोन मार्केट में अपनी हिस्सेदारी को बढ़ा रहे हैं। वीवो तीसरे पायदान पर है जबकि सैमसंग 18 फीसदी मार्केट शेयर के साथ टॉप पर है। Xiaomi ने सस्ते 5G स्मार्टफोन के मामले में जोरदार एंट्री मारी है। बता दें कि भारत सस्ते 5G स्मार्टफोन का एक बड़ा मार्केट है, जिसमें शाओमी के स्मार्टफोन की सबसे ज्यादा डिमांड है। बता दें कि भारत में एंट्री लेवल स्मार्टफोन की डिमांड बढ़ी है। अगर सस्ते 5Gस्मार्टफोन के मार्केट शेयर की बात करें, तो शाओमी के बाद सैमसंग इस लिस्ट में दूसरे पायदान पर काबिज है, जबकि 72 लाख स्मार्टफोन की बिक्री के साथ Vivo तीसरे पायदान पर काबिज है। Canalys की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में बीती तिमाही में रियलमी और ओप्पो ने 58 लाख और 44 लाख स्मार्टफोन की बिक्री की है। इन आंकड़ों के साथ चौथे और पांचवे पायदान पर काबिज है। 5Gस्मार्टफोन के मामले में रियलमी और ओप्पो ने एंट्री मारी है। बीते तिमाही में 5Gमार्केट में हिस्सेदारी बढ़ी है। इसमें नए 5Gस्मार्टफोन को लॉन्च किया गया है। इसमें शाओमी, ओप्पो और वीवो का नाम सबसे आगे आता है।

साइबर दुनिया

टॉप ट्वीट

"श्री अमितशाह जी को जन्मदिन की शुभकामनाएं। वह भारत की प्रगति और गरीबों के लिए बेहतर जीवन गुणवत्ता सुनिश्चित करने को लेकर उत्साहित हैं।"

नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री





"आसरा जैसी फिल्में रोज नहीं बनती और जब बनती है तो वह दिल को छू जाती है, इसलिए मैं बस भोजपुरी मूवी लवर्स इतना ही कहना चाहूंगा कि इस फिल्म को आप खूब प्यार और आशीर्वाद दें"

रितेश पांडेय
भोजपूरी अभिनेता

संपादक के नाम पत्र

## रावण का चरित्र भी देता है शिक्षा

हर पौराणिक मात्र हमें जिंदगी का कोई सबक देता है। हर किसी की जिद से कुछ-न-कुछ सीखा जा सकता है। पात्र नायक हो या खलनायक उससे जीवन से बहुत कुछ दिया जा सकता है। ऐसी गलतिया जो रावण ने की वो हम जीवन में कभी न वोहराएं। रामण ने महापंडित हुए भी क्या गलतियां की और से इमे आज के जीवन में कैसे सिखा सकती है । सूचना तंत्ररामायण के मुताबिक रावण ने कभी अपने राज्य में कोई गुप्तचर नहीं रखें। इसलिए महाशक्तिशाली होते हुए भी उसका सूचना तंत्र कमजोर रहा। हम आज जहां है, वहां सूचना तंत्र मजबूत होना चाहिए। मैनेजमेंट के इस दौर में बिना सूचना तंत्र काम करना मुश्किल होता है। वैसे तूलसीकृत रामचरित मानस में रावण के गुसचर तंत्र में उल्लेख है। सुंदरकांड में भिषण के पीछे रावण ने अपने गुप्तचर भेजे थे, मगर उन गुप्तचरों की सूचना पर रावण ने हंसी में उड़ा दिया, यदि उसने राम की सैन्य शक्ति संबंधी गुप्तचरों की सूचना पर अमल किल्ला होता, तो रामायण का परिणाम कुछ और भी हो सकता था। अभिमान न करेंरावण की दूसरी कमजोरी यह थी कि वह किसी की सलाह पर ध्यान नहीं था। उसे खुद की शक्ति का इतना अभिमान था कि उसने कभी मंत्रियों, परिजनों और अपने मित्रों का कहना नहीं माना। आप इससे सीख सकते हैं कि जीवन में सफलता केवल शक्ति से नहीं मिलती, इसके लिए अच्छे सलाहकारों की भी आवश्यकता होती है।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## एक व्यक्ति से रुपए छिनते एक युवक चढ़ा पुलिस के हत्थे

**सुगौली, पू. च:** स्थानीय थाना क्षेत्र के सुगौली-छपवा- मोतिहारी राष्ट्रीय उच्च पथ में बंगरा नहर के पास शाम होते हीं लुटेरों ने एक व्यक्ति से मारपीट कर 13 हजार रुपये लूट लिए।लूट का शिकार व्यक्ति इकबाल हुसैन ने लुटेरों को पकड़ने का प्रयास किया।जिसमें तीन भागने में सफल रहे जबकि उसने एक को पकड़ लिया।और पुलिस के 112 नंबर पर फोन किया।घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची 112 नंबर की पुलिस टीम में एएसआई अनिल चौधरी ने पकड़ाये युवक को कब्जे में लिया और उससे पूछताछ की। पूछताछ में पकड़ाए युवक के बताये अनुसार बाकी के लोगों की धर-पकड़ के लिए पुलिस टीम छापेमारी में जुट गई है। पकड़ाया व्यक्ति जसपाल चौधरी बताया गया है। पीड़ित इकबाल हुसैन ने बताया कि वह अपने लोगों के साथ छपवा की ओर जा रहा था। बंगरा नहर के पास शौच के लिए रुका जहां चार लोगों ने उसको घेर लिया और मारपीट कर उसके पास से 13 हजार रुपये छीन लिया। शोरगुल और धार-पकड़ के दौरान तीन लोग भागने में कामयाब रहे।

# तांत्रिक शक्तिपीठ के रूप में है अति प्राचीन तिलडीहा दुर्गा मंदिर की ख्याति, जुटते हैं श्रद्धालु

**इस मंदिर को लोग आज भी खप्परवाली मां के नाम से जानते हैं**

**रंजीत कुमार विधार्थी**





**मुंगेर :** पूर्वी बिहार एवं अंग प्रदेश क्षेत्र का प्रसिद्ध तांत्रिक शक्ति सिद्धि पीठ स्थल के रूप में मशहूर तिलडीहा दुर्गा मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ लगने लगी है। करीब चार सौ वर्ष प्राचीन यह मंदिर बांका और मुंगेर जिले की सीमा पर बदुआ नदी के तट पर है। वैसे तो यहां पूजा-अर्चना के लिए हमेशा श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है लेकिन नवरात्र पर इसका अलग ही महत्व है। विजयादशमी तक देखें तो श्रद्धालुओं की भीड़ लाखों में पहुंच जाती है। मां तिलडीहा के दरबार में आज भी बलि प्रथा का प्रचलन है।जानकारी के अनुसार, बंगाल राज्य के शांतिपुरा जिले के दालपोसा गांव के हरिबल्लभ दास दो भाई थे। दोनों मां दुर्गा के उपासक थे। किसी विवाद के कारण हरिबल्लभ दास अपने घर से भाग कर तिलडीहा स्थित श्मशान पहुंच गए। जिन्होंने वर्ष वर्ष 1603 में तांत्रिक विधि से 105 नरमुंड पर तिलडीहा स्थित बदुआ नदी के किनारे श्मशान घाट में मां भगवती दुर्गा के मंदिर की स्थापना की थी। इसके बाद यहां तांत्रिक पूजा शुरू हुई जो आजतक चल रही है। वर्तमान में उन्हीं के वंशज इस मंदिर के मेढ़पति योगेश चंद्र दास हैं।

**अबतक कच्चा है माता का पिंड स्थल** समय के अनुसार इस मंदिर के स्वरूप में भी परिवर्तन किया गया। पूर्व में पुआल के मंदिर से खपड़ैल व फिर खपड़ैल से पक्का बना दिया गया लेकिन मंदिर के अंदर की जमीन व माता का पिंड स्थल आज भी कच्ची मिट्टी का ही है। यहां के लोगों का कहना है कि माता का यह आदेश है कि पिंड कच्चा ही रहेगा, इस मंदिर को लोग आज भी खप्परवाली मां के नाम से जानते हैं। इस मंदिर की एक खास विशेषता यह है कि यहां मां भगवती के खड़ग व अरधा प्राचीन काल का है जिससे पहली बलि मेढ़पति के द्वारा ही बंद मंदिर में दी जाती है. मान्यता के अनुसार मां दुर्गा को लाल चुनरी बहुत ही प्रिय है, जिसे चढ़ाने से भक्तों की मुरादें पुरी होती हैं. इसी आस्था व विश्वास के साथ यहां दशहरा के महाअष्टमी के साथ-साथ प्रत्येक मंगलवार व शनिवार को बिहार, झारखंड, बंगाल, यूपी, नेपाल से बड़ी संख्या में श्रद्धालू यहां पहुंचकर मां दुर्गा को चुनरी चढ़ाकर मन्नतें मांगते हैं. यह हर वर्ष हजारों श्रद्धालू दूर-दूर से मुंडन एवं अन्य अनुष्ठान कराने आते हैं।

**सिद्धि के लिए पहुंचते हैं तांत्रिक**

शक्ति सिद्धि पीठ रहने के कारण बिहार, झारखंड, बंगाल, यूपी आदि राज्यों से सैकड़ों तांत्रिक तंत्र-मंत्र विधा की सिद्धि के लिए अष्टमी को पहुंचते हैं। इस भव्य आयोजन में ग्रामीण व जिला प्रशासन के साथ-साथ मुंगेर जिला प्रशासन का भी काफी सहयोग रहता है। यहां आने के लिए बांका जिले के शंभूगंज के रास्ते एवं मुंगेर जिला के तारापुर से हमेशा वाहन उपलब्ध रहता है। ट्रेन मार्ग से आने के लिए सुल्तानगंज व जसीडीह उतरने के बाद तारापुर के लिए वाहन आसानी से मिल जाता है।

# न्यूज फटाफट

## पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में पुलिस स्मरण दिवस पर शहीदों को नम आंखों से किया गया याद

**बगहा :** पुलिस अधीक्षक सहित जिला के सभी पुलिस कर्मियों ने नम आंखों से शनिवार-21 अक्टूबर को बगहा पुलिस केन्द्र में पुलिस स्मरण दिवस पर कर्तव्य पथ पर अपनी जान की आहुति देने वाले पुलिस कर्मियों को याद किया। इस अवसर पर पुलिस जिला के पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मी द्वारा उन सहकर्मीयों को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया, जिन्होने पिछले एक वर्ष के दौरान देश में अमन-चैन, भाईचारा एवं समाजिक सहिष्णुता बनाए रखने के क्रम में कर्तव्य की बलिवेदी पर अपने प्राणों की आहुति दिये। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक किरण कुमार गोरख जाधव, बगहा अपर पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बगहा व रामनगर सहित मौजुद अन्य पुलिसकर्मियों के द्वारा शहीद पुलिसकर्मियों को नमन आंखों से याद कर पुष्प गुच्छा अर्पित किया गया और दो मिनट का मौन रखा गया।

## पांच धुर के लिए महिला को गोली मारकर हत्या

**बेतिया/योगापट्टी :** थाना क्षेत्र के बडहरवा खलवा टोला गांव में पांच धुर घरारी के जमीनी विवाद में एक घर में सोयी महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। घटना शुक्रवार की देर रात की बतायी जाती है। घटना को लेकर गांव में तनाव है। घटना के बाद योगापट्टी थाना की पुलिस घटनास्थल पर कैम्प कर रही है। मृत महिला की पहचान बड़हरवा खलवा टोला गांव निवासी डोमा चौधरी की 45 वर्षीय पत्नी राजमती देवी की रुप में हुई है। जानकारी के अनुसार घर में सोई महिला के सिर के बीच गोली लगी है। गोली लगने के बाद घायल अवस्था में महिला को परिजनों द्वारा योगापट्टी पीएचसी में प्राथमिक इलाज किया गया। प्राथमिक इलाज करने के बाद डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए बेतिया रेफर कर दिया। जहां इलाज के बाद जीएमसीएच के डाक्टरों ने उक्त महिला को पटना रेफर कर दिया और रास्ते में उसकी मौत हो गई।

## देशी कट्टा और कारतूस के साथ एक युवक गिरफ्तार

**बेतिया/ नरकटियागंज :** शहर स्थित फ्लाई ओवर पर कट्टा और कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार शिकारपुर थाना अन्तर्गत नरकटियागंज नगर परिषद स्थित रेलवे फ्लाई ओवर पर जांच के क्रम में एक देशी कट्टा एंव दो जिन्दा कारतुस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार दिनांक 19 अक्टूबर की रात में शिकारपुर थाना की पुलिस ने नरकटियागंज रेलवे फ्लाई ओवर पर वाहन जांच के क्रम में एक बाइक को जांच के दौरान रोका गया। बाइक रुकते ही पीछे बैठा व्यक्ति उतर कर भागने में सफल रहा। बाइक चालक की तलाशी ली गयी तो उसके पास से एक लोडेड देशी कट्टा तथा पैन्ट के पॉकेट से एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ जिसने पूछने पर अपना नाम आकाश चौधरी पिता मनोज चौधरी तरहरवा थाना शिकारपुर बताया। जिसे अवैध हथियार और कारतूस रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। भागने वाले व्यक्ति के सम्बंध में, गिरफ्तार युवक ने बताया कि उसका नाम निखिल कुमार पिता अनील कुमार, शिवगंज वार्ड नं-07 है।

## अज्ञात चोरों ने दुकान से चुराया 50 हजार का समान

**नोखा (रोहतास) :** थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार स्थित संजय केसरी नामक व्यक्ति के एक किराना दुकान में शुक्रवार की देर रात्रि पीछे से दीवाल में सेंध मार चोरों ने चोरी कर ली। बताया जा रहा है कि चोरों ने लगभग 50 हजार रुपए की समानों की अज्ञात चोरों ने चोरी कर फरार हो गए। इस घटना के संबंध में पीड़ित दुकानदार ने लिखित शिकायत द्वारा अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करा दी है। जिसकी जांच में पुलिस जुट गई है।

## दुर्गा पूजा को लेकर वार्ड पार्षद ने सफाई अभियान चलाया

**नोखा (रोहतास):** दुर्गा पूजा को लेकर थाना क्षेत्र के नहर डॉग के पास वार्ड पार्षद सुनीता गुप्ता द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। जिसको लेकर वार्ड पार्षद ने क्षेत्र अंतर्गत सफाई करवाते हुए कहा कि मां दुर्गा पूजन पर मेरी पहली प्राथमिकता सफाई अभियान करना हैं। ताकि वार्ड की जनता को सफाई के प्रति लोगों को किसी प्रकार की समस्या न हो सकें। इस मौके पर उपस्थित राजद के नोखा प्रखंड उपाध्यक्ष विकास चौहान पप्पू सिंह कई लोग मौजूद था।

## अज्ञात चोरों ने एक बाइक चुराई

**नोखा (रोहतास) :** थाना क्षेत्र के काली मंदिर समीप से शनिवार की सुबह 9 बजे बाइक चोरों ने एक बाइक चुरा लिया। बताया जाता है कि स्थानीय निवासी प्रिंस कुमार अपने बाइक से काली मंदिर में समीप बाइक खड़ी कर पूजा करने गए थें। लेकिन जब वह पूजा कर वापस आए तो उनकी बाइक वहां से गायब थी। जिसकी उसने काफी खोजबीन भी किया। लेकिन अज्ञात चोर बाइक को चुरा भागने में सफल रहें। घटना के बाद पीड़ित व्यक्ति के बड़े भाई सोनू कुमार के द्वारा स्थानीय थाना प्राथमिकी दर्ज करा दी गई है।

# डोला यात्रा के बाद खुला माता का पट उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**राष्ट्रीय खबर**



**सुगौली, पू.चः** प्रखंड अंतर्गत पंचायत करमवा में शनिवार को डोला यात्रा निकाला गया। डोला यात्रा के बाद माता का पट खुलते ही पूजा पंडाल में पूजा अर्चन करने के लिए श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़। प्रखंड के करमवा में हर्षोउल्लास के साथ दुर्गा पूजा मनाया जा रहा है। माता के दर्शन व पूजन के लिए श्रद्धालुओं की कतार पूजा स्थल पर लगी हुई थी। प्रखंड के करमवा पंचायत के द्वारिकानाथ बाबा मठ में भव्य पंडाल का निर्माण किया गया है। वही आज सुबह डोला यात्रा के बाद विद्वान पंडित रंजीत आचार्य के द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ माता की पूजा शुरू किया गया। श्रद्धालु माता रानी की जयकारा लगा रहे थे। माता का पट खुलने के साथ ही श्रद्धालुओं ने भोग लगाया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच प्रतिमाओं में प्राण प्रतिष्ठा की गई। जिसके बाद मां दुर्गा का पट श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोल दिया गया। पूजा पंडालों में महिला व पुरुषों के लिए अलग अलग मार्ग बनाया गया है। पूजा पंडालों में सुरक्षा के सभी व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर भव्य मेला लगा हुआ है। वही पूजा आयोजन समिति अध्यक्ष बैजू सिंह ने बताया कि पूजा करमवा के समस्त ग्रामवासियों के द्वारा कराया जा रहा है। दुर्गा पूजा के अवसर पर कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं मेला का आयोजन भी किया गया है। मेले में अधिक भीड होने के कारण सुरक्षा के दृष्टिकोण से व्यापक पैमाने पर इसकी तैयारी की गई है। मौके पर आयोजन समिति में अरुण मिश्रा, उपेन्द्र यादव, उमेश मिश्रा, सीताराम पटेल, नागेंद्र यादव, संदीप गिरी आदि मौजूद रहे।

# शहीदों के सम्मान में एसएसबी ने मनाया पुलिस स्मृति दिवस

**राष्ट्रीय खबर**



**बगहा :** एसएसबी 65वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बगहा के प्रांगण मे शहींदों के सम्मान में शनिवार को पुलिस स्मृति दिवस मनाया गया। इस दौरान 01 सितम्बर 2022 से 31 अगस्त 2023 के बीच पुलिस बलों तथा केन्द्रीय सशस्त्र बलों के उन जवानों को श्रद्धांजली दी गई तथा पुष्प अर्पण किया गया जिन्होने देश की रक्षा करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। कार्यक्रम मे 65 वी वाहिनी के कार्यवाहक कमांडेंट अच्युत सिंह के साथ उप कमांडेंट सौरभ कुमार, अभिषेक सुहाने, सहायक कमांडेंट भरत सिंह यादव (संचार) तथा समस्त बल कर्मियों ने शहीदों को नमन आंखों से श्रद्धांजली दी। उन वीर जवानों के सम्मान मे गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया तथा शोक शस्त्र परेड कर 2 मिनट का मौन धारण किया गया। वाहिनी के कार्यवाहक कमांडेंट अच्युत सिंह ने उपस्थित समस्त बल कर्मियों को पुलिस झंडा दिवस के उपलक्ष्य में पुलिस झंडा दिवस का प्रतीक (स्टीकर) वर्दी पर लगाया तथा समस्त बल कर्मियों संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस स्मृति दिवस की गौरवशाली बेला मे आज हम सभी उन शहींदों के सम्मान में एकत्रित हुए है जो देश की सुरक्षा के लिए अपनी जान की बाजी लगाने मे पीछे नहीं हटे। रक्षा धर्म का पालन करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। आज के दिन ही वर्ष 1959 में भारत तिब्बत सीमा की सुरक्षा के लिए लद्दाख मे हॉट स्प्रिंग मे सीआरपीएफ के जवानों को तैनात किया गया था। जब बल के 21 जवानो का गस्ति दल हॉट स्प्रिंग मे गस्त कर रहा था तभी चीनी फौज के एक बहुत बड़े दस्ते ने इस गस्ति टुकड़ी पर घात लगाकर आक्रमण कर दिया, तब बल के मात्र 21 जवानो ने चीनी आक्रमणकारियो का डट कर मुकाबला किया। जिसमे मातृभूमि की रक्षा करते हुए 10 शूरवीर जवानो ने अपने प्राणो का बलिदान दिया। उन्ही बहादुर जवानो की याद में ये खास दिन मनाना शुरू किया गया था।

# जनसंवाद कार्यक्रम में उप स्वास्थ्य केंद्र की उठी मांग

**राष्ट्रीय खबर**



**बगहा/मधुबनी :** पीएचसी अंतर्गत मधुबनी पंचायत में उप स्वास्थ्य केंद्र नहीं होने का मामला मधुबनी अंचल कार्यालय परिसर में जन संवाद आयोजित कार्यक्रम में एसडीएम अनुपमा सिंह के समक्ष उठा। जिसमें आरोप लगाते हुए मधुबनी पंचायत के वार्ड नं.12 रँगलही के वार्ड सदस्य विशाल सिंह ने पत्र के माध्यम से ध्यान आकृष्ट कराया है। कहा कि पूर्व से रँगलही पंचायत हुआ करता था। लेकिन बाद में सरकार ने इस पंचायत को मधुबनी पंचायत में सम्मिलित कर दिया। इस दौरान उन्होंने बताया कि अब तक उप स्वास्थ्य केंद्र का उक्त स्थल पर कोई अता पता नहीं है। एक तरफ बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार स्वास्थ्य के प्रति प्रत्येक पंचायतों में उप स्वास्थ्य केंद्र होने के साथ साथ डॉक्टर की टीम होने की दावा करती रही है। लेकिन यह मामला इस क्षेत्र के लिए गम्भीर विषय बन चुका है। बगहा एसडीएम डॉ.अनुपमा सिंह ने पीएसी पदाधिकारी को इसकी विधिवत रूप से जांच कर जल्द से जल्द रिपोर्ट तैयार कर कार्यालय को सौंपने की आदेश दिया है। इस प्रकरण में मधुबनी पीएसी पदाधिकारी आंनद कुमार ने बताया कि उक्त गांव में भवन नहीं होने के कारण उप स्वास्थ्य केंद्र स्थापित नहीं है। हलाकि एएनम की तैनाती कागजी हिसाब से फुलफिल है। जबकि एएनएम भवन नहीं होने के कारण भी टीकाकरण में उस गांव के अगल-बगल वार्डों में अपनी भूमिका निभाती रही हैं।

# धुमधाम से निकली बेलवंती रानी की डोली, मां के जयकारे से गूंजा वातावरण

**राष्ट्रीय खबर**



**बगहा :** अनुमंडल क्षेत्र के नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार के दिन देवी स्वरूपा बेलवंती रानी को डोली में लेकर श्रद्धालुओं का काफिला धुमधाम से निकला। मां के जयकारे के साथ भक्तों का काफिला सड़क पर निकला तो नजारा देखते ही बनता था। युवकों में मां दुर्गा की डोली को कंधा लगाने की होड़ मची रही। शनिवार की सुबह नगर व ग्रामीण क्षेत्र के सभी पूजा पंडालों में माता की डोली सजी और बैंड बाजे के बीच भक्त मां को बुलाने के लिए निकल पड़े। पुजा समिति बगहा एक चौक, बांबे बाजार, पठखौली-मलकौली, दुर्गा पूजा समिति नवयुवक दल पठखौली, मां दुर्गा पूजा समिति व्यवसायी संघ, दुर्गा पूजा समिति स्टेशन चौक, रामपुर, सिधावं, हरनाटांड, देवरिया तरुआनवा समेत अन्य सभी पूजा पंडालों से माता की डोली निकली। डोली यात्रा में सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने के लिए नगर थानाध्यक्ष मुन्ना कुमार पठखौली ओपी प्रभारी नितेश कुमार, व लौकरिया थानाध्यक्ष अभय कुमार महिला व पुरुष सुरक्षाकर्मियों के साथ मुस्तैद रहे। अपने-अपने क्षेत्र में थानाध्यक्ष लगातार मोनिटरिंग करते रहे। दशहरा को देखते हुए थाना क्षेत्रों में पुलिस जिला से अतिरिक्त पुलिस बल की भी तैनाती की गई है। इस दौरान मां दुर्गा के जयकारे से वातावरण गुंजायमान हो गया। भक्तिमय माहौल के बीच निकली डोली यात्रा में समिति के अध्यक्ष सहित समिति के सदस्य बेलवंती रानी की डोली के कुशल नेतृत्व व संचालन में जुटे रहे।

# आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं ने विधायक को दिया ज्ञापन



**राष्ट्रीय खबर**

**जगदीशपुर/भोजपुर :** आंगनबाड़ी कर्मचारी यूनियन संयुक्त मोर्चा के बैनर तले जगदीशपुर प्रखंड इकाई के आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका ने विभिन्न मांगों को लेकर रविवार को स्थानीय विधायक राम विशुन सिंह लोहिया के निजी आवास प्रखंड के ढाकाकरण पहुंचकर ज्ञापन दिया। संघ के जिला सचिव पूनम देवी ने विधायक से अपनी मांगों को सरकार तक पहुंचाने की अनुरोध की है। विधायक ने आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका को भरोसा दिलाया कि उन लोगों की मांगों को आगामी विधानसभा सत्र में उठाया जाएगा। आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका की मांग सही है।

## रितु जायसवाल ने किया चिलरा में मौर्या इलेक्ट्रिक व्हीकल शोरूम का उद्घाटन



**राष्ट्रीय खबर**

**सोनबरसा / सीतामढ़ी :** राष्ट्रीय जनता दल महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष रितु जायसवाल ने सोनबरसा प्रखंड के चिलड़ा चौक पर वीणा उत्सव पैलेस के निकट मौर्या इलेक्ट्रिक व्हीकल शोरूम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने शोरूम के प्रोपराइटर सुनील कुमार को बधाई दी। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में इलेक्ट्रिक व्हीकल के योगदान की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि-आने वाला समय इलेक्ट्रिक व्हीकल का है, जिसमें स्वच्छ ऊर्जा का प्रयोग किया जाता है। पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ यह डीजल और पेट्रोल पर हमारी निर्भरता को कम करेगा जिससे हमारे देश की अर्थव्यवस्था में सुधार होगा। मौके पर स्थानीय सैकड़ो गणमान्य व आम ग्रामीण व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# जनसंवाद कार्यक्रम में फिर उठा धर्मांतरण का मुद्दा

## जांच का आदेश देने के बाद भी नहीं किया गया कार्रवाई

**कथित धर्मगुरु पर इस मामले में युपी के बिशुनपुरा थाना में दर्ज हैं प्राथमिकी**

**राष्ट्रीय खबर**




**बगहा/मधुबनी :** प्रखंड के खोतहवां पंचायत के गोबरहिया गांव में वर्षों से चला आ रहा धर्मांतरण के खिलाफ लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। जिसको लेकर प्रखंड में आयोजित हो रहे जनसंवाद कार्यक्रम में यह मुद्दा जनप्रतिनिधियों से लेकर आम आदमी द्वारा जोर शोर से उठाया जा रहा है। 14 अक्टूबर को पश्चिमी चंपारण के डीएम दिनेश कुमार राय के समक्ष प्रखंड प्रमुख विजया सिंह व प्रदीप ठाकुर के द्वारा यह मामला जोर शोर से उठाया गया। इस प्रकरण में डीएम ने जांच कर करवाई करने का आदेश जारी किया। वही कार्रवाई नहीं होने पर शुक्रवार वार को मधुबनी प्रखंड के मधुबनी पंचायत में जनसंवाद कार्यक्रम में वार्ड सदस्य विशाल सिंह ने साफ तौर पर कहा कि यह गोरख धंधा पूर्व से चल रहा है। इसको लेकर वरीय अधिकारियों को इसकी सूचना पत्र के माध्यम से दिया जा चुका है। बतादें कि कल तक वह आदमी टेंट हाउस में 2 सौ रुपये की मजदूरी करने वाला शख्स आज लक्जरी गाड़ी से घूम रहा है। गोबरहिया में चलता फिरता चर्च का निर्माण किया गया है। जहां रविवार तथा बृहस्पतिवार को हजारों लोगों की भीड़ में वह व्यक्ति फादर बन कर हाथ में माइक लेकर ईसा मसीह का नाम लेकर पानी का बोतल बेच कर बीमारी दूर करने का ढोंग करता है। वही 3 सौ रुपये से लेकर 5 सौ रुपये तक गरीब अनजान लोगों से फीस के नाम पर लिया जाता है। जबकि चर्च परिसर में ईसामसीह का फोटो कलेंडर धड़ल्ले से बिकता है। फोटो बेचने वाले लोग यूपी के अन्यत्र गांवों के बताये जाते हैं। और लोगों ने कहा कि अगर यह बन्द नहीं होता है तो मधुबनी प्रखंड के सभी लोग कहा धरना प्रदर्शन पर उतरेंगे । ज्ञात हो कि कथित धर्म गुरु राजकुमार द्वारा पूर्व में यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश के बिशुनपुरा थाना क्षेत्र के जंगल लुअठहां गांव में चलाया जा रहा था । जहां लोगों के विरोध के बाद कथित धर्मगुरु राजकुमार को अपनी दुकान बंद कर भागना पड़ा । वहीं राजकुमार पर बिशुनपुरा थाना में ईसाई धर्म के प्रचार-प्रसार व धर्म परिवर्तन कराने को लेकर एक प्राथमिक 12/07/2022 में दर्ज की गई है । जिसका कांड संख्या 185/22 हैं । इस कांड में राजकुमार सहित ग्यारह लोगों को नामजद करते हुए 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। जिसके भय से कथित धर्मगुरु अपनी दुकान युपी से बंद कर बिहार में चलाना शुरू किया। जहां कुछ लोगों के संरक्षण में फल-फूल रहा है।

## दुर्गा समिति सदस्यों ने मनाया 78वां पूजा महोत्सव

**नोखा (रोहतास) :** थाना क्षेत्र के उतरी बरांव पंचायत में आदर्श नवयुवक संघ दुर्गा समिति सदस्यों ने 78वां पूजा महोत्सव मनाया। जिस कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया प्रतिनिधि बबलू गुप्ता ने की। इस अवसर पर मां दुर्गा मूर्ति एवं भव्य पंडाल की रूपरेखा को

प्रतिनिधि ने बताया कि उत्तरी बरावं के सभी ग्रामीण एवं सदस्यों ने तन मन धन से सभी लोगों की मदद से ही पूजन कार्य हर साल सफल होता है। जिसके लिए सभी सदस्य बधाई के पात्र है। इस मौके पर मुखिया हिना देवी, सरपंच सीमा देवी, नीरज सिंह, मुकेश कुमार, बच्चन गुप्ता, अख्तर अंसारी, मुन्ना यादव, गोलू कुमार, सचिव मुकेश कुशवाहा, कोषाध्यक्ष अजय कुशवाहा सहित अन्य लोग उपस्थित थें।

## प्रदेश >> अपडेट

### पर्यावरण की रक्षा के लिए करें पौधरोपण :अमित

**पलामू :** जिले के छतरपुर पूर्वी के विभिन्न पूजा पंडालों से निकले करीब दर्जनभर कलश यात्रा में जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल और विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने 500 पौधा कलश यात्रियों के बीच वितरित किया।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### शिवाय ब्लू होटल में आयोजित डांडिया नाईट का उद्घाटन

**पलामू :**शहर के शिवाय ब्लू होटल में आयोजित डांडिया नाईट का उद्घाटन निगम के प्रथम मेयर अरुणाशंकर, छतरपुर के डाली पंचायत के मुखिया पूनम जायसवाल और विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्राणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने संयुक्तरूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में पर्यावरण के क्षेत्र में पिछले 57 वर्षों से देश विदेश के कई राज्यों में उल्लेखनीय कार्य के लिए कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि नगर निगम के प्रथम मेयर अरुणा शंकर ने पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल एवं उनकी धर्मपत्नी सह बी पी एस ए संस्था के प्रधान सचिव व छतरपुर ग्राम पंचायत डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल को पुष्पगुच्छ एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। डांडिया सम्मेलन में पर्यावरणविद ने कहा कि आज समाज के अधिकांश लोग प्रदूषण की चपेट में हैं और अपने दैनिक कार्यों के निष्पादन में काफी परेशान व तनाव में है। वैसी स्थिति में कला संस्कृति सम्मेलन तनावों व तन और मन का प्रदूषण को दूर करने में कारगर साबित होता है। उन्होंने कहा कि आज के परिवेश में ऐसे आयोजन की प्रासंगिकता और बढ़ गयी है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### लोहरा समाज की बैठक में कई निर्णय लिए गए

**चंदवा :** कृषिफार्म कुसुम टोली के प्रांगण में आदिवासी लोहरा समाज की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता बसंत लोहरा और संचालन उषा देवी ने की। बैठक में लोहरा जाति का प्रमाण पत्र बनाने और संगठन विस्तार एवं समाज के विकास पर चर्चा की गई।आदिवासी लोहरा समाज के केंद्रीय कमिटि का गगिरीति पर सामुहिक विचार विमर्श किया गया साथ ही समाज में फैले कुरीतियों को दूर करने का निर्णय लिया। पुलिस मौके पर सुरेश नाथ लोहरा,अजय लोहरा,दुलसा लोहरा,शीला कुमारी,निशा कुमारी, प्रीति कुमारी समेत दर्जनाधिक लोग उपस्थित थे।

### पर्व विधायक शिवपूजन मेहता ने किया मेहता ट्रेडर्स का उद्घाटन

**हुसैनाबाद ,पलामू :** जपला छत्तरपुर मेन रोड स्थित संडा में हुसैनाबाद हरिहारगंज के पूर्व विधायक सह आजसू के केंद्रीय उपाध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने मेहता ट्रेडर्स का फीता काट कर उद्घाटन किया। उन्होंने मौके पर कहा कि आज के समय काफी युवा रोजगार से जुड़ कर अपने परिवार को चला रहें हैं। हमारे क्षेत्र के युवा आगे आये मै उन्हे हर सम्भव मदद करेंगे। मौके पर प्रो. हरिंदन मेहता ने बताया कि हमारे यहा उचित दाम पर सभी तरह के सीमेंट व छड़ उपलब्ध है आगे उन्होंने कहा कि ग्राहकों की संतुष्टि ही हमारी दुकान की पहली प्राथमिकता होगी।मौके पर समाजसेवी मदन पासवान,मुकेश मेहता,राजेश्वर यादव,गुड्डू मेहता,कुंदन पासवान, पियूष सुमन,धर्मेंद्र मेहता,रामराज पासवान, रंजीत वर्मा,राजू पासवान,दिनेश मेहता,दीपक कुमार,गोरख पासवान, सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

---

**दीक्षांत समारोह** भाजपा खेमा की अटकलबाजी का हवा निकल गयी बहुत जल्द

# भाजपा से जुड़ने का अब कोई सवाल नहीं: नीतीश कुमार

- नीतीश ने खुद ही बात की सफाई दी
- हवा बहुत तेज उड़ायी गयी थी इसकी
- सुशील मोदी को भी लपेट लिया सीएम ने

**राष्ट्रीय खबर**



**पटना:** भाजपा की तरफ से यह अफवाह फैलायी गयी थी कि नीतीश कुमार के जदयू का भाजपा की तरफ झुकाव रहा है, लेकिन उन्हें बिहार सीएम द्वारा पूरी तरह से इनकार कर दिया और साफ कर दया कि उनके बयान को गलत तरीके से समझा गया था। मोतिहारी में दीक्षांत समारोह को मीडिया द्वारा गलत तरीके से समझा गया था। मोतिहारी में महात्मा गांधी सेंट्रल यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में बोलते हुए, मंच से एक भाजपा नेता की ओर इशारा करते हुए, गुरुवार को कहा, हमारे पास जो भी लोग हैं, वे हमारे दोस्त हैं। जब तक मैं रहता हूं, तब तक आप मुझसे जुड़े रहेंगे। नीतीश के बयान के बाद, मीडिया में अटकलें लगाई गईं कि जेडीयू फिर से भाजपा की ओर झुक रहा है, लेकिन इन अटकलों को आज बिहार सीएम ने पूरी तरह से इनकार कर दिया था कि उनका बयान गलत तरीके से समझा गया था।

अपने बयान को स्पष्ट करते हुए, बिहार सीएम ने कहा, मैं बस वहां पर (दीक्षांत समारोह में) लोगों को याद दिलाना चाहता था, जो कि बिहार में राज्य सरकार द्वारा किए गए काम को याद करने के लिए और लोग केवल केंद्र सरकार के बारे में गलत तरीके से बात करते हैं। आरजेडी के शक्ति यादव ने पहले यह भी कहा था कि राधा मोहन सिंह (भाजपा के) सामने (दीक्षांत समारोह के दौरान) बैठे थे, इसलिए उन्होंने अपने व्यक्तिगत संबंधों के बारे में बात की। किसी भी पार्टी का कोई उल्लेख नहीं है। लोगों ने उनकी गलत व्याख्या की। इस बयान के बाद भाजपा ने भी टिप्पणियों से खुद को दूर कर लिया था और कहा कि इसका नीतीश कुमार के साथ कोई संबंध नहीं है।

इस बीच, वरिष्ठ भाजपा नेता सुशील कुमार मोदी ने शुक्रवार को दावा किया कि नीतीश कुमार ने राधा मोहन सिंह के प्रति दोस्ती के बारे में अपनी वर्तमान सहयोगियों, आरजेडी और कांग्रेस के प्रति अपने व्यक्तिगत समीकरणों के बारे में बोलकर भाजपा में अपने निजी समीकरणों के बारे में बोलकर, डराने और भ्रमित करना चाहते थे। इस पर भी नीतिश ने कहा, लालू यादव को पटना विश्वविद्यालय का अध्यक्ष बनाया गया था और वह (सुशील मोदी) महासचिव बनाए गए थे, ।मैं इंजीनियरिंग कॉलेज में था और हमने उन्हें जीत दिलायी। यह सब पुरानी खबर है। जब हम साथ थे तब हम अच्छा काम कर रहे थे। लेकिन उन्हें (सुशील मोदी) अब हटा दिया गया है। मुझे दुख है कि उन्हें डिप्टी सीएम नहीं बनाया गया था।

इससे पहले जदयू के विधान पार्षद और प्रवक्ता नीरज कुमार ने मोदी के ओबीसी होने पर भी सवाल उठाया था। श्री कुमार ने कहा था कि मोदी पर 2002 में ओबीसी सूची में शामिल अपनी जाति, मोद्ह घांची को पाने का आरोप लगाया गया है, जब वह गुजरात के मुख्यमंत्री थे। मोदी ने यह दावा करते हुए आरोप से इनकार करने की मांग की कि यह 1994 में वापस किया गया था जब कांग्रेस ने गुजरात के साथ -साथ केंद्र पर भी शासन किया था। कुमार ने दस्तावेज दिखाया, जिसमें दावा किया गया था कि यह उस वर्ष के भारत का राजपत्र था, जिसमें अन्य पिछड़े वर्गों (ओबीसी) में शामिल जातियों का उल्लेख किया गया था। कुमार ने कहा, घांची जाति में छह उप समूह हैं, जिनमें से केवल एक, घांची (मुस्लिम), 1994 में ओबीसी की सूची में था। श्री कुमार ने कहा, भाजपा यह साबित करे कि इससे पहले मोदी वाकई ओबीसी वर्ग से आते है।

---

## न्यूज फटाफट

### दुर्गा पूजा को लेकर हुई विशेष बैठक

**गुमला :** दुर्गा पूजा को लेकर राज्य सरकार द्वारा सभी जिलों में प्रभारी आइएएस और आइपीएस की तैनाती किए जाने के बाद आज रविवार को गुमला जिले में तैनात गुमला के पूर्व उपायुक्त शशि रंजन और आइपीएस अधिकारी शैलेंद्र कुमार सिन्हा ने परिसदन भवन सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर की गई तैयारी की समीक्षा की। अधिकारी द्वय ने एक एक बिंदू पर जानकारी ली। वहीं पूर्व उपायुक्त शशि रंजन ने अपने कार्यकाल में मनाई गई दुर्गा पूजा पर अनुभव साझा किया। अधिकारियों ने दी गई लाईसेस की समीक्षा की। इसके उपरांत विधि व्यवस्था की जानकारी ली। ट्रैफिक व्यवस्था , एंबुलेंस की व्यवस्था, फायर फाइटिंग, पंडालों में सीसीटीवी, विसर्जन के दौरान तालाबों में गोताखोर की व्यवस्था, बिजली की आपूर्ति सहित विभिन्न बिंदूओं पर जानकारी ली गई। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने एक एक बिंदू पर बारीकी से जानकारी दी। बताया कि शांतिपूर्ण दुर्गा पूजा के लिए हर संभव प्रयास किए गए हैं।शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई गई है। पंडालों में सीसीटीवी का अधिष्ठापन अनिवार्य किया गया है। कंट्रोल रुम को एक्टिव कर अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है। संवेदनशील स्थलों को चिन्हित कर वहां अधिकारियों और सुरक्षाबलों की प्रतिनियुक्ति की गई है। बैठक में एसपी हरविंदर सिंह, डीडीसी हेमंत सती, एसडीओ रवि जैन सहित प्रशासनिक और पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

### झारखंड वूमेनस एशियन हॉकी चैंपियनशिप की ट्रॉफी पहुंची गुमला

**गुमला :** झारखंड की राजधानी रांची में एशिया के 6 देशों के मध्य आयोजित झारखंड वूमेनस एशियन हॉकी चैंपियनशिप की ट्रॉफी आज रविवार को गुमला पहुंची जहां जिले के वरीय अधिकारी, खेल संघों के अधिकारी एवं खिलाड़ियों ने इसका भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम का आयोजन अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिले के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, पुलिस अधीक्षक हरिंदर सिंह एवं एसडीओ सदर रवि जैन मौजूद रहें।उपायुक्त ने ट्रॉफी का अनावरण करते हुए कहा कि हॉकी हमारे देश की शान है। झारखंड में हॉकी का एक महत्वपूर्ण स्थान है। इस तरह के आयोजन से ना केवल हमारे राज्य में खेल का वातावरण तैयार होगा बल्कि जिले के हॉकी खिलाड़ियों को भी प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि एशियन गेम्स की तरह ही इस चैंपियनशिप में भी हमारी महिलाएं देश का नाम रोशन करेंगी। जानकारी हो कि झारखंड की राजधानी रांची में 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक एशिया के 6 देशों के मध्य महिला हॉकी का चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में भारत के साथ-साथ जापान, चीन, मलेशिया, थाईलैंड एवं दक्षिण कोरिया की टीमें भाग ले रही है। झारखंड में इस प्रतियोगिता के प्रमोशन के लिए राज्य के 24 जिलों में विजेता एवं उपविजेता ट्रॉफी, का प्रदर्शन किया जा रहा है।

---

मंत्री बादल ने घटनास्थल पर परिजनों को किया आर्थिक मदद

# अज्ञात वाहन के धक्के से दादी पोता की मौत,ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

**राष्ट्रीय खबर**



**देवघर :** सारवां देवघर मुख्य मार्ग घोरपरास स्कूल के समीप अज्ञात वाहन के धक्के से झारखंडी गांव के सियाटांड़ टोला निवासी दादी पोता की मौत घटना स्थल पर हो गई परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार गोरिया देव्या 70, व चंदन कुमार 13 बिशनपुर से पैदल घर जा रहे इसी बीच देवघर की ओर से आ रही अज्ञात वाहन ने जोरदार ठोकर मार दिया जिससे दोनों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई।

जानकारी मिलते ही टीम बदल के विक्रम पत्रलेख घटना स्थल पर पहुंचे और इसकी जानकारी थाना प्रभारी को दी, मौके पर दलबल के साथ थाना प्रभारी प्रदीप लकड़ा, एसआई उमेश कुमार, घटना स्थल पर पहुंचे और सड़क जाम कर रहे लोगों को समझने की कोशिश की। लेकिन लोग मानने को तैयार नहीं हुए और रोड जाम कर दिया। करीब आधे घंटे सड़क जाम रहा जानकारी मिलते ही एसडीपीओ पवन कुमार मौके पर पहुंचे उनके द्वारा भी काफी समझाने की कोशिश की गई लेकिन उग्र ग्रामीणों ने नहीं माना। इसके बाद जानकारी मिलने के बाद कृषि मंत्री बादल पत्र लेख प्रखंड विकास पदाधिकारी रजनीश कुमार मौके पर पहुंचे और लोगों को समझा बुझाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए देवघर भेज दिया ।

---

असम कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष का देवघर में जोरदार स्वागत,बाबा मंदिर में की पूजा अर्चना के बाद कहा

# जब देश में कांग्रेस की सरकार होगी चारों ओर शांति एवं सद्भावना का वातावरण होगा: भूपेन बोरा



**राष्ट्रीय खबर**

**देवघर:** असम कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री भूपेन बोरा बाबा बैद्यनाथ के द्वादश ज्योतिर्लिंग की पूजा अर्चना करने सपरिवार देवघर पहुंचे। उनके आगमन पर देवघर जिला कांग्रेस के जिला अध्यक्ष प्रो.उदय प्रकाश के अगुवाई में तथा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष मणिशंकर द्वारा कांग्रेस नेताओं के साथ पुष्प गुच्छ एवं अंगवस्त्र प्रदान कर उनका स्वागत किया। श्री बोरा के साथ उनकी पत्नी गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज की प्रो डॉक्टर मौसमी का भी कांग्रेस नेताओं ने स्वागत किया। अहले सुबह सपत्नीक बाबा बैद्यनाथ के दरबार में माथा टेका एवं भोलेनाथ का आशीष लिया। वहीं सत्संग स्थित अनुकुलचंद्र ठाकुर आश्रम में पहुंचकर गुरु से आशीर्वाद लिया। प्रदेश अध्यक्ष एक स्थानीय होटल में ठहरे थे। पूजा के दौरान उन्होंने कहा कि बाबा बैद्यनाथ से अपने देशवासियों के कल्याणार्थ सभी द्वादश ज्योतिर्लिंगों का पूजा करने का संकल्प लिया हूँ। चार ज्योतिर्लिंग का दर्शन कर चुका हूँ।हर दरबार में यही कामना करता हूँ कि आने वाले समय में पूरे देश में शांति एवं सद्भावना का वातावरण बने और राहुल गांधी के नेतृत्व में देश की सरकार बने। होटल में विधायक दल के उप नेता प्रदीप यादव भी मिलकर झारखंड की धरती पर स्वागत किया एवं कुशलक्षेम जाना। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष मणि शंकर ने भी विस्तृत रूप से वर्तमान राजनीतिक घटनाक्रम पर चर्चा करते हुए कहा कि आने वाला समय इंडिया महागठबंधन का है। इस दौरान प्रदेश सचिव अवधेश प्रजापति, जिला प्रवक्ता दिनेश कुमार मंडल, सेवादल के अजय कुमार,अनंत मिश्रा, प्रियांशु,गोलू, राहुल राज,दिलीप कुमार एवं अजय कुमार ने भी अपने अतिथि का स्वागत किया ।

---

भाजपा प्रवक्ता सपरिवार पहुंचे अपने पैतृक गांव रोल, महाअष्टमी पर मां की पूजा अर्चना की

# मां की कृपा से पूरे क्षेत्र में शांति, सुख समृद्धि के द्वार खुले : प्रतुल शाहदेव



**राष्ट्रीय खबर**

**चंदवा:** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव सपरिवार चंदवा स्थित अपने पैतृक गांव रोल पहुंचे और महुआ मिलन रेलवे स्टेशन के पास स्थित दुर्गा मंडल रोल के पूजा पंडाल में जाकर महाअष्टमी की पूजा अर्चना की। प्रतुल इस पूजा समिति के संस्थापक अध्यक्ष भी हैं बाद में प्रतुल ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा मां की कृपा से पूरे क्षेत्र में शांति है और सुख समृद्धि के द्वार खुल रहे हैं। प्रतुल ने इसके बाद समिति के सदस्यों के साथ बैठक की और विजयदशमी को होने वाले महा जतरा के तैयारी की समीक्षा की। दुर्गा मंडल रोल के इस पूजा में अगल-बगल के दो दर्जन से ज्यादा गांव के ग्रामीण इसमें हिस्सा लेते हैं। कभी भीषण उग्रवाद के दौर झेलने वाला ये आज वैदिक मंत्रोच्चार से गूंजे गुंजायमान है।

---

# सुविधाओं का जायजा लेने पुजा पंडालों में पहुंची निगम की टीम

**राष्ट्रीय खबर**

**देवघर:** देवघर नगर निगम के नगर आयुक्त योगेंद्र प्रसाद के निदेर्शानुसार सहायक नगर आयुक्त विजय कुमार हंसदा ने पूजा पंडालों का लिया जाएगा जिसमें देवघर नगर निगम क्षेत्र के जसीडीह क्षेत्र में जसीडीह बाजार, रोहिणी, चांदपुर इत्यादि महत्वपूर्ण जगहों पर भ्रमण किया इसके बाद शहरी क्षेत्र में बेला बगान, कृष्णापुरी, ऊपर बिलासी, नीचे बिलासी, संस्कृत पाठशाला, शिवगंगा, गौशाला, सराफ स्कूल, स्टेशन रोड, बरनवाल धर्मशाला इत्यादि कई महत्वपूर्ण जगह पर भ्रमण करने के बाद साफ सफाई संबंधित पथ प्रकाश संबंधित एवं पेयजल पानी टंकी को लेकर निर्देश दिया। साथ ही समिति मेंबर से भी सहायक नगर आयुक्त के द्वारा साफ सफाई एवं स्वच्छता को देखते हुए पंडाल के आसपास साफ सुथरा रखने को आग्रह किया गया। राज्य सरकार के निदेर्शानुसार शहर के महत्वपूर्ण चौक चौराहा पर लगे मास्क लाइट में वैकल्पिक जनरेटर उपलब्ध कराया गया है, जिससे विद्युत आपूर्ति कटने पर जनरेटर चालू कर पूजा पंडाल के आसपास एवं महत्वपूर्ण चौक चौराहा के आसपास जनरेटर से लाइट को चालू रखा जाएगा जिसमें बाजार ,शिवगंगा, लक्ष्मीपुर चौक, टावर चौक, बिलासी मोड, एवं बाबा मंदिर, वीआईपी मोड़ कुल सात जगह पर जेनरेटर की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

---

**नवरात्रि** बाबा मंदिर के गुंबज से हटा दिया गया ध्वनि विस्तारक यंत्र, विरोध में उतरी भाजपा, कहा

# हिंदुओं की भावनाओं को आहत कर रही है हेमंत सरकार

- बैद्यनाथ मंदिर के शिखर पर लगे ध्वनि विस्तारक यंत्र को तोड़कर हटा दिया गया है

**राष्ट्रीय खबर**



बैद्यनाथ मंदिर के शिखर पर लगे हुए ध्वनि विस्तार यंत्र को जिसे

**देवघर:** झारखंड के देवघर स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंग बाबा बैद्यनाथ के शिखर पर लगाए गए ध्वनि विस्तारक यंत्र को मंदिर प्रशासन द्वारा दो दिन पूर्व ही खोलकर हटा दिया गया है। इसके बाद भाजपा नगर अध्यक्ष चंद्रशेखर खवाड़े ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि, नवरात्रि के इस पुनीत अवसर पर जबकि देवघर में तीर्थ यात्रियों की अत्यंत अत्यधिक भीड़ है वहां ऐसा कुकृत्य बैद्यनाथ मंदिर के कर्मचारियों द्वारा करना घोर निंदनीय और दंडनीय है । बाबा पूर्व की गैर सनातनी सरकारों ने बजाने से मना कर दिया था । तब उसके संबंध में तत्कालीन भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर खवाड़े जी और उनकी पूरी टीम ने इस पर आंदोलन करके प्रधानमंत्री कार्यालय ,राष्ट्रपति कार्यालय तक को इसकी सूचना दी थी । प्रधानमंत्री कार्यालय के आदेश के बाद से इसे पुनः बजाया जाने लगा था । अभी झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार जिस प्रकार से हिंदुओं की भावना को आहत करते हुए कार्य कर रही है उसी कड़ी में बाबा बैद्यनाथ मंदिर के शिखर पर लगे ध्वनि विस्तारक यंत्र को तोड़कर हटा दिया गया है ।

देवघर पंडा धर्मरक्षणी सभा के कार्यकारिणी सदस्य सह अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा (युवा) के राष्ट्रीय मंत्री चंद्रशेखर खवाड़े ने इस संबंध में कहा कि हम ऐसे अपराध की श्रेणी में आने वाले कृत्य की घोर निंदा करते है । हम मंदिर प्रबंधन,मंदिर प्रभारी एवं श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष सह झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से इस विषय को त्वरित संज्ञान में लेते हुए कार्य करने का आग्रह करते हैं। जिससे समाज में किसी भी प्रकार से किसी भी नागरिक की धार्मिक भावना को आहत होने से बचाया जा सके तथा दोषी कर्मचारी/पदाधिकारी पर अविलंब दंडात्मक कार्यवाही करने की दिशा में भी संज्ञान लें जिससे आने वाले दिनों में ऐसे अपराध को करने से पदाधिकारी डरे।

---

# विशाल भगवती जागरण का आयोजन

**राष्ट्रीय खबर**

**पलामू:** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रेलवे क्लब दुर्गा पूजा समिति पुर्व मध्य रेलवे डालटनगंज के द्वारा सप्तमी को द को संध्या 8 बजे से विशाल भगवती जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें वाराणसी की एकता मालन, प्रियंका कुमारी, एवं झारखंड के महानायक उमाशंकर मिश्र ने एक से बढ़कर एक माँ भगवती के गीत गाकर श्रोताओं को झुमने पर मजबूर कर दिए। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर अनुमंडल पदाधिकारी डालटनगंज राजेश साह, एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में केन्द्रीय दुर्गा पूजा महासमिति पलामू के अध्यक्ष दुर्गा जौहरी, सहायक मंडल अभियंता पुर्व मध्य रेलवे डालटनगंज अर्जुन सिंह, सहायक मंडल संकेत एवं दुरसंचार अभियंता पुर्व मध्य रेलवे डालटनगंज हरेश कुमार, प्रशिक्षु डी0 एस0 पी0 राजेश यादव एवं राजीव रंजन, शहर थाना प्रभारी डालटनगंज सह निरीक्षक अभय कुमार सिन्हा, सम्मानित अतिथि के रूप में वरीय अनुभाग अभियंता रेल पथ रविन्द्र कुमार, वरीय अनुभाग अभियंता कार्य अनिल कुमार, अविनाश देव, बबलु गुप्ता, ब्रजेश शुक्ला, शुभम कुमार, नवीन तिवारी, देवेन्द्र तिवारी, विकाश दुबे, संजय राज, संदीप पासवान, अशोक कुमार, अजय प्रकाश, सुधीर सिंह, नबी अंसारी, सहित शहर के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

## शहर >> अपडेट

### तीन लोग घायल

**पेटरवार** : पेटरवार एन एच 23 पेटरवार बोकारो पथ पर पेटरवार थाना क्षेत्र के लुकैया अंसारी मोड़ के पास दो बाइक सवारों के बीच हुई टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। यह घटना रविवार को करीब साढ़े चार बजे संध्या की है। घटना की जानकारी पाकर घटना स्थल पर पहुंचे दारिद के वार्ड सदस्य बैजनाथ सोरेन ने सभी घायलों को अपनी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया जहां पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कुंदन राज ने प्राथमिक उपचार की। तीनों घायलों के सर सहित अन्य हिस्सों पर चोट लगी है।बताया जाता है कि टकाहा गांव निवासी रामचंद्र महतो (63 वर्ष) अपनी बाइक से सड़क क्रॉस कर रहे थे कि दारीद से पेटरवार आ रहे बाइक सवार दारिद गांव निवासी ऋषि करमाली(19 वर्ष) ओर सूरज करमाली(18 वर्ष) ने सड़क क्रॉस कर रहे बाइक सवार को टक्कर मार दी। दोनों बाइक के बीच हुई टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। तीनों के सर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में चोट आई है। चिकित्सक के अनुसार तीनों खतरे से बाहर है ।

## सिटी अपडेट्स >>

### आ जा रे का अरदास कीर्तन 27 को

**झुमरीतिलैया**: श्याम शरण में आ जा रहे के तत्वाधान में 27 अक्टूबर को अरदास कीर्तन का आयोजन नंदनी अपार्टमेंट अडडी बंगला में आयोजित होगा। श्याम शरण में आ जा रे के पप्पु सिंह, रवि दाहिमा ने बताया कि इस अवसर पर बाबा श्याम का दरबार अशोक कुमार प्रतिमा खाटुवाला के निवास स्थल पर सजाया जायेगा और ज्योत के साथ भजनों का कार्यक्रम संध्या 7 बजे से होगा। उन्होंने कार्यक्रम मे श्रद्धालु भक्तों को शामिल होने की अपील की है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### दुर्गा पूजा पंडाल के मुख्य गेट में नाली का गंदा पानी

**कुडू** :एनएच 143 ए कुडू-लोहरदगा मुख्य मार्ग में इंदिरा गांधी चौक के नजदीक साप्ताहिक बाजार के मुख्य गेट के सामने बीच सड़क पर बने जानलेवा गड्ढा और इसमें भरा नाली का गंदा पानी राहगीरों के लिए परेशानी का सबक बना हुआ है । ज्ञात हो कि कुडू का सबसे पूराना पूजा समिति दुर्गा बाड़ी पूजा पंडाल जाने वाले मुख्य गेट के सामने नाली का गंदा पानी का जमाव के कारण आम राहगीरों के अलावे इन दिनों श्रद्धालुओं को भी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। घर से स्नान ध्यान कर पूजा करने जानेवालो को नाली का गंदा पानी से सराबोर होना पड़ रहा है। वही इसका दुर्गंध से आस-पास के लोगों का जीना मुहाल हो गया है। किसी भी चौपहिया वाहन के इस रोड से गुजरने पर गंदा पानी का छिड़काव आम लोगो पर होते रहता है। वही हल्का बरसात होने पर वाहन चालकों को लगभग छह फिट चौड़ा और दो -ढाई फिट गहरा हो चुके इस गड्ढे का पता नही चल पाता है। और इस गड्ढे में आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। अब तक कई दुर्घटनाएं हो चुकी है। कुडू-लोहरदगा रोड निर्माण योजना के तहत कुडू में बन रहे रोड और नाली निर्माण कार्य भी इससे लगभग एक सौ फीट पहले तक करके पिछले दो माह से संवेदक बंद कर दिया है। ज्ञात हो कि इस सड़क से आए दिन यहां के स्थानीय विधायक राज्य के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव का काफिला सहित अन्य नेता मंत्री व प्रशासनिक अधिकारी रोड में बने इसी जानलेवा गड्ढे पर हिचखोले खाकर पार कर गुजरते रहते है । लेकिन दुर्भाग्य है कि अब तक किसी भी इस पर ध्यान नही जा रहा है।

**आयोजन**

### बड़की चापी दुर्गा मंदिर परिसर में संस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# जय मां दुर्गा के नारा से गूंजायमान रहा वातावरण

राष्ट्रीय खबर

**कुडू** : लोहरदगा जिले के कुडू प्रखंड के बड़की चापी दुर्गा मंदिर परिसर में कवि सम्मेलन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।सर्वप्रथम पुरोहित अनूप देव पौराणिक ने सभी को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं दी। दुर्गा पूजा समिति बड़की चाँपि के अध्यक्ष सह समाजसेवी तथा प्रसिद्ध व्यवसायी उदय कुमार गुप्ता के प्रयास से दुर्गा पूजा समिति के तत्वाधान में सप्तमी के उपलक्ष में शनिवार को रात्रि में बड़की चापी के गांव में दुर्गा मंदिर के प्रांगण में कवि सम्मेलन सह रंगारंग संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन हुआ।इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कुडू अंचल अधिकारी प्रवीण कुमार सिंह ,कुडू बीडीओ प्रवेश कुमार साव ने उपस्थित हुए। इस मौके पर कवि सम्मेलन के मुख्य कुमार संजय, कुमार बृजेन्द्र,चंदन प्रजापति,शुशील शुक्ल, मीना बंधन,अंकिता सिन्हा, हर्षित राजधिर सिंह उपस्थित हुए।जिन्हें पूजा समिति के लोग बुके देकर एवं बैच पहनाकर



स्वागत किया। सभी लोगो ने कवि सम्मेलन का भरपूर आनंद लिया। इस दौरान सभी मुख्य अतिथि व विशिष्ठ अतिथियों को बैच पहना कर एवं बुके देकर स्वागत किया गया। जिसके बाद मुख्य अतिथि प्रवीण कुमार सिंह,बीडीओ प्रवेश कुमार साव,सतीश जायसवाल,उपेंद्र साहू,अनिल गुप्ता के द्वारा कवि सम्मेलन कार्यक्रम का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस मौके पर कुडू बीडीओ ने कहा कि सभी को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं, उपस्थित सभी लोग कवि सम्मेलन का आनंद उठाये। इस मौके पर कुडू अंचलाधिकारी प्रवीण कुमार सिंह ने सभी को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं दी, इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में कवि सम्मेलन का आयोजन होना वाकई सराहनीय कार्य है। जिसके बाद मां सरस्वती का वंदना से कवि सम्मेलन कार्यक्रम का शुरूआत किया गया। जिसके बाद रंगारंग कई प्रकार के डांस प्रस्तुत किया गया। जिसमें दर्शकों ने जमकर उठाया आनंद। मौके पर कार्यक्रम में संचालन करते हुए समाजसेवी उदय कुमार गुप्ता ने कहा की धर्म के साथ साथ शिक्षा भी बहुत जरूरी है, मां दुर्गे से क्षेत्र में अमन चैन रखने की कामना करते हुए उन्होंने सभी को नवरात्र व विजयदशमी का शुभकामनाएं दिए। इधर कार्यक्रम को सफल संचालन में पूजा कमेटी का बेहतर योगदान व सहयोग देखने को मिला।इस मौके पर कार्यक्रम में कुडू अंचलाधिकारी प्रवीण कुमार सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रवेश कुमार साव, कुडू थाना के ए एस आई लवकुश सिंह एवं प्रेम प्रकाश कुमार, सतीश जयसवाल,उपेंद्र साहू, दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष उदय कुमार गुप्ता, अमोद पाठक,लाल गौरी शंकर नाथ शाहदेव, मुकेश प्रजापति,नन्दलाल तिवारी,विनय कुमार,कामेश यादव सहित पूजा समिति के सभी पदाधिकारी,सदस्य एवं कई लोग उपस्थित थे।



### कलाकार दिखाएगें अपना कला का जौहर

## डांस प्रतियोगिता का आयोजन




राष्ट्रईय खबर

**पेटरवार** : पेटरवार दुर्गा पूजा के अवसर पर नवयुवक संघ और पूजा समिति मठ टोला की ओर से शनिवार को नवरात्रि के महासप्तमी के अवसर पर जूनियर और सीनियर कलाकारों के बीच डांस डांस प्रतियोगिता का आयोजन रात्रि में किया गया। डांस डांस कार्यक्रम का उद्घाटन दर्जा प्राप्त मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने फीता काटकर किया। इसके पूर्व मंत्री ने मठ टोला दुर्गा पूजा पंडाल पहुंचे और मां दुर्गा के प्रतिमा का दर्शन किए। उन्होंने मां दुर्गा के चरणों में मत्था टेककर क्षेत्र ओर राज्य की सुख,समृद्धि की मंगलकामना की। इस दौरान पूजा समिति और नवयुवक संघ की ओर से मंत्री का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। महासप्तमी की रात्रि में आयोजित जूनियर सीनियर डांस डांस कार्यक्रम में दोनो ग्रुप के कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम को देखने के लिए काफी संख्या में पहुंचकर डांस डांस का आनंद उठाया।

### श्रद्धालुओं ने मां महागौरी का किया दर्शन व पूजन

## जयनगर में ढोल बजाकर खुला पट



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा**: जयनगर प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में शारदीय नवरात्र की अष्टमी स्वरूप महागौरी की पूजा के साथ ही भक्तों के लिए माता के दर्शन के लिए पट खोल दिया। मंदिरों में देवी भक्तों की भीड़ उमड रही है। इस दौरान मंत्रोच्चारण व जयकारों के साथ श्रद्धालुओं ने मां महागौरी का दर्शन व पूजन किया। भक्तों के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो गया। जैसे-जैसे नवरात्रि अंतिम चरण में पहुंच रहा है भक्तों में आस्था व भक्ति भी चरम पर पहुंच रहा है। शंख घंटे की ध्वनि से वातावरण भक्ति में हो गया है। पुजारी ने मंत्रोच्चारण व भक्तों ने माता पर पुष्प वर्षा की। सडकों से लेकर पंडालों तक भारी भीड़ दिख रही है।भीड़ स्वतः नियंत्रित-अनुशासित, सभी के हाथ जुड़े हुए हैं। शीश माता के चरणों में झुके हुए हैं। सभी पूजा पंडालों में समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने अपने वालंटियर भी तैनात कर दिए हैं। साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार, अंचल अधिकारी ओमप्रकाश बड़ाईक, थाना प्रभारी उमानाथ सिंह ने अपने स्तर से पेट्रोलिंग एवं सुरक्षा कर्मियों की प्रति नियुक्ति की है।



## डांडिया कार्यक्रम का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**झुमरीतिलैया**: पंखिडा ओ पंखिडा ओ पंखिडा ओ मेरी मॉ काली से मिलकर चला गरवा खेलेगें.. मन ले के आया माता रानी के भवन में.. दुर्गा भवानी मेरी मॉ जगदम्बे.. चल चल माता का द्वार माता का प्यार मिलेगा.. मेरी भैया लखदतार.. जैसे भजनों पर शनिवार की रात्रि में कोडरमा स्टेशन स्थित काली मंदिर में डांडिया कार्यक्रम में महिलाएं एवं युवतियां रंग बिरगें परिधानों में डांडिया की धूम पर माता रानी को रिझाने में लगी रही। प्रेरणा शाखा के तत्वाधान में भी डांडिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर उपस्थित महिलाओं व सदस्यें ने नागडा संग ढोल बाजे.. हे रामहे सबसे बडा नाम ओ शेरावाली, भक्ति प्रस्तुति पर पहली से आखरी पंक्ति में शामिल महिलाएं उनके परिजन थिकरते नजर आये। रंग बिरंगे परिधानों में सभी उजार्वान होकर डांडिया का लुप्त उठाया। शहर के अलग-अलग इलाकों में भी डांडिया की धूम मची है। काली महिला मंडल के द्वारा आयोजित नवरात्रा के कार्यक्रम में भी डांडिया की प्रस्तुति की जा रही है।

## सांवरे की संखियॉ ने डांडिया पर मचाया धमाल

राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा** : सांवरे की सखियां महिला मंडल की महिलाएं नवरात्र को लेकर डांडिया कार्यक्रम का आयोजन सीमा सहल के निवास स्थान पर हुआ। यहां माता रानी और बाबा श्याम का दरबार सजाया गया। मौके पर सीमा सहल ने कहा कि श्याम बाबा के प्रचार प्रसार नवरात्र को ले कार्यक्रम का आयोजन किया गया है ।इस अवसर पर डांडिया कार्यक्रम में महिलाओं ने माता दुर्गा, श्याम बाबा ,वीर हनुमान, भोलेशंकर,पर आधारित भजनो पर कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। सीमा सहलकिर्तन कि है रात बाबा थाने आनो है........। कृतिका मोदी काली कमली वाले मेरा यार है.........।संगीता जेठवा चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया.......। पायल जोशी तूने मुझे बुलाया शेरावालिए..........।, जैसे भजन पर महिलाएं भक्ति के सागर में गोता लगती रही ।सीमा सहल,पूनम सहल, अंशिका सहल, उषा शर्मा, कृतिका मोदी, पायल जोशी, लता वर्मा ,सरिका गुप्ता, ज्योति शेखावत ,अंजली वर्मा, रश्मि पिलानिया ,रानी कालरा, बबीता गुप्ता ,शारदा शर्मा, अनुराधा गुप्ता, राजेश्वरी सोनी, आभा सुरेखा, अर्चना मोदी, श्रद्धालु भक्त भजनों एवं डांडिया का आनंद लिया ।



**आस्था**

### पट खुले, मां दुर्गे के दर्शन को आतुर हुए भक्त

## दुर्गोत्सव की धूम में सराबोर गांव और शहर

राष्ट्रईय खबर

**कोडरमा**: जिले भर में दुर्गा महोत्सव का उत्साह चरम पर है। विभिन्न जगहों पर भव्य एवं आकर्षक पूजा पंडाल बनाये गये हैं। इन पंडालों में पट खुलने के बाद महाअष्टमी को मां दुर्गे के दर्शन को आतुर भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। विभिन्न पूजा पंडालों में लोग मां दुर्गे के दर्शन कर निहाल हुए। मुख्य शहर झुमरीतिलैया के महाराणा प्रताप चौक पर बद्रीनाथ मंदिर का पंडाल बनाया गया है, वहीं शहर के अड्डीबांग्ला में अक्षरधाम का रूप दिया गया है। बिशुनपुर रोड में भी आकर्षक पंडाल बनाया गया है। वहीं कला मंदिर में केरल के एक



मंदिर का स्वरूप दिया गया है। गौरी शंकर मुहल्ला, तारा टांड, करमा, मडुआटांड और चाराडीह में भी आकर्षक पंडाल बनाया गया है। शहर के ताराटांड़ में सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति इस वर्ष नेपाल में स्थित विश्व प्रसिद्ध पशुपतिनाथ मंदिर के प्रारूप में दुर्गा पूजा का पंडाल बनाया गया है। इधर चंदवारा बाजार में और प्रखंड के भोंडो में भी पंडाल लोगों को आकर्षित कर रहा है। जिला मुख्यालय कोडरमा में बाजार पर, हरि सभा और वन परिसर में मां दुर्गे की आराधना को लेकर लोगों का हुजूम उमड़ रहा है। वहीं जिले के डोमचांच, मरकच्चो, सतगावां और जयनगर में भी स्थापित मां दुर्गे की प्रतिमा और आकर्षक पंडाल लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं।



## सौ साल से अधिक पुराना है इतिहास

**कोडरमा** : जिला मुख्यालय स्थित हरिसभा में वर्ष 1902 से ही मां दुर्गे की प्रतिमा स्थापित कर पूजा की जा रही है। वहीं सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति कोडरमा बाजार में ब्रिटिश शासन काल के दौरान वर्ष 1915 से यहां दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है। झुमरीतिलैया सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति तिलैया बस्ती का इतिहास भी लंबे समय का रहा है। यहां आज भी राजशाही परंपरा का निर्वाह कर पूजा की जा रही है। तिलैया बस्ती में 178 साल पहले राज परिवार ने पूजा की शुरूआत की थी.। यहां छोटे राजा के पद पर रहे द्वारिका नारायण शाही के पुत्र काली प्रसाद शाही ने बताया कि वर्ष 1845 में उनके परदादा नेहाल शाही ने तिलैया बस्ती में दुर्गा पूजा की शुरूआत की थी। इसके बाद उनके दादा अमृत नारायण शाही और उनके पिता ने दुर्गा पूजा का आयोजन किया। अब स्थानीय लोगों के सहयोग से दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है। झुमरीतिलैया के ताराटांड़ में वर्ष 1979 से दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है.।

## न्यूज फटाफट

### भारतीय पुरुष तैराकी टीम ने ब्रिक्स खेल में जीता कांस्य पदक



**डरबन:** दक्षिण अफ्रीका में आयोजित ब्रिक्स खेलों में भारतीय तैराकी दल ने पुरुषों की चार गुणा 50 मीटर फ्रीस्टाइल रिले में कांस्य पदक जीता है। मखीजा, आकाश मणि, जे. थॉमस, विकास प्रभाकर की भारतीय टीम ने पुरुषों की 4 गुणा 50 मीटर फ्रीस्टाइल रिले टीम ने फाइनल में तीसरा स्थान हासिल कर कांस्य पदक अपने नाम किया है। भारत ने इस कांस्य पदक के साथ अपना ब्रिक्स खेल अभियान समाप्त किया।

### भारत के बोर्निल चांगमाई ने एशियन जूनियर चैंपियनशिप का स्वर्ण पदक जीता



**चेंगदू :** भारत के अंडर-15 बैडमिंटन खिलाड़ी बोर्निल आकाश चांगमाई ने रविवार को बैडमिंटन एशियन जूनियर चैम्पियनशिप में चीन के फैन होंग जुआन को फाइनल में हराकर स्वर्ण पदक जीता है। भारत के बोर्निल चांगमाई ने अंडर-15 एमएस फाइनल में चीन के फैन होंग जुआन को सीधे गेम में 21-19 और 21-13 से हराया। इसके साथ बोर्निल 2013 के बाद से अंडन15 खिताब जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष एकल खिलाड़ी बन गए हैं।

### रंगबिरंगी रोशनी के बीच हांगझोउ में हुआ चौथ एशियाई पैरा खेलों का उद्घाटन



**हांगझोउ:** चीन में हांगचो ओलंपिक खेल केंद्र स्टेडियम में रविवार शाम रंगबिरंगी रोशनी और वहां के कलाकारों के द्वारा पेश की गई संस्कृतिक झलक के बीच चौथे एशियन पैरा खेलों का उद्घाटन हुआ। रंगबिरंगी रोशनी के बीच आज यहां हुए उद्घाटन समारोह में चीन के कलाकारों ने अपनी सांस्कृतिक कला का प्रदर्शन किया। स्टेडियम में पैरेड के दौरान भारतीय दल तिरंगे झंडा हाथों में लिये केसरिया पगड़ी और नेवी ब्लू रंग के कोट पैंट पहने हुए था। इस दौरान भारतीय दल के कुछ सदस्य फोन पर सेल्फी लेते देखे गये। इन खेलों में टोक्यो पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता अवनी लेखरा और सुमित अंतिल रविवार से शुरू होने वाले एशियाई पैरा खेलों में भारत के अब तक के सबसे बड़े दल का नेतृत्व किया है। चौथे एशियाई पैरा खेलों में 19 प्रतियोगिता स्थलों पर कुल 22 खेलों की 564 स्पर्धाएं होगी। कुल 44 देशों व क्षेत्रों के लगभग 5200 प्रतिनिधि इसमें भाग लेंगे। इन खेलों में 3100 एथलीट 2,090 से अधिक अधिकारी, 1550 से अधिक तकनीकी अधिकारी तथा 3,090 से अधिक मीडिया कर्मी इस में भाग ले रहे है।

**क्रिकेट** धर्मशाला में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले जा रहे वर्ल्ड कप 2023 मुकाबले में

# पहला मैच और छा गए शमी, कीवी टीम के बेहतरीन बल्लेबाज का पत्ता किया साफ

- शमी को शार्दुल ठाकुर की जगह टीम इंडिया में मौका मिला है
- पहले ही ओवर की पहली गेंद पर भारत को विल यंग को आउट कर सफलता दिलाई

एजेंसियां

**धर्मशाला:** धर्मशाला में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले जा रहे वर्ल्ड कप 2023 मुकाबले में भारत की शुरूआत बेहतरीन रही। वहीं शुरूआती ओवर में कीवी टीम को दो झटके लग गए, एक का शिकार सिराज तो दूसरे को शमी ने अपने जाल में फंसाया। शमी को शार्दुल ठाकुर की जगह टीम इंडिया में मौका मिला है।



दें कि, इस वर्ल्ड कप में शमी को पहली बार खेलने का मौका मिला है। वहीं इस मौके को भुनाते हुए शमी ने अपने पहले ही ओवर की पहली गेंद पर भारत को विल यंग को आउट कर सफलता दिलाई। शमी ने अपनी जिस गेंद पर यंग को चारों खाने चित किया वो वास्तव में थोड़ी शॉर्ट ऑफ लेंथ थी। जो ऑफ स्टम्प की लाइन की लाइन पर थी और हल्की सी स्विंग होकर अंदर की तरफ आई। यंग ने इस गेंद को स्क्वेयर कट करने की कोशिश की लेकन गेंद बल्ले का किनारा लेकर सीधे स्टम्प्स से जा टकराई और इस तरह यंग पवेलियन लौटे। बता दें कि, शमी का न्यूजीलैंड के खिलाफ रिकॉर्ड अच्छा रहा है। उन्होंने 13 पारियों में 23 की औसत से 26 विकेट हासिल किए हैं। शमी ने अपने शुरूआती दो ओवर में 13 रन दिए थे। इस एक विकेट के साथ शमी 32 विकेट भारत के लिए वर्ल्ड कप में दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। पहले स्थान पर जवागल श्रीनाथ और जहीर खान संयुक्त रूप से 44 विकेट के साथ हैं।

## न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान रोस टेलर का बयान, कहा- 'भारत वर्ल्ड कप जीतने का प्रबल दावेदार'

एजेंसियां

**धर्मशाला:** न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान रोस टेलर का मानना है कि भारतीय टीम अपनी घरेलू धरती पर पूरी तरह से बदली हुई नजर आती है और वह विश्व कप जीतने की प्रबल दावेदार है। भारतीय टीम ने अपने पहले चारों में जीतकर विश्व कप में शानदार शुरूआत की है।



टेलर ने आईसीसी के लिए अपने कॉलम में लिखा,ह्यह्यभारतीय टीम घरेलू परिस्थितियों में पूरी तरह से बदली हुई नजर आती है और उन्होंने अपने अभियान का शानदार आगाज किया है। प्रतियोगिता के वर्तमान चरण में वह खिताब की प्रबल दावेदार नजर आती है। भारत ने अभी तक बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है। कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली बेहतरीन फॉर्म में चल रहे हैं जबकि गेंदबाजी में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह तथा स्पिनर कुलदीप यादव और रविंद्र जडेजा ने अच्छा प्रदर्शन किया है।

टेलर ने कहा,जसप्रीत बुमराह बहुत अच्छी तरह से आक्रमण की अगुवाई कर रहे हैं जबकि कुलदीप यादव और रविंद्र जडेजा वास्तव में अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं। उसके शीर्ष क्रम के तीन बल्लेबाजों ने हमेशा उपयोगी योगदान दिया है। उन्होंने कहा,आप हमेशा अपने चोटी के तीन बल्लेबाजों से अच्छे स्कोर की उम्मीद नहीं कर सकते लेकिन अब लगता है कि उनको श्रेयस अय्यर और केएल राहुल के रूप में चौथे और पांचवें नंबर पर भी अच्छे बल्लेबाज मिल गए हैं।

## खेल जगत अपडेट्स

### 37वें राष्ट्रीय खेल के लिए अरविन्द कुमार एवम योगेश यादव गोवा रवाना



**रांची:** केंद्र सरकार के खेल एवम युवा मामले मंत्रालय, भारतीय ओलंपिक संघ एवम गोवा सरकार द्वारा 25 अक्टूबर से 09 नवम्बर तक गोवा में आयोजित 37 वें राष्ट्रीय खेल,गोवा में आयोजित किया गया है। इसमें झारखंड से कुल 351 सदस्यीय दल भाग ले रहा है।झारखंड राज्य दल के तकनीकी सहयोग के लिए झारखंड पुलिस में कार्यरत एथलेटिक्स प्रशिक्षक, सहायक अवर निरीक्षक अरविन्द कुमार एवम खेल विभाग में कार्यरत एथलेटिक्स प्रशिक्षक योगेश यादव को नामित किया गया है। दोनों आज गोवा के लिए रवाना हो गए। दोनो प्रशिक्षको को खेल निदेशक सुशांत गौरव,झारखंड ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ मधुकांत पाठक,शिवेंदु दुबे,सी डी सिंह समेत राज्य के खेल प्रेमियों ने शुभ कामना दी।

## सेमीफाइनल की रेस के लिए पाकिस्तान को अफगानिस्तान को होगा हराना

एजेंसियां

**चेन्नई :** आईसीसी एकदिवसीय क्रिकेट विश्वकप 2023 के सेमीफाइनल की रेस में बने रहने के लिए पाकिस्तान को सोमवार को होने वाले मुकाबले में अफगानिस्तान को हराना होगा। चेन्नई के एम ए चिदंबरम स्टेडियम में कल खेले जाने वाले विश्वकप का 22वां मुकाबला पाकिस्तान और अफगानिस्तान टीमों के लिए अहम है। अफगानिस्तान विश्व में उलटफेर कर विश्व चैम्पियन इंग्लैंड को 69 रनों से हरा चुका है। ऐसे में अगर अफगानिस्तान कोई उलटफेर करता है तो वह सेमीफाइनल की रेस में बना रहेगा। पाकिस्तान ने विश्व कप में चार मैच खेले है जिसमें से उसे दो में जीत और पिछले दोनों मैच हार का सामना करना पड़ा है। पाकिस्तान के अंक तालिका में चार अंक है। वहीं

**पूर्वालोकन**

दूसरी ओर अफगानिस्तान इस विश्व कप में चार मैच खेले है और उसे केवल एक मुकाबले में जीत हासिल हुई है। अफगानिस्तान अंक तालिका दोनों अंकों के साथ सबसे नीचे है। सेमीफाइनल की रेस में बने रहने के लिए दोनों टीमों को यह मुकाबला अहम है।

विश्वकप में अभी तक खेले गये मुकाबलों में पाकिस्तान टीम की गेंदबाजी बेहद खराब रही है। पाकिस्तान को यह मुकाबला जीतने के लिए गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करना होगा। टीम के कप्तान बाबर आजम भी अभी तक कोई बड़ी पारी नहीं खेल पाए हैं। ऐसे में उन्हें टीम को सेमीफाइनल की रेस में बनाये रखने के लिए इस अहम मैच में बेहतर प्रदर्शन करना होगा। चेन्नई की पिच को देखा जाये तो यह स्पिन गेंदबाजों को काफी मदद मानी जाती है। ऐसे में राशिद खान, मोहम्मद नबी और मुजीब उर रहमान कभी भी मैच का पासा पलट सकते हैं। पाकिस्तान को क्षेत्ररक्षण पर भी विशेष ध्यान देना होगा। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच काफी कैच छोड़े थे। आंकड़ों की अगर बात की जाये तो पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच एकदिवसीय क्रिकेट में अब तक सात मुकाबले खेले गए हैं। इन सभी मैचों में पाकिस्तान को जीत मिली है। एकदिवसीय विश्व कप में दोनों टीमों के बीच सिर्फ एक मुकाबला खेला गया है। वर्ष 2019 के विश्व कप में खेले गए इस मैच को पाकिस्तान तीन विकेट जीता था।

## 37वी राष्ट्रीय खेल ,गोआ किट लांच और सेंड ऑफ सेरेमनी सम्पन्न

### पर्यटन ,कला संस्कृति,खेल कूद एवम युवा कार्य विभाग एवम झारखंड सरकार और झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के द्वारा आयोजित हुआ कार्यक्रम

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** 37 वे राष्ट्रीय खेल में भाग लेने जा रहे झारखंड दल के लिए सेंड ऑफ सेरेमनी का आयोजन आज यहाँ मोरहाबादी स्थित स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ झारखंड के कार्यालय परिसर में अत्यंत ही उत्साह से आयोजित किया गया।इस दौरान झारखंड को दिए जाने वाले किट को भी लांच किया गया। इस अवसर पर उपस्थित निदेशक श्री सुशांत गौरव (आई ए एस)ने खिलाड़ियों की हौसला आफजाई की । उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार खिलाड़ियों की हर सम्भव सहायता करने के लिए कृतसंकल्पित है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित श्री अनूप कुमार बिरथरे ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि



इन खिलाड़ियों के बीच उपस्थित होकर उन्हें इस बात का विश्वास है कि ये पदक जीतकर झारखंड का मान बढ़ाएंगे।इस अवसर पर उपस्थित झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के सचिव डॉ मधुकांत पाठक ने कहा कि यह पहला अवसर है जब झारखंड सरकार के द्वारा खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए सेंड ऑफ सेरेमनी का आयोजन किया जा रहा है इससे निश्चित रूप से खिलाड़ियों के उत्साह का वर्धन होगा।इस अवसर पर उपस्थित एशियाई हॉकी फेडरेशन और हॉकी इंडिया के महासचिव श्री भोला नाथ सिंह जी ने खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की।

आज आयोजित हुए इस सेंड ऑफ सेरेमनी के अवसर पर झारखंड दल के विभिन्न खिलाड़ी सहित उनके मैनेजर और कोच भी मौजूद थे । ज्ञातव्य है कि 37 वे राष्ट्रीय खेल ,गोआ में झारखंड के विभिन्न 25 खेलो के 351 खिलाड़ी एवम अधिकारी भाग ले रहे है । कीट हुआ लांचः आज हुए इस प्रोग्राम के तहत झारखंड दल का किट उपस्थित अधिकारियों ने लांच किया।

## 21 दिसंबर को रिलीज होगी शाहरूख खान की फिल्म डंकी



एजेंसियां

**मुंबई:** बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान की फिल्म डंकी क्रिसमस के अवसर पर 21 दिसंबर को रिलीज होगी। शाहरुख खान की इस वर्ष पठान और जवान जैसी सुपरहिट फिल्में प्रदर्शित हुयी है। शाहरूख की फिल्म 'डंकी' भी इसी वर्ष प्रदर्शित होने वाली है। फिल्म डंकी का एक नया पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। पोस्टर पर फिल्म की रिलीज डेट भी लिखी हुई हैं। फिल्म 21 दिसंबर को रिलीज होगी। इस पोस्टर में शाहरुख खान पीले रंग का कुर्ता पहने हैं और कंधे पर और हाथ में बैग और जैकेट लिए हैं। हालांकि इस पोस्टर में शाहरुख का फेस नहीं दिख रहा है। वही पीठ करके खड़े हुए हैं। राजकुमार हिरानी के निर्देशन में बनी फिल्म डंकी में शाहरुख खान के साथ तापसी पन्नू की अहम भूमिका है।

## रितेश पांडेय की फिल्म आसरा का ट्रेलर रिलीज

एजेंसियां

**मुंबई:** भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता रितेश पांडेय की आने वाली फिल्म आसरा का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म आसारा का ट्रेलर वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है। इस फिल्म में रितेश पांडेय, अवधेश मिश्रा और सपना चौहान मुख्य भूमिका में है।इस फिल्म के निर्देशक आनंजय रघुराज है। निर्माता रत्नाकर कुमार ने कहा कि आसरा एक ऐसी कहानी पर बनी फिल्म है जो दर्शकों को इमोशनली अपनी और खींचेगी। इस फिल्म को कोई भी दर्शक अपने परिवार और दोस्तों के साथ मिलकर देख सकता है। फिल्म का पैमाना काफी बड़ा है और जल्दी हम इसे रिलीज भी करने वाले हैं। तब तक मैं अपने भोजपुरी के दशकों से अपील करूंगा कि वह इस फिल्म के ट्रेलर को देखें और अपनी प्रतिक्रिया जाहिर करें। रितेश पांडेय ने कहा कि आसरा जैसी फिल्में रोज नहीं बनती और जब बनती है तो वह दिल को छू जाती है, इसलिए मैं बस भोजपुरी मूवी लवर्स इतना ही कहना चाहूंगा कि इस फिल्म को आप खूब प्यार और आशीर्वाद दें, क्योंकि यह आपकी फिल्म है इसलिए इसको हिट करने की जिम्मेवारी आपकी भी बनती है। फिल्म आसरा के निर्माता रत्नाकर कुमार, निर्देशक



अनंजय रघुराज और सह-निर्माता निवेदिता कुमार हैं।फिल्म की कहानी राकेश त्रिपाठी ने लिखी है और फिल्म के संगीतकार रजनीश मिश्रा, सजन मिश्रा, शुभम तिवारी है, जबकि गीतकार रजनीश मिश्रा आशुतोष तिवारी शुभम सिग्रीवाल और दुर्गेश हैं। एक्शन प्रदीप खड़का और दिनेश यादव का है जबकि कोरियोग्राफर कानू मुखर्जी, दिलीप मिस्त्री, मनोज गुप्ता और महेश आचार्य हैं। फिल्म में रितेश पांडेय, सपना चौहान और अवधेश मिश्रा के साथ-साथ नेहा पाठक, मनोज टाइगर, अनीता रावत, साहिल सिद्दीकी, महेश आचार्य, संदीप यादव, संजीव मिश्रा रंभा साहनी और स्वस्तिका राय हैं।

### मां का आशीर्वाद लेने पंडाल पहुंचीं काजोल स्टेज से गिरी

## बेटे युग और बहन तनिशा ने संभाला

एजेंसियां

**मुंबई:** बॉलीवुड गलियारों में दुर्गा पूजा उत्सव की देखने को मिल रही है। मुंबई के कई इलाकों में दुर्गा पूजा पंडाल लग गए हैं, जहाँ नामी सितारें दर्शन करने पहुंच रहे हैं। बीते दिन बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्रियों में शुमार काजोल भी अपने बेटे युग के साथ जुहू के नॉर्थ बॉम्बे सर्बोजनिन दुर्गा पूजा पंडाल में दुर्गा मां का आशीर्वाद लेने पहुंची थी। हालाँकि, इस दौरान अभिनेत्री के साथ बड़ा हादसा होते-होते बच गया। दरअसल, फोन में मगन होने की वजह से अभिनेत्री स्टेज पर से गिर गई। काजोल को कोई चोट नहीं आई क्योंकि उनके बेटे ने उन्हें संभाल लिया था।



इस दौरान के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं।वायरल वीडियो में, काजोल को गुलाबी साड़ी में फोन पर बात करते हुए स्टेज पर चलते देखा जा सकता है। स्टेज के अंत में जाकर जहाँ उनकी बहन और बेटा खड़ा है, वहां जाकर अभिनेत्री रुक जाती है और फोन चला रही होती है। फिर अभिनेत्री आगे कदम बढाती है और गिर जाती है। यकीनन अभिनेत्री ने आगे सीढ़ी होगी सोचकर कदम बढ़ाया होगा, लेकिन वह बाल-बाल हादसे का शिकार होती बचीं। उनके बेटे और बहन ने उन्हें संभाला।सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होते ही लोगों ने अभिनेत्री का मजाक उड़ाना शुरू कर दिया। वहीं कुछ लोग उनके बेटे की तारीफ करते नजर आ रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'काजल इतना गिरती क्यों रहती है।' एक अन्य ने लिखा, 'अरे रे रे आराम से।' बता दें, ये पहला मौका नहीं था जब काजोल ऐसे गिरी है। इससे पहले भी कई बार काजोल चलते-चलते अपना संतुलन खो चुकी हैं। अभिनेत्री के गिरने के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुके हैं।

## मैं तुम और हमारी शादी का फर्स्ट लुक रिलीज

एजेंसियां

**मुंबई:** आदिशक्ति इंटरटेनमेंट प्रस्तुत और अजय श्रीवास्तव प्रोडक्शन कृत फिल्म मैं तुम और हमारी शादी का फर्स्ट लुक आज रिलीज हो गया है। मैं तुम और हमारी शादी पारिवारिक और सामाजिक फिल्म है। इस फिल्म के निर्माता- निर्देशक अजय श्रीवास्तव है, जिन्होंने बताया कि यह फिल्म बेहद खास होने वाली है। इसमें एक दिल छू लेने वाली कहानी दर्शकों के सामने



होगी। फिल्म के फर्स्ट लुक को देखकर भी अंदाजा लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि फ्रेश पटकथा पर आधारित इस फिल्म में एंटरटेनमेंट के हर पहलू मौजूद है, जो दर्शकों को पैसा वसूल इंटरटेनमेंट देंगे। फिल्म बेहद भव्य होने वाली है। इसलिए हम सिने प्रेमियों से ही आग्रह करेंगे कि जब भी फिल्म रिलीज हो आप इसे अपने दोस्तों के साथ जाकर सिनेमाघरों में देखें।

## प्रदेश >> अपडेट

### गहलोत ने दुर्गाष्टमी पर की पूजा-अर्चना

**जयपुर** : राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रविवार को दुगार्ष्टमी पर्व पर मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की समृद्धि एवं खुशहाली के लिए कामना की। गहलोत ने मुख्यमंत्री निवास परिसर स्थित राजेश्वरी दुर्गा मंदिर में सपरिवार पूजा अर्चना की। उन्होंने विधिवत मंत्रोच्चार के साथ आहूति दी और आरती करते हुए प्रदेश समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### कांग्रेस ने विधानसभा चुनावों के लिए मीडिया पयर्वेक्षक नियुक्त किए

**नयी दिल्ली** : कांग्रेस ने छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और तेलंगाना में आसन्न विधानसभा चुनावों के लिए मीडिया पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। अखिल भारत कांग्रेस समिति के महासचिव के सी वेणुगोपाल ने यहां बताया कि पार्टी ने इन राज्यों में विधानसभा चुनावों के मद्देनजर मीडिया समन्वय के लिए मीडिया पर्यवेक्षक नियुक्त किये हैं। उन्होंने बताया कि राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी छत्तीसगढ़ के लिए मीडिया पर्यवेक्षक होंगे। वहीं सु सुप्रिया सुनेत्र मध्य प्रदेश और डॉ. अजय कुमार तेलंगाना में यह दायित्व संभालेंगे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### भारत ने फिलिस्तीन के लोगों को मानवीय सहायता भेजी

**नयी दिल्ली**: भारत ने आज भारतीय वायु सेना के एक विमान से फिलिस्तीन के लोगों के लिए 38.5 टन चिकित्सा एवं राहत सामग्री भेजी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने आज यहां बताया कि भारतीय वायु सेना के सी 17 परिवहन विमान से फिलिस्तीन के लोगों के लिए लगभग 6.5 टन चिकित्सा सहायता और 32 टन आपदा राहत सामग्री भेजी गई है। उन्होंने कहा कि यह विमान मिस्र में एल-अरिश हवाई अड्डे पर राहत सामग्री उतारेगा, जहां से यह गाजा पट्टी इलाके में अंतरराष्ट्रीय रेडक्रास के जरिए पहुंचायी जाएगी। उन्होंने कहा कि भेजी गई राहत सामग्री में आवशयक जीवन रक्षक दवाएं, सर्जिकल उपकरण, तंबू, स्लीपिंग बैग, तिरपाल, स्वच्छता सुविधाएं, जल शुद्धिकरण टैबलेट सहित अन्य आवशयक वस्तुएं शामिल हैं।

### गहलोत ने कांग्रेस उम्मीदवारों को दी बधाई

**जयपुर** : राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश में आगामी 25 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की पहली सूची में घोषित पार्टी प्रत्याशियों को हार्दिक बधाई दी हैं। गहलोत ने रविवार को सोशल मीडिया के माध्यम से कहा विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति द्वारा प्रत्याशी के रूप में नामित सभी साथियों को हार्दिक बधाइयां। उन्होंने कहा इस कार्यकाल में किए शानदार जनहितैषी कार्यों को जारी रखने और राजस्थान को देश भर में अव्वल प्रदेश बनाने के हमारे संकल्प के लिए यह अनिवार्य है कि हम लोगों का विश्वास और मत हासिल कर जनसेवा का पदभार लें और राजस्थान की प्रगति की गति को 10 गुना करें। मुख्यमंत्री ने सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस उम्मीदवार को विजयी बनाने की अपील भी की। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव के लिए 33 उम्मीदवारों को पहली सूची शनिवार को जारी की जिसमें गहलोत, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट, विधानसभा अध्यक्ष सी पी जोशी, प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा सहित कई मौजूदा मंत्री एवं विधायकों को फिर से उम्मीदवार बनाया गया हैं।

**बयान**

### हमास के हमले पर अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन का बयान

# इजरायल और सऊदी के संबंध को रोकना मकसद

- इजरायली सेना गाजा पर भीषण हमले कर रही है
- सऊदी-इजरायल संबंधों के सामान्यीकरण में बाधा डालना था
- इजरायली हमले में 5 बच्चों समेत 13 लोगों की मौत



राष्ट्रीय खबर

**वाशिंगटन**: अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन का मानना है कि हमास के हमले का मकसद सऊदी अरब के साथ इजरायल के संबंधों को सामान्य बनाने की प्रक्रिया में बाधा डालना है। उन्होंने कहा, हमास के इस्राइल की ओर बढ़ने का एक कारण समझ में आयी है। उन्हें पता था कि मैं सउदी के साथ बातचीत करने जा रहा हूं। फि लिस्तीनी स्वतंत्रता संगठन हसस ने 7 अक्टूबर को इजराइल पर एक अभूतपूर्व हमला किया। तब से इजरायली सेना गाजा पर भीषण हमले कर रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अगले राष्ट्रपति चुनाव से पहले शुक्रवार को धन उगाही अभियान शुरू किया। उस समय उन्होंने बताया था कि हमास के हमले का एक कारण सऊदी अरब के साथ इजराइल के रिश्ते में बाधा डालना था। बिडेन ने उन्होंने यह भी कहा कि सऊदी अरब-इजराइल संबंध अभी भी बरकरार हैं, यह केवल समय की बात है। इससे पहले अमेरिकी विदेश मंत्री एंथनी ब्लिंकन ने भी यही बात कही थी।

उन्होंने 8 अक्टूबर को बताया कि यह आश्चर्य की बात नहीं होगी अगर हमास के हमले का एक उद्देश्य सऊदी-इजरायल संबंधों के सामान्यीकरण में बाधा डालना था। ब्लिंकन ने पिछले जून में सऊदी अरब का दौरा किया था। उनकी यात्रा की प्राथमिकता सऊदी अरब सहित अन्य अरब देशों के साथ इजरायल के संबंधों को सामान्य बनाने की प्रक्रिया को तेज करना था। इससे पहले, अरब दुनिया के दो देशों, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और बहरीन के साथ इजरायल के संबंध स्थापित हुए थे। 2020। तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने इसकी पैरवी की थी। इस बीच फिलिस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, दो हफ्ते तक गाजा पर इजरायल के अंधाधुंध हमले में 4 हजार 137 लोग मारे गए हैं। 13 हजार से ज्यादा लोग घायल हुए। मरने वालों में बच्चे 1 हजार 524 और महिलाएं 1 हजार से ज्यादा हैं। इनमें 11 पत्रकार भी शामिल हैं। इसके अलावा कल वेस्ट बैंक पर इजरायली हमले में 5 बच्चों समेत 13 लोगों की मौत हो गई।

## साढ़े ग्यारह माह में हमने नीति और नियत साफ की: कमलनाथ

एजेंसियां

**सिवनी**: कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने आज कहा कि हमारी सरकार बनी थी, 15 महीने चली। इसमें ढाई महीने आचार संहिता में निकल गए। साढ़े ग्यारह माह में हमने नीति और नियत साफ की। श्री कमलनाथ ने जिले के गोपालगंज में कांग्रेस प्रत्याशी आनंद पंजवानी के समर्थन में आयोजित सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भविष्य आपके हाथ में है। चुनाव तो आते हैं, पंचायत चुनाव आता है, नगर निकाय चुनाव आते हैं, जिला पंचायत का चुनाव आता है। चुनाव के अलग-अलग मायने होते हैं, 17 नवंबर को जो चुनाव है, यह केवल एक उम्मीदवार का नहीं, एक पार्टी का नहीं है। ये मध्यप्रदेश के भविष्य, सिवनी के भविष्य का चुनाव है। उपस्थितजनों से कहा आप ही भविष्य की रक्षा करेंगे, आप रक्षक हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने नौजवानों से कहा अपने देश को समझिए, भारत जैसा कोई ऐसा देश विश्व में है, जहां इतने धर्म, इतनी जातियां, इतनी भाषाएं, इतने देवी-देवता और इतने त्यौहार होते हैं। भारत की संस्कृति जोड़ने की है, भाईचारा की है। लेकिन आज इस संस्कृति पर भी हमला शुरू हो गया है। बाबा साहेब डॉ बीआर आंबेडकर ने एक अच्छा संविधान दिया। तो वह अच्छा संविधान गलत हाथों में चला जाएगा, तो क्या होगा, तो आप रक्षक है। श्री कमलनाथ ने आमजनों को संबोधित करते हुए कहा कि 17 नवंबर को आप जो बटन दबाएं वह सिवनी के भविष्य का बटन दबाएंगे, मध्यप्रदेश के भविष्य का बटन दबाएंगे। तस्वीर रख लीजिए अपने सामने मध्यप्रदेश, अपने जिले की। कमलनाथ का साथ मत देना, कांग्रेस का साथ मत देना पर सच्चाई का साथ तो दे देना। ये तो आपसे विनती करना चाहता हूं।गयी घोषणाओं को लेकर भी सवाल उठाए।

## दिमनी : तोमर के मैदान में उतरने से हाई प्रोफाइल हुई सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला



एजेंसियां

**मुरैना**: भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता और केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के चुनावी मैदान में उतरने से हाई प्रोफाइल हुई मध्यप्रदेश के मुरैना जिले की दिमनी विधानसभा सीट पर इस बार त्रिकोणीय मुकाबला होने के चलते ये सीट समूचे प्रदेश में इस बार उत्सुकता का केंद्र बन गई है। भाजपा केंद्रीय नेतृत्व ने इस सीट से मध्यप्रदेश चुनाव प्रबंधन की पूरी जिम्मेदारी निभा रहे श्री तोमर का नाम घोषित कर सभी को चौंका दिया है। वर्तमान में इस सीट से कांग्रेस के रवींद्र सिंह तोमर विधायक हैं। कांग्रेस ने इस बार भी यहां से उन्हीं पर दांव खेला है। दूसरी ओर बहुजन समाज पार्टी से विधायक रह चुके और इस बार फिर प्रत्याशी बलवीर सिंह दंडोतिया भी श्री तोमर के लिए बड़ी चुनौती साबित हो सकते हैं। आम आदमी पार्टी ने भी यहां से तोमर समाज से जुड़े सुरेंद्र सिंह तोमर को मैदान में उतारा है। लगभग दो लाख 30 हजार 520 मतदाता वाली इस विधानसभा सीट पर अनुसूचित जाति के करीब 48 हजार, तोमर मतदाता लगभग 60 हजार और ब्राह्मण वर्ग के लगभग 30 हजार वोटर हैं। विधानसभा सीट पर लगभग 90 हजार अन्यजाति के मतदाता जीत के लिये अहम भूमिका निभाते हैं। माना जाता है कि जो प्रत्याशी इन मतदाताओं का समर्थन हासिल करने में सफल होता है, वह अपनी जीत के लिये आश्वस्त महसूस करता है। दिमनी सीट को कांग्रेस का गढ़ माना जाता है। वर्ष 2008 में आखिरी बार भाजपा को यहां से जीत मिली थी। इसके बाद से पार्टी जीत के लिए यहां बाट जोह रही है। ये सीट 2003 तक एससी के लिए सुरक्षित थी। 1998 से लगातार 2003 तक इस सीट पर भाजपा का कब्जा रहा है। 2008 में यह सीट सामान्य हो गई। इसके बाद भी यहां भाजपा को जीत मिली थी। वर्ष 2013 में यह विधानसभा सीट पार्टी के हाथ से निकल गई और बसपा के श्री दंडोतिया ने यहां से जीत हासिल की थी। वर्ष 2018 में इस सीट पर कांग्रेस ने कब्जा कर लिया। कांग्रेस प्रत्याशी गिर्राज दंडोतिया ने यहां से जीत हासिल की। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के करीबी गिर्राज दंडोतिया वर्ष 2020 में सियासी उथलपुथल के बीच भाजपा में आ गए। नवंबर 2020 में उपचुनाव होने पर यहां कांग्रेस के रविंद्र सिंह तोमर को यहां से जीत मिली। इससे ये माना जाने लगा कि दिमनी कांग्रेस का गढ़ बनता जा रहा है। ऐसे में कांग्रेस के इस किले को भेदने के लिए भाजपा ने अभी यहां से सांसद श्री तोमर को मैदान में उतार दिया। मुरैना जिले की छह विधानसभा सीटों में से चार पर कांग्रेस का कब्जा है। दो सीट पर भाजपा है।

## प्रधानमंत्री के नेतृत्व में स्वर्णिम मध्यप्रदेश के निर्माण के लिए करेंगे काम : शिवराज



एजेंसियां

**भोपाल**: मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए प्रदेश की 230 में से 228 सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा के बाद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने अपने टिकटों का वितरण कर दिया है और अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सभी कार्यकर्ता स्वर्णिम मध्यप्रदेश के निर्माण के लिए काम करेंगे। चौहान ने अपने वीडियो संदेश में कहा कि पार्टी ने अपने टिकटों का वितरण कर दिया है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हम स्वर्णिम, समृद्ध और विकसित मध्यप्रदेश के निर्माण के लिए काम करेंगे। प्रदेश को देश के तीन प्रमुख राज्यों की अर्थव्यवस्था में शामिल करने के लिए हम काम कर रहे हैं। इसी उद्देश्य से आने वाले 25-26 दिन सभी कार्यकर्ता दिन-रात काम करने में जुटेंगे और जनता के समर्थन और आशीर्वाद से पार्टी की महाविजय सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि वे स्वयं भी काम में जुट गए हैं। कार्यकर्ता और सम्पूर्ण नेतृत्व भी काम में जुटा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के नेतृत्व व प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के मार्गदर्शन में पूरी टीम काम कर रही है। गृहमंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में भाजपा भारी विजय प्राप्त करेगी। भाजपा ने 228 सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। पार्टी को अब मात्र दो सीटों गुना और विदिशा पर अपने प्रत्याशियों का नाम घोषित करना शेष रह गया है।

### मध्यप्रदेश में कांग्रेस दो हिस्सों में बंट गई : शिवराज

**भोपाल**: मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस पर प्रहार करते हुए आज कहा कि जिस तरह शिवसेना महाराष्ट्र में दो हिस्सों में बंट गई थी, वैसे ही अब कांग्रेस मध्यप्रदेश में दो हिस्सों में बंट गई है। चौहान ने अपने वीडियो संदेश में कहा कि भारतीय जनता पार्टी वादे नहीं करती, हम काम कर रहे हैं और जो काम कर रहे हैं, वो बता रहे हैं। कांग्रेस के लोग रोज झूठे वादे करते हैं, कांग्रेस ने मोहब्बत की दुकान नहीं बल्कि झूठ की दुकान खोल रखी है।

## मारा गया हमास की विशिष्ट इकाई का सदस्य: इजरायल

एजेंसियां



**यरूशलम**: इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने रविवार को कहा कि वह नुखबा विशिष्ट इकाई के एक सदस्य सहित हमास के कई लड़ाकों को मार गिराने में कामयाब रहा। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा, कल, आईडीएफ ने इजरायल और गाजा पट्टी के बीच सुरक्षा बाड़ के पास दो आतंकवादी गुर्गों, एक 'नुक्भा' आतंकवादी संचालक और अतिरिक्त आतंकवादियों को मार गिराया। बयान के मुताबिक इजरायली लड़ाकू विमानों ने शनिवार को गाजा पट्टी में हमास के ठिकानों पर सिलसिलेवार हमले भी किए। गौरतलब है कि सात अक्टूबर को फिलिस्तीनी समूह हमास ने गाजा पट्टी से इजरायल के खिलाफ एक आश्चर्यजनक बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन किया। पड़ोसी इजरायली समुदायों के लोगों को मार डाला और अनेक लोगों का अपहरण कर लिया। इज़रायल ने जवाबी हमले शुरू किए और 20 लाख से अधिक लोगों के घर गाजा पट्टी की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया साथ ही पानी, भोजन और ईंधन की आपूर्ति काट दी। बाद में मानवीय सहायता वाले ट्रकों को गाजा पट्टी में प्रवेश की अनुमति देने के लिए नाकाबंदी में ढील दी गई। संघर्ष के बढ़ने से दोनों पक्षों के हजारों लोग मारे गए और घायल हुए।

**रणनीति**

### जटिल हवाई हमलों से जूझ रही है यूक्रेन की सेना

# रूसी सेना ने हमले की रणनीति बदल दी है

- समुद्र से आने के दौरान दुश्मन के छह कामिकेज ड्रोनों को मार गिराया गया
- मलबा गिरने से जमीन पर नुकसान हुआ



राष्ट्रीय खबर

**कियेब**: रूसी सेनाएँ दक्षिण में ह्यजटिल हवाई युद्ध में संलग्न हैं। यूक्रेन के दक्षिणी ऑपरेशनल कमांड के प्रवक्ता नतालिया हुमेनियुक ने 21 अक्टूबर को ऑन एयर कहा, रूसी सेनाएं यूक्रेन के दक्षिण में लक्ष्यों पर हमला करने के लिए जटिल हवाई रणनीति का उपयोग कर रही हैं। हुमेनियुक ने कहा, उनका मुख्य जोर अब हवा पर केंद्रित है। उन्होंने बताया कि रूसी सेना अग्रिम मोर्चे पर और इससे भी आगे के क्षेत्रों पर हमला करने के लिए जमीन पर आधारित मिसाइलों, विमान भेदी मिसाइलों और निर्देशित हवाई बमों सहित कई हथियारों का उपयोग कर रही है। हुमेनियुक ने कहा कि हालांकि, यूक्रेन की सेना ने क्रूज मिसाइलों और निर्देशित हवाई बमों के एक साथ प्रक्षेपण को नहीं देखा है। हुमेनियुक के अनुसार, उसी समय, रूसी सेनाएं वायु रक्षा प्रणालियों को ओवरलोड करने के लिए हमलावर ड्रोन लॉन्च कर रही हैं। रूसी सेना ने निप्रॉपेट्रोस ओब्लास्ट में क्रिवी रिह को मिसाइलों और ड्रोन से निशाना बनाया, जिससे औद्योगिक बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा। कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन उसी दिन शाम को एक रॉकेट हमले में एक आदमी की मौत हो गई और एक महिला घायल हो गई। दक्षिणी सीमा रेखाओं को कवर करने वाले तावरिया समूह के प्रवक्ता ऑलेक्जेंडर श्टुपुन के अनुसार, डोनेट्स्क ओब्लास्ट में अग्रिम पंक्ति के शहर अवदीवका के आसपास लड़ाई में रूसी सेना द्वारा निर्देशित हवाई बमों का भी उपयोग किया जा रहा है, हालांकि हमलों की तीव्रता कम हो गई है। श्टुपुन ने कहा, इसका मतलब यह नहीं है कि रूस ने अवदीवका को लेने की कोशिश छोड़ दी है, और यूक्रेनी सैनिक अभी भी रक्षा करने के लिए मजबूर हैं। यूक्रेन के दक्षिणी रक्षा बलों के प्रेस केंद्र के प्रमुख नतालिया हुमेनियुक ने यूक्रेनी राष्ट्रीय टेलीविजन पर कहा है कि 17 अक्टूबर को रात भर हुए हमले में मार गिराए गए शहीद ड्रोन के मलबे ने दक्षिणी यूक्रेन में मनोरंजक बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचाया। हुमेनियुक ने कहा कि समुद्र से आने के दौरान दुश्मन के छह कामिकेज ड्रोनों को मार गिराया गया, लेकिन मलबा गिरने से जमीन पर नुकसान हुआ। क्रीमिया प्रायद्वीप से ओडेसा ओब्लास्ट की दिशा में भेजे गए शहीद जहाज समुद्र की ओर आते ही नष्ट हो गए, उसने कहा। हालांकि, युद्ध अभियानों के परिणामस्वरूप, शहीद के टुकड़े एक क्षतिग्रस्त मनोरंजन क्षेत्र से टकराए। संपत्ति भंडारण के लिए एक शेड और कई नावें क्षतिग्रस्त हो गईं।

## न्यूज फटाफट

### इराक में हवाईअड्डे पर रॉकेट से हमला

**बगदाद**: पश्चिमी इराक में ऐन अल-असद हवाई अड्डे पर कल रात रॉकेट से हमला किया गया। सैन्य सूत्रों के हवाले से रविवार को यह खबर दी। रिपोर्ट के मुताबिक, कम से कम एक विस्फोट हवाईअड्डे के अंदर भी सुना गया।

### लंका की नौसेना ने चार अरब की हेराइन जब्त की

**कोलंबो**: लंका की नौसेना ने चार अरब लंकाई रुपये (1.23 करोड़ अमेरिकी डॉलर) से अधिक मूल्य की 200 किलोग्राम हेरोइन के साथ एक बहुद्देशयीय मछली पकड़ने वाली नौका को जब्त किया है। लंकाई नौसेना ने रविवार को एक बयान में कहा कि यह अभियान खुफिया इकाई और पुलिस द्वारा लंका के दक्षिण में डोंड्रा के पास समुद्र में चलाया गया और पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया। नौसेना के अनुसार लंका पुलिस का नारकोटिक्स ब्यूरो इस मामले की जांच करेगा। नौसेना देश में नशीली पदार्थों की आमद को रोकने के लिए द्वीप के आसपास के तटीय और समुद्री क्षेत्रों में नियमित गश्त और तलाशी अभियान चलाती है।

### द. कोरिया में नाव पलटने से चार लोगों की मौतो

**सोल**: दक्षिण कोरिया के दक्षिण-पश्चिमी तट पर रविवार को मछली पकड़ने वाली नाव के पलट जाने से चार लोगों की मौत हो गई और चालक दल के बाकी 14 सदस्य घायल हो गए। योनहाप समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी। एजेंसी ने तट रक्षक अधिकारियों के हवाले से बताया कि 18 लोगों को ले जा रहा 7.93 टन का जहाज स्थानीय समयानुसार सुबह 5:57 बजे (शनिवार 2057 जीएमटी) सियोल से लगभग 200 किमी दक्षिण में पश्चिमी तट के शहर बुआन के पास एक टगबोट से टकराने के बाद पलट गया। टक्कर के कारण का सही पता लगाने के लिए जांच चल रही है।

### पाकिस्तान से 12 हजार अफगानी शरणार्थी वतन लौटे

**काबुल**: अफगानिस्तान के दक्षिण कंधार प्रांत में पिछले महीनों में 12 हजार से अधिक अफगान शरणार्थी पाकिस्तान से वापस लौट आए हैं। शरणार्थी और प्रत्यावर्तन निदेशालय के उप प्रमुख मोमिन आगा ने यह जानकारी दी। अधिकारी के अनुसार औसतन 820 परिवार, या 4,000 से अधिक लोग, हर हफ्ते कंधार को पाकिस्तान के बलूचिस्तान से जोड़ने वाली स्पिन बोल्डक सीमा पार के माध्यम से पाकिस्तान से घर लौट रहे हैं और लौटने वालों की संख्या बढ़ रही है। पच्चीस लाख से अधिक अफगान शरणार्थी पाकिस्तान में रह रहे हैं और इतनी ही संख्या ईरान में रह रही है, जो पिछले चार दशकों में अपनी मातृभूमि अफगानिस्तान में विदेशी आक्रमणों तथा संघर्षों से बच गए हैं। कथित तौर पर, पिछले वर्ष में दो लाख से अधिक अफगान शरणार्थी पड़ोसी देश पाकिस्तान और ईरान से अपने वतन लौट आए हैं।

### सीसीजी ने फिलीपींस पर दक्षिण चीन सागर में अतिक्रमण का लगाया आरोप

**बीजिंग**: दक्षिण चीन सागर में विवादित नान्शा द्वीप समूह, (स्प्रैटली द्वीप) के जल क्षेत्र में फिलीपीन के चार जहाज रविवार को 'चीनी अधिकारियों की अनुमति के बिना' घुस गए, जिसके कारण एक चीनी जहाज से उनकी टक्कर हो गई। चीन तट रक्षक (सीसीजी) ने यह जानकारी दी। सीसीजी ने एक बयान में कहा, 22 अक्टूबर को, फिलीपींस ने चीन द्वारा बार-बार दी गई चेतावनियों को नजरअंदाज करते हुए, चीनी नानशा द्वीप समूह के रेनाई रीफ के पास पानी में अनधिकृत आक्रमण के लिए दो परिवहन जहाज और दो तट रक्षक जहाज भेजे। बयान के मुताबिक, फिलीपीनी जहाज 'असुरक्षित रूप से' एक चीनी जहाज के पास पहुंचे, जिसके परिणामस्वरूप हल्की टक्कर हुई। सीसीजी ने कहा, घटना की जिम्मेदारी पूरी तरह से फिलीपींस की है। सीसीजी ने कहा कि वह 'कानून के अनुसार चीन के अधिकार क्षेत्र के तहत' जल क्षेत्र में कानून प्रवर्तन गतिविधियों को जारी रखेगा।

### इजरायल ने जेनिन में अल अंसार मस्जिद पर किया हमला

**यरुशलम**: इजरायली डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने रविवार को कहा कि उसने वेस्ट बैंक के जेनिन में अल-अंसार मस्जिद के एक भूमिगत परिसर पर हवाई हमला किया। आईडीएफ कहा कि इस साइट का इस्तेमाल हमास और इस्लामिक जिहाद आंदोलनों के सदस्यों द्वारा किया जाता था। आईडीएफ ने कहा, आईडीएफ और आईएसए (इज़रायल सिक्योरिटीज अथॉरिटी) ने इस हमले को अंजाम दिया। आईडीएफ ने जेनिन में अल-अंसार मस्जिद में एक भूमिगत आतंकी परिसर पर हवाई हमला किया। मस्जिद में हमास और इस्लामिक जिहाद के गुर्गों के रहते थे और इसका इस्तेमाल आतंकवादी हमलों के लिए करते थे। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा, मस्जिद का उपयोग आतंकवादियों द्वारा हमलों की योजना बनाने और उसको अंजाम देने के लिए एक कमांड सेंटर के रूप में किया जाता था।

### आज का इतिहास

- 1707 : ग्रेट ब्रिटेन साम्राज्य की संसद की पहली बार लंदन में बैठक हुई।
- 1760 : उत्तर अमेरिका में यहूदी प्रार्थना की पहली किताब मुद्रित हुई।
- 1764 : मीर कासिम बक्सर की लड़ाई में पराजित हुआ।
- 1814 : विश्व की पहली प्लास्टिक सर्जरी इंग्लैंड में की गयी।
- 1850 : महिलाओं के अधिकारों को लेकर अमेरिका में पहली बार राष्ट्रीय महिला अधिकार सम्मेलन शुरू हुआ।
- 1910 : बीएस स्कॉट अमेरिका में अकेले हवाई जहाज उड़ाने बनाने वाली पहली महिला बनीं।
- 1934 : महात्मा गांधी ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेता पद से इस्तीफा दिया।
- 1940 : फुटबाल के जादूगर कहे जाने वाले पेले का जन्म। कहने को तो पेले का नाम दुनिया का बच्चा-बच्चा जानता है, लेकिन यह बहुत कम लोगों को मालूम है कि उनका पूरा नाम एडसन अरांतस डो नासिमेंतो है। ब्राजील का यह बेहतरीन खिलाड़ी अपने देश के लिए तीन बार विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा रहा।
- 1941 : जर्मन सरकार ने यहूदियों के उत्प्रवास पर प्रतिबंध लगाया।
- 1943 : नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने सिंगापुर में आजाद हिंद फौज में झांसी की रानी ब्रिगेड की स्थापना की।
- 1946 : संयुक्त राष्ट्र महासभा की न्यूयार्क में पहली बार बैठक हुई।
- 1954 : पश्चिम जर्मनी नाटो सम्मेलन में शामिल हुआ।
- 1956 : सोवियत शासन के अंत की मांग करते हुए, हजारों लोग बुडापेस्ट, हंगरी में सड़कों पर उतरे।
- 1956 : विश्व शांति के लिए परमाणु ऊर्जा का योगदान बढ़ाने के उद्देशय से अन्तरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की स्थापना के प्रस्ताव को मंजूरी।
- 1983 : आत्मघाती हमलावरों ने बेरूत में अमेरिका और फ्रांस की सेना की बैरकों पर विस्फोट से भरा ट्रक चढ़ा दिया, जिससे अमेरिका के 241 और फ्रांस के 56 सैन्यकर्मियों की मौत हो गई।
- 1989 : हंगरी, सोवियत संघ से 33 वर्षों के बाद आजाद होकर गणराज्य बना।
- 1998 : जापान ने द्वितीय विश्व युद्ध के बाद अपने पहले बैंक का राष्ट्रीयकरण किया।
- 2001 : नासा के मार्स ओडिसी अंतरिक्ष यान ने मंगल ग्रह की परिक्रमा शुरू की।
- 2001 : एप्पल ने आईपॉड बाजार में पेश किया। नयी शताब्दी के शुरुआती वर्षों में इस उत्पाद ने संगीत के क्षेत्र में क्रांति लाने का काम किया।
- 2002 : चेचन अलगाववादियों ने मॉस्को में लगभग 700 संरक्षक और कलाकारों को बंधक बनाया।
- 2004 : जापान में आए भूकंप ने 85 हजार लोगों को बेघर कर दिया।

